


उत्तरप्रदेश,मध्यप्रदेश,छत्तीसगढ़,नई दिल्ली व राजस्थान से एक साथ प्रकाशित

# सांध्य पहल

उत्तरप्रदेश में सर्वाधिक पढ़ा जाने वाला हिन्दी दैनिक

आज का तापमान
अधिकतम 33 डिग्री
न्यूनतम 16 डिग्री

## संक्षिप्त समाचार

### राज्य गीत 'जय-जय-जय-हरियाणा' पर लगी विस की स्वीकृति की मुहर

**चंडीगढ़ ,एजेंसी।** हरियाणा विधानसभा ने शुक्रवार को राज्य गीत को सर्वसम्मति से ध्वनिमत से स्वीकृत कर लिया। गीत 'जय-जय-जय-हरियाणा' सदन में सुनाया भी गया। इससे पूर्व हरियाणा राज्य गीत चयन समिति के अध्यक्ष लक्ष्मण सिंह यादव ने सदन में समिति की रिपोर्ट प्रस्तुत की, जिसे सदन ने सर्वसम्मति जताते हुए ध्वनिमत से स्वीकृत कर लिया। समिति में विधायक लक्ष्मण सिंह यादव (अध्यक्ष) के अलावा विधायक गीता भुक्कल, विनोद भ्याना, बलवान सिंह दौलतपुरिया, आदित्य देवीलाल सदस्य हैं। 14वीं विधान सभा के दौरान विधायक जोगी राम सिहाग, नीरज शर्मा, बिशम्बर सिंह भी सदस्य रहे। विधान सभा के प्रभारी सचिव डॉ. सतीश कुमार और मीडिया एवं संचार अधिकारी दिनेश कुमार इस समिति के अधिकारी हैं। समिति ने जिस गीत की अनुशंसा की है उसे डॉ. बाल किशन शर्मा ने लिखा है। डॉ. श्याम शर्मा ने गाया है, पारस चोपड़ा ने संगीतबद्ध किया तथा सुश्री मालविका पंडित ने इसका निर्देशन किया है। विषय विशेषज्ञ के तौर पर लोक कलाकर पदमश्री महावीर सिंह गुड्डू समिति की बैठकों में शामिल रहे।

### सडकों के बीच में आने वाले खंभों को हटाया जायेगा : विज

**चंडीगढ ,एजेंसी।** हरियाणा के ऊर्जा मंत्री अनिल विज ने शुक्रवार को विधानसभा (विस) में चल रहे बजट सत्र के दौरान कहा कि वह सडकों के बीच में आने वाले खंभों को हटाने के पक्ष में हैं और सदन को आश्वासन देता हूं कि हम इन खंभों को हटाएंगें। विज बजट सत्र के दौरान एक प्रश्न का उत्तर दे रहे थे। उन्होंने बताया कि इस संबंध में विभाग के संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए हुए है कि पूरे हरियाणा का एक सर्वे करवाया जाए कि कितने खंभे अब सडकों के बीच में आ रहे हैं। उन्होंने बताया कि बजट अनुसार इन सभी खंभों को हटाया जाएगा। उन्होंने बताया कि मौजूदा प्रावधान के तहत खंबे और तारें शिफ्ट करने का खर्चा पंचायत, नगर पालिका या नगर परिषदों या नगर निगम को ही देना होता है। इसके अलावा, मैंने हिदायत दी हुई है कि पंचायत समिति या नगर पालिका या नगर परिषद या नगर निगम के खाते में यह हर छह महीने में जमा कर दिए जाएं और उस पैसे से यह खंबे शिफ्ट करवाए जा सकते हैं।

### सरकार का बड़ा फैसला, नशा तस्करों को अब मिलेगा मृत्युदंड

**शिमला ,एजेंसी।** नशे के खात्मे के लिए एक तरफ जहां पंजाब सरकार सख्त कदम उठा रही है तो वहीं दूसरी तरफ हिमाचल सरकार ने भी प्रदेश में नशा रोकने के लिए बड़ा फैसला लिया है। सरकार ने नशा तस्करों को मृत्युदंड देने पर मुहर लगा दी है। हिमाचल प्रदेश विधानसभा ने नशे की लत में फंसे लोगों के पुनर्वास के लिए दो विधेयक पारित कर दिए। इस संबंध में हिमाचल प्रदेश संगठित अपराध निवारण एवं नियंत्रण विधेयक 2025 ध्वनिमत से पारित कर दिया गया। इसमें नशे के सौदागरों को न केवल आजीवन कारावास, बल्कि मृत्युदंड का भी प्रविधान किया गया है। मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने विधानसभा में इसे सदन में पेश किया था।जिसके बाद अब इस पर चर्चा की गई और पारित कर दिया गया। इसमें 10 लाख रुपये तक के जुर्माने का भी प्रविधान किया गया है।

# प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने म्यांमार के वरिष्ठ जनरल से की बात, कहा: मुश्किल वक्त में भारत साथ खड़ा है



**नई दिल्ली ,एजेंसी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को म्यांमार के वरिष्ठ जनरल महामहिम मिन आंग ह्लाइंग से बात की। उन्होंने कहा कि भारत इस मुश्किल घड़ी में म्यांमार के लोगों के साथ एकजुटता से खड़ा है।

एक्स पर एक पोस्ट में मोदी ने कहा, म्यांमार के वरिष्ठ जनरल महामहिम मिन आंग ह्लाइंग से बात की। विनाशकारी भूकंप में हुई मौतों पर अपनी गहरी संवेदना व्यक्त की। एक करीबी दोस्त और पड़ोसी के रूप में, भारत इस मुश्किल घड़ी में म्यांमार के लोगों के साथ एकजुटता से खड़ा है। ऑपरेशन ब्रह्मा के तहत आपदा राहत सामग्री, मानवीय सहायता, खोज और बचाव दल को प्रभावित क्षेत्रों में तेजी से भेजा जा रहा है।

म्यांमार और पड़ोसी थाईलैंड में शुक्रवार को उच्च तीव्रता वाला भूकंप आया, जिससे इमारतें, पुल और अन्य बुनियादी ढांचे नष्ट हो गए। म्यांमार में कम से कम 1,002 लोगों की मौत हुई।

भारत ने शनिवार को म्यांमार को 15 टन से अधिक राहत सामग्री भेजी। विदेश मंत्रालय के आधिकारिक प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने एक पोस्ट में कहा कि 'ऑपरेशन ब्रह्मा' के हिस्से के रूप में, भारत ने शुक्रवार के भीषण भूकंप से प्रभावित म्यांमार के लोगों की सहायता के लिए पहले प्रतिक्रियाकर्ता के रूप में काम किया। टेंट, कंबल, स्लीपिंग बैग, भोजन के पैकेट, स्वच्छता किट, जनरेटर और जरूरी दवाओं सहित 15 टन राहत सामग्री की हमारी पहली खेप यांगून पहुंच गई है।

इससे पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को विनाशकारी भूकंप पर चिंता व्यक्त की। उन्होंने एक्स पर लिखा, म्यांमार और थाईलैंड में भूकंप के बाद की स्थिति से चिंतित हूं। सभी की सुरक्षा और खुशहाली के लिए प्रार्थना करता हूं। भारत हर संभव सहायता देने के लिए तैयार है। इस संबंध में, हमने अपने अधिकारियों से तैयार रहने को कहा है। साथ ही विदेश मंत्रालय से म्यांमार और थाईलैंड की सरकारों के साथ संपर्क में रहने को कहा है।

म्यांमार में शुक्रवार दोपहर को 7.7 तीव्रता का शक्तिशाली भूकंप आया, सागाइंग के पास आए इस भूकंप के बाद 2.8 से 7.5 तीव्रता के 12 झटके महसूस किए गए, जिससे प्रभावित इलाकों में हालात और खराब हो गए। म्यांमार के राज्य प्रशासन परिषद की सूचना टीम ने जानकारी दी है कि भूकंप में 1,002 लोग मारे गए, 2,376 लोग घायल हुए और 30 लोग अब भी लापता हैं। म्यांमार के नेता वरिष्ठ जनरल मिन आंग ह्लाइंग ने स्थानीय और अंतरराष्ट्रीय समुदायों से मानवीय सहायता की अपील की है।

## जयपुर में तेजाजी मंदिर में मूर्ति तोड़ने पर हंगामा:

# आरोपी कैफे संचालक गिरफ्तार, बोला: तनाव में था, मंगेतर से कहा था, गलती हो गई




**जयपुर,एजेंसी।** जयपुर में सांगानेर इलाके में वीर तेजाजी मंदिर में मूर्ति क्षतिग्रस्त करने के मामले में पुलिस ने एक युवक को गिरफ्तार कर लिया है।

युवक कैफे मालिक है और नशे में मूर्ति को तोड़ा था। पूछताछ में तनाव के चलते घटना को अंजाम देने की बात सामने आई। डीसीपी ईस्ट तेजस्विनी गौतम ने बताया कि बीकानेर निवासी सिद्धार्थ सिंह को गिरफ्तार किया है। युवक अभी राजापार्क में रहता था। घटना की गंभीरता को देखते हुए 10 से अधिक टीमों का गठन किया गया था। 100 सीसीटीवी फुटेज खंगाल कर संदिग्ध की पहचान की थी। वीर तेजाजी मंदिर प्रताप नगर के सेक्टर-3 में है। स्थानीय लोगों ने बताया कि यहां डेली बड़ी संख्या में सर्व समाज के लोग दर्शन करने के लिए आते हैं। वीर तेजाजी मंदिर प्रताप नगर के सेक्टर-3 में है। स्थानीय लोगों ने बताया कि यहां डेली बड़ी संख्या में सर्व समाज के लोग दर्शन करने के लिए आते हैं।

## सीएम का सख्त फैसला:

# धार्मिक स्थलों के 500 मीटर के दायरे में मांस बिक्री प्रतिबंधित



**लखनऊ,ब्यूरो।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश सरकार ने अवैध बूचड़खानों को बंद करने और धार्मिक स्थलों के 500 मीटर के दायरे में मांस की बिक्री पर प्रतिबंध लगाने का सख्त आदेश जारी किया है। नगर विकास विभाग के प्रमुख सचिव अमृत अभिजात ने सभी जिलाधिकारियों, पुलिस आयुक्तों और नगर आयुक्तों को बूचड़खानों को तत्काल बंद करने और धार्मिक स्थलों के पास मांस बिक्री पर प्रतिबंध लागू करने के निर्देश दिए हैं।

**पुराने आदेशों की पुनर्बहाली**


2014 और 2017 में जारी आदेशों का हवाला देते हुए योगी सरकार ने स्पष्ट किया है कि अवैध पशु वध और धार्मिक स्थलों के पास मांस बिक्री पूरी तरह प्रतिबंधित होगी। इस फैसले को प्रभावी बनाने के लिए जिलाधिकारियों की अध्यक्षता में जिला स्तरीय समितियों का गठन किया गया है। इनमें पुलिस, प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, पशुपालन विभाग, परिवहन विभाग, श्रम विभाग, स्वास्थ्य विभाग और खाद्य सुरक्षा प्रशासन के अधिकारी शामिल होंगे।

**राम नवमी पर विशेष निगरानी**

6 अप्रैल 2025 को राम नवमी के दिन विशेष प्रतिबंध लागू होगा, इस दिन पशु वध और मांस की बिक्री पूरी तरह बंद रहेगी। यूपी नगर निगम अधिनियम 1959 और खाद्य सुरक्षा अधिनियम 2006 एवं 2011 के प्रावधानों के तहत, योगी सरकार ने अधिकारियों को उल्लंघन करने वालों पर कड़ी दंडात्मक कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं।

# पीएम मोदी के नेतृत्व में हम नक्सलवाद को खत्म करने प्रतिबद्ध : अमित शाह

## -सुकमा एनकाउंटर पर गृहमंत्री ने किया ट्वीट



**रायपुर, एजेंसी।** सुकमा एनकाउंटर पर अमित शाह का बयान सामने आया है, उन्होंने कहा, नक्सलवाद पर एक और स्ट्राइक, हमारी सुरक्षा एजेंसियों ने सुकमा में एक अभियान में 16 नक्सलियों को ढेर कर दिया है और स्वचालित हथियारों का एक बड़ा जखीरा बरामद किया है। प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में हम 31 मार्च 2026 से पहले नक्सलवाद को खत्म करने के लिए संकल्पित हैं। हथियार रखने वालों से मेरी अपील है कि हथियार और हिंसा से बदलाव नहीं आ सकता; केवल शांति और विकास ही बदलाव ला सकता है। नक्सल प्रभावित सुकमा जिले में सुरक्षाबलों ने मुठभेड़ में 16 माओवादियों को मार गिराया है। इस घटना में दो जवान घायल हुए हैं। पुलिस अधिकारियों ने शनिवार को यह जानकारी दी। मिली जानकारी के अनुसार केरलापाल थाना क्षेत्र में माओवादियों की उपस्थिति की सूचना पर शुक्रवार को सुकमा जिला रिजर्व गार्ड (डीआरजी) और केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) के संयुक्त दल को नक्सल विरोधी अभियान में रवाना किया गया था। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि अभियान के दौरान सुरक्षाबलों और माओवादियों के बीच रूक-रूक कर मुठभेड़ हुई। सुरक्षाबलों ने घटनास्थल से अभी तक 16 माओवादियों का शव बरामद किया है। इस घटना में दो जवान घायल हुए हैं। उन्होंने बताया कि मुठभेड़ स्थल और आस-पास के क्षेत्रों में सुरक्षाबलों द्वारा खोजी अभियान जारी है। इंसास, स्क्र जैसे ऑटोमैटिक वेपंस भी बरामद किए हैं, इससे यह स्पष्ट है कि मारे गए नक्सलियों में बड़े कैडर्स के भी हैं।

# प्रयागराज में एयरफोर्स अफसर की खिड़की से गोली मारकर हत्या

## सीने में बुलेट लगी, सिर पर गहरी चोट; पत्नी-बेटा, नौकरानी घर में थे


एसएन मिश्रा, मृतक

**प्रयागराज,एजेंसी।** प्रयागराज में एयरफोर्स के चीफ इंजीनियर (वर्क) एसएन मिश्रा (50) की गोली मारकर हत्या कर दी गई। वह घर में सोए हुए थे। शनिवार तड़के 3 बजे हमलावरों ने खिड़की खट-खटाकर अफसर को जगाया। जैसे ही उन्होंने खिड़की खोली, हमलावरों ने सीने में गोली मार दी। आवाज सुनकर दूसरे कमरे से घर वाले भागकर पहुंचे। तब तक हमलावर भाग चुके थे। तुरंत उन्हें मिलिट्री हॉस्पिटल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। वारदात की सूचना पर एयरफोर्स और पुलिस के सीनियर अफसर मौके पर पहुंचे। फोरेंसिक टीम ने कमरे की जांच की। आसपास के CCTV फुटेज खंगाले जा रहे हैं। पूरी वारदात हाई सिक्योरिटी वाले बमरौली इलाके में सेंट्रल एयर कमांड कैंपस के अंदर बनी कॉलोनी में हुई। कैंपस में नॉर्थ जोन में चीफ इंजीनियर का आवास है। फिलहाल, आसपास का एरिया सील कर दिया गया है। दोपहर बाद दो डॉक्टरों के पैनल ने चीफ इंजीनियर का पोस्टमॉर्टम किया। उनके सीने के बाएं तरफ गोली धंसी मिली, जो दिल के ठीक नीचे थी। सिर पिछले हिस्से में भी गहरी चोट मिली है। परिवार एसएन मिश्रा का शव लेकर बक्सर (बिहार) रवाना हुआ है।

## बिहार विद्यालय परीक्षा समिति ने मैट्रिक परीक्षा परिणाम किए घोषित, 82 प्रतिशत परीक्षार्थी सफल

**पटना ,एजेंसी।** बिहार विद्यालय परीक्षा समिति (बीएसईबी) की 10वीं (मैट्रिक) के परीक्षा परिणाम शनिवार को घोषित कर दिए गए। इस वर्ष करीब 82 प्रतिशत परीक्षार्थी सफल घोषित किए गए हैं। इस साल तीन परीक्षार्थी संयुक्त रूप से प्रदेश टॉपर रहे। बिहार के शिक्षा मंत्री सुनील कुमार ने परीक्षा परिणाम जारी किया। इस मौके पर शिक्षा विभाग के अपर मुख्य सचिव एस. सिद्धार्थ और बीएसईबी के अध्यक्ष आनंद किशोर भी उपस्थित रहे। इस वर्ष 82.11 प्रतिशत यानी 12.79 लाख से ज्यादा परीक्षार्थी सफल हुए हैं। इस साल टॉपर में तीन परीक्षार्थियों ने अपनी जगह बनाई है। उत्तीर्ण होने वाले परीक्षार्थियों में करीब 4,70,845 परीक्षार्थी प्रथम श्रेणी से पास हुए, जबकि 4,84,012 परीक्षार्थी द्वितीय और 3,07,792 परीक्षार्थी तृतीय श्रेणी से उत्तीर्ण घोषित किए गए। बीएसईबी के अध्यक्ष आनंद किशोर ने बताया कि इस साल पूरे राज्य में टॉप टेन में 123 परीक्षार्थियों के नाम हैं, जिनमें 60 छात्राएं और 63 छात्र शामिल हैं। उन्होंने बताया कि इस साल प्रदेश में तीन परीक्षार्थी संयुक्त रूप से प्रदेश टॉपर रहे। इनमें समस्तीपुर हाई स्कूल की साक्षी कुमारी, भारतीय इंटर कॉलेज, गहिरी की अंशु कुमारी और हाई स्कूल अगियांव, भोजपुर के रंजन कुमार ने संयुक्त रूप से 489 यानी 97.8 प्रतिशत अंक लाकर संयुक्त रूप से प्रदेश टॉपर बने। परीक्षा परिणाम जारी करते हुए आनंद किशोर ने कहा कि देश में बिहार पहला राज्य है, जो इस इंटरमीडिएट (12वीं) और 10वीं का परीक्षा परिणाम घोषित कर दिया है।

## पश्चिम बंगाल के मालदा में हिंसा:

# इंटरनेट बंद, 34 गिरफ्तार

### उपद्रवियों ने दुकानें-गाड़ियां तोड़ीं, सामान लूटा; कलकत्ता हाईकोर्ट ने मांगी रिपोर्ट



**मालदा,एजेंसी।** पश्चिम बंगाल के मालदा जिले के मोथाबाड़ी में 27 मार्च को दो गुटों के बीच हुई हिंसा मामले में 34 उपद्रवियों को गिरफ्तार किया गया है। घटना के बाद से इलाके में इंटरनेट बंद है। आर्म्ड और रैपिड एक्शन फोर्स की तीन कंपनियां तैनात की गई हैं। हिंसा को लेकर कलकत्ता हाईकोर्ट ने शुक्रवार को छरू और स्क्र से 3 अप्रैल तक एक्शन रिपोर्ट मांगी है। कोर्ट ने कहा कि राज्य को सावधानी से काम करना चाहिए। साथ ही हिंसा से प्रभावित लोगों की सुरक्षा के लिए उचित कदम उठाने चाहिए। रिपोर्ट्स के मुताबिक 26 मार्च को मोथाबाड़ी मस्जिद में नमाज हो रही थी। इस दौरान वहां से एक जुलूस गुजर रहा था, तभी कुछ लोगों ने धार्मिक नारे लगाए। 27 मार्च को दूसरे समुदाय ने इसका विरोध किया। इस दौरान भीड़ ने दुकानों, घरों और गाड़ियों में तोड़फोड़ और लूट की।

**पुलिस ने लाठीचार्ज किया, आंसू गैस के गोले छोड़े**

स्थानीय लोगों के मुताबिक 27 मार्च को विरोध प्रदर्शन के दौरान लोगों के हाथ में धार्मिक झंडे थे। नारेबाजी कर रहे लोग अचानक हिंसक हो गए और दुकानों, घरों में तोड़-फोड़ की, सामान लूटा और सड़कों पर खड़ी गाड़ियों में आग लगा दी। पुलिस ने भीड़ को नियंत्रित करने के लिए लाठीचार्ज किया और आंसू गैस के गोले दागे। मालदा पुलिस ने लोगों से अपील की कि वे शांति बनाए रखें।

# नव संवत्सर सभी के जीवन में सुख- समृद्धि और आनंद का भाव लाए : मुख्यमंत्री डॉ. यादव

### मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने वृहद मराठी समाज के साथ मनाई गुड़ी पड़वा



**भोपाल,ब्यूरो ।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि भारतीय संस्कृति के अंतर्गत पर्व और त्योहारों का निर्धारण मंगल तिथियां के आधार पर होता है। खगोलीय गतिविधियों की दृष्टि से गुड़ी पड़वा अर्थात प्रतिपदा, वर्ष की पहली मंगल तिथि है। इसी आधार पर होली, दीपावली जैसे त्योहारों की तिथियों का निर्धारण होता है। इस मंगल तिथि का अभिवादन कहीं चेटीचंड, कहीं वर्ष प्रतिपदा और कहीं गुड़ी पड़वा सहित अन्य अनेक नाम से किया जाता है। यह प्राचीन सनातन संस्कृति की अनुपम परंपरा है, इसी तिथि पर चंहुओर खुशियों, समृद्धि और हर्षोल्लास का वातावरण होता है। गुड़ी पड़वा पर घर-घर स्थापित होने वाला कलश हमारी पवित्र आत्मा को अभिव्यक्त करता है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि समृद्धि और विकास का नव संवत्सर सभी के जीवन में सुख- समृद्धि और आनंद का भाव लाए, ईश्वर से यही कामना है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव, प्रदेश के वृहद मराठी समाज द्वारा गुड़ी पड़वा के संदर्भ में मुख्यमंत्री निवास के सभागार में आयोजित कार्यक्रम को संबांधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव का समाज बंधुओं ने मंत्रोच्चार के बीच तिलक कर स्वागत किया और अंगवस्त्र एवं श्रीफल भेंट कर उनका अभिवादन किया गया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव को मराठी साहित्य अकादमी, श्री संत सेवा संघ पुणे, पिपलानी गणेश मंडल भोपाल और कोलार महाराष्ट्र मंडल भोपाल की ओर से परम्परागत गुड़ी भेंट की गई। मुख्यमंत्री डॉ.यादव ने मध्यप्रदेश मराठी साहित्य संघ, भोपाल द्वारा प्रकाशित पत्रिका भोजपत्र का विमोचन भी किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत में संस्कृत उत्कर्ष का महायज्ञ चल रहा है। यह सनातन, साहित्यिक, सांस्कृतिक पहलुओं के साथ ही सभी पर्व और त्योहारों के उत्कर्ष का अवसर है। वसुदेव कुटुंबकम का भाव सबको साथ लेकर चलने और सब के प्रति सद्भाव रखने का प्रतीक है। भारतीय संस्कृति के सभी त्योहारों को समाज और सरकार मिलकर पूर्ण आनंद और उल्लास के साथ मनाएं इस दिशा में सरकार निरंतर कार्य कर रही है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि विक्रम उत्सव के माध्यम से सम्राट विक्रमादित्य के जीवन के विभिन्न पहलुओं को जन सामान्य के सामने लाने का प्रयास किया जा रहा है। सम्राट विक्रमादित्य और शिवाजी महाराज जैसे महापुरुषों के प्रसंग से जीवन प्रबंधन और आत्म गौरव के अनेक सूत्र प्राप्त होते हैं ।

स्वत्वाधिकारी,मुद्रक,प्रकाशक, रामविलास शर्मा द्वारा पहल प्रिंटर्स प्लाट नं. 27 बांके सैंथिया टाउन मौजा ककुआ आगरा, उत्तरप्रदेश से मुद्रित व 192,मानस नगर शाहगंज बोदला रोड आगरा (उत्तरप्रदेश) से प्रकाशित। संपादक- रामविलास शर्मा मोबा.-9329077393
स्थानीय संपादक- संतोष शर्मा मो.97202 02708, email-sandhyapahal@yahoo.com आर.एन.आई.पंजीयन क्रमांक UPHIN/2008/25338 सभी विवादों का न्यायिक क्षेत्र मुरैना ही रहेगा।

# डीएम ने 136 क्षय रोग मुक्त ग्राम पंचायतों को किया सम्मानित

## टीबी मुक्त गांव, स्वस्थ समाज-मिलकर करें इस संकल्प को साकार



**अलीगढ़।** जिले की 136 ग्राम पंचायतों ने क्षय रोग उन्मूलन की दिशा में ऐतिहासिक सफलता प्राप्त की है। जिलाधिकारी संजीव रंजन ने शनिवार को कलैक्ट्रेट सभागार में इन सभी ग्राम पंचायतों को ''क्षय रोग मुक्त ग्राम पंचायत'' घोषित कर उनके प्रधानों को महात्मा गांधी की प्रतिमा और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित करते हुए कहा कि यह क्षण पूरे जिले के लिए गर्व का विषय है। इस अवसर पर लगातार दूसरे वर्ष भी क्षय रोग मुक्त रहने वाली 05 ग्राम पंचायतों- लोधा की चिकोरा, अमरपुर नेहरा, जवां की लुहारा, इगलास की पिसावा एवं गोंडा की कुवागांव को सिल्वर कैटेगरी में एवं अन्य 131 ग्राम पंचायतों को ब्रॉन्ज कैटेगरी में सम्मानित किया गया। जिलाधिकारी संजीव रंजन ने बताया कि 2023 में मा0 प्रधानमंत्री जी ने वाराणसी से ग्राम पंचायतों को क्षय रोग मुक्त करने का आह्वान किया और अलीगढ़ इस लक्ष्य को सफलतापूर्वक पूरा करने की दिशा में अग्रसर है। उन्होंने कहा कि ग्राम प्रधानों की सक्रिय भागीदारी से क्षय रोग उन्मूलन संभव हुआ है। यह केवल स्वास्थ्य विभाग की जिम्मेदारी नहीं, बल्कि पूरे समाज का कर्तव्य है, हम सभी को मिलकर इसे स्थायी रूप से कायम रखना होगा। जिला प्रशासनिक अधिकारी रोहित सक्सेना ने कहा कि जब समुदाय स्वास्थ्य जागरूकता में सक्रिय भागीदारी निभाता है, तो बीमारियों को जड़ से मिटाया जा सकता है। हमें इस सफलता को एक आदत बनाना होगा, ताकि कोई भी व्यक्ति क्षय रोग से प्रभावित न हो। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. नीरज त्यागी ने कहा कि समुदाय की जागरूकता से ही टीबी को पूरी तरह मिटाया जा सकता है। अब हमारा लक्ष्य इसे पूरी तरह समाप्त करना है, ताकि आने वाली पीढ़ी इस बीमारी से मुक्त रह सके। उन्होंने टीबी उन्मूलन के लिए प्रमुख मंत्र देते हुए बताया कि जागरूक बनें अगर दो सप्ताह से अधिक खांसी, बुखार या वजन घटना हो, तो तुरंत जांच कराएं। टीबी मरीजों को मानसिक और सामाजिक समर्थन दें, उनसे भेदभाव न करें। उन्होंने सचेत किया कि दवा का पूरा कोर्स लेना ज़रूरी है, अधूरा इलाज बीमारी को और घातक बना सकता है। जिला क्षय रोग अधिकारी डॉ0 राहुल शर्मा ने बताया कि टीबी मरीजों के लिए सरकार की निक्षय पोषण योजना के तहत इलाज के दौरान 1000 रूपये प्रति माह की आर्थिक सहायता सीधे उनके बैंक खाते में भेजी जाती है। इसके अलावा यदि कोई व्यक्ति संभावित टीबी मरीज की जानकारी देता है और उसकी पुष्टि होती है, तो उसे 500 की प्रोत्साहन राशि भी दी जाती है। हमारा उद्देश्य हर मरीज को इस योजना का लाभ दिलाना और क्षय रोग को जड़ से खत्म करना है। उप जिला क्षय रोग अधिकारी इमरान सिद्दीकी ने कहा कि क्षय रोग उन्मूलन केवल चिकित्सा उपचार का विषय नहीं है, बल्कि यह सामाजिक जागरूकता और सामुदायिक भागीदारी से ही संभव हो सकता है। हमें इस दिशा में और अधिक प्रयास करने होंगे। जिला पंचायत राज अधिकारी मोहम्मद राशिद ने कहा कि ग्राम पंचायतों का यह योगदान सराहनीय है।

हमें उम्मीद है कि अन्य गांव भी इससे प्रेरणा लेकर क्षय रोग मुक्त होने की दिशा में आगे बढ़ेंगे। इस अवसर पर जिला कार्यक्रम समन्वयक (क्षय रोग) सतेंद्र कुमार, क्षय रोग विभाग से डेविड कुमार शाही, पीयूष सेंगर, नईम अहमद और पीयूष अग्रवाल समेत अन्य अधिकारी, स्वास्थ्यकर्मी, ग्राम प्रधान और क्षय रोग चौम्पियंस उपस्थित रहे।

# जिला जज एवं डीएम-एसएसपी ने जिला कारागार का किया निरीक्षण



**अलीगढ़।** जिला जज संजीव कुमार, डीएम संजीव रंजन एवं एसएसपी संजीव सुमन ने शनिवार को जिला कारागार का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने पाकशाला, कारागार चिकित्सालय, पुरूष एवं महिला बैरक, क्रेच का निरीक्षण कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। जिला जज ने बंदियों से कहा कि यदि किसी भी बंदी को विधिक सहायता या नियमानुसार प्रदत्त की जाने वाली किसी मूलभूत सुविधा की आवश्यकता हो तो वह निःसंकोच बता सकता हैं। इस दौरान उन्होंने 05 क्षय रोगियों को पोषण किट भी प्रदान की।

**पुस्तकालय का किया लोकार्पण**

जिला जज एवं डीएम-एसएसपी ने प्रोजेक्ट उम्मीद वेलफेयर फाउण्डेशन द्वारा जिला कारागार में संचालित पुस्तकालय का फीता काटकर लोकार्पण किया गया। पुस्तकालय में विभिन्न विषयों एवं लेखकों की ज्ञानवर्धक पुस्तकों के साथ ही सहवर्ती उपकरणों से सुसज्जित 05 कम्प्यूटर भी स्थापित किए गए हैं। वरिष्ठ जेल अधीक्षक बृजेन्द्र कुमार सिंह ने बताया कि पठन-पठान में रूचि रखने वाले बंदी यहां आकर अपनी रूचि के अनुसार पुस्तकों का अध्ययन कर सकेंगे। आधुनिक तकनीक एवं जेल से बाहर जाने के बाद स्वरोजगार स्थापना के लिए कम्प्यूटर प्रशिक्षण उनके लिए काफी मददगार साबित होगा।

**जेल बंदियों द्वारा निर्मित उत्पादों के आउटलेट का किया लोकार्पण**

जिला जेल में बंदियों द्वारा तैयार किए गए उत्पादों की बिक्री के लिए आउटलेट का लोकार्पण किया गया। इस अवसर पर जिला न्यायाधीश संजीव कुमार, जिलाधिकारी संजीव रंजन एवं एसएसपी संजीव सुमन ने संयुक्त रूप से फीता काटकर इस अनूठी पहल का शुभारंभ किया। जिला जज ने आउटलेट लोकार्पण के उपरांत लकड़ी से तैयार किए गए शंख को 600 रुपए नकद देकर खरीदा। यह आउटलेट उन बंदियों के श्रम और हुनर को पहचान दिलाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है, जो जेल में रहते हुए विभिन्न हस्तशिल्प एवं उपयोगी वस्तुओं का निर्माण कर रहे हैं। यहां तैयार उत्पादों में हस्तनिर्मित फर्नीचर, कपड़े, हैंडीक्राफ्ट, ताले, सीमेंट बैंच, स्क्रैप से बने उत्पाद, पूजा सामग्री और अन्य रोजमर्रा की चीजें शामिल हैं। इन वस्तुओं को उचित मूल्य पर जनता को उपलब्ध कराया जाएगा, जिससे न केवल इनकी उत्कृष्ट गुणवत्ता की पहचान बनेगी, बल्कि बंदियों के पुनर्वास को भी बढ़ावा मिलेगा। जिला न्यायाधीश ने कहा कि यह पहल जेल सुधार की दिशा में एक प्रेरणादायक कदम है, जो बंदियों को समाज की मुख्यधारा से जोड़ने में सहायक सिद्ध होगी।

जिलाधिकारी ने कहा कि बंदियों द्वारा निर्मित इन उत्पादों को प्रोत्साहित करना समाज की जिम्मेदारी है। यह पहल न केवल उनके आत्मविश्वास को बढ़ाएगी, बल्कि उनके लिए रोजगार के नए अवसर भी खोलेगी। एसएसपी संजीव सुमन ने जेल उत्पादों की गुणवत्ता व उनके उचित मूल्य की सराहना करते हुए कहा कि आउटलेट न केवल जेल सुधार कार्यक्रम को सशक्त करेगा, बल्कि समाज को भी यह संदेश देगा कि हर व्यक्ति को सुधार और नए अवसरों का अधिकार है।

इस अवसर पर अपर जिला जज एवं सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण नितिन श्रीवास्तव, सीएमओ डा0 नीरज त्यागी, जेलर कमलेन्द्र प्रताप सिंह, एक्सईएन पीडब्लूडी संजीव पुष्कर, डा0 एसएच रिजवी, डा0 अभिषेक गुप्ता, प्रोजेक्ट उम्मीद से नदीम अंजुम व आदिल जवाहर एवं अन्य डिप्टी जेलर समेत अन्य न्यायिक व प्रशासनिक अधिकारी उपस्थित रहे।

# जिला मजिस्ट्रेट ने ईदगाह का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का लिया जायजा

## साफ-सफाई, सुरक्षा एवं प्रकाश व्यवस्था, यातायात प्रबंधन, पेयजल व अन्य मूलभूत सुविधाएं सुनिश्चित करने के दिए निर्देश



**अलीगढ़।** जिला मजिस्ट्रेट संजीव रंजन ने आगामी ईद के त्योहार को ध्यान में रखते हुए शनिवार को शाहजमाल ईदगाह का निरीक्षण करते हुए व्यवस्थाओं का जायजा लिया। ईदगाह निरीक्षण के दौरान संबंधित प्रशासनिक एवं पुलिस अधिकारियों के साथ ही नगर निगम के अधिकारी भी उपस्थित रहे। जिला मजिस्ट्रेट ने निरीक्षण के दौरान साफ-सफाई, सुरक्षा, प्रकाश व्यवस्था, यातायात प्रबंधन, पेयजल एवं अन्य मूलभूत सुविधाओं की विस्तृत समीक्षा की। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि ईदगाह परिसर एवं आसपास के क्षेत्रों में साफ-सफाई बनाए रखी जाए और नमाजियों की सुविधा के लिए पर्याप्त व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जाएं। डीएम ने पुलिस प्रशासन को निर्देश दिए कि ईद के मौके पर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए जाएं, जिससे आमजन को किसी प्रकार की असुविधा न हो। इसके साथ ही, यातायात व्यवस्था को सुचारू बनाए रखने के लिए विशेष प्रबंध करने के निर्देश दिए गए। नगर निगम को निर्देशित किया गया कि वे सुनिश्चित करें कि सड़कों पर प्रतिबंध एवं छुट्टा जानवर घूमते न पाए जाएं। वरिष्ट पुलिस अधीक्षक संजीव सुमन ने सुरक्षा संबंधी व्यवस्थाओं के प्रति आश्वस्त करते हुए कहा कि पुलिस प्रशासन सभी नागरिकों को सुरक्षित एवं शांतिपूर्ण वातावरण प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने आमजन से भी अपील की कि वे सौहार्द और भाईचारे के साथ त्योहार मनाएं और प्रशासन का सहयोग करें। इस अवसर पर एडीएम सिटी अमित कुमार भट्ट, एसपी सिटी मृगांग शेखर पाठक, सिटी मजिस्ट्रेट राम शंकर, सीएमओ डा0 नीरज त्यागी, सहित एएसपी, सहायक नगर आयुक्त, पार्षद मुसर्रफ हुसैन, मो0 इरशाद, हारून एवं मसूद अहमद, मोईनुद्दीन, मुन्ना, राशिद, नदीम, वासू, अलाउ्दीन, चिराग, खुसरो, हाजी सुलेमान, हाजी दुलारे नबी, शमीम उपस्थित रहे।

# कृष्ण कुमार कुलश्रेष्ठ को दी भावभीनी विदाई



**अलीगढ़।** जिला सूचना कार्यालय में आउटसोर्सिंग के माध्यम से कार्यरत वरिष्ठ लेखाकार कृष्ण कुमार कुलश्रेष्ट को उनकी सेवाओं से मुक्त करते हुए भावभीनी विदाई दी गई। श्री कुलश्रेष्ठ वर्ष 2018 में जिला सूचना कार्यालय अलीगढ़ से ही सेवा अर्हता पूर्ण कर सेवानिवृत्त हुए थे। उनकी कार्य कुशलता एवं दक्षता के दृष्टिगत विभाग द्वारा उनको पुनः आउटसोर्स पर रखा गया था। स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं के दृष्टिगत श्री कुलश्रेष्ठ द्वारा कार्यालय आने में असमर्थता जताते हुए आगे कार्य न करने का प्रार्थना पत्र दिया। सहायक निदेशक संदीप कुमार ने वरिष्ठ लेखाकार श्री कुलश्रेष्ठ को एक बार पुनः सेवानिवृत्त होने पर माल्यार्पण कर एवं शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया। उन्होंने श्री कृलश्रेष्ठ के उत्तम स्वास्थ्य की कामना करते हुए कहा कि आपके अनुभवों का भरपूर लाभ जिला सूचना कार्यालय को प्राप्त हुआ। आपका एक बार पुनः सेवानिवृत्त होना विभाग के लिए अपूर्णनीय क्षति है। इस अवसर पर प्रचार सहायक सौरभ शर्मा, माधव शर्मा, तेजप्रकाश पुण्ढ़ीर, अनीता भारद्वाज एवं पवन कुमार ने भी श्री कुलश्रेष्ठ के दीघायु जीवन की कामना करते हुए माल्यार्पण कर विदाई दी।

# डीएम ने संचारी रोग नियंत्रण एवं दस्तक अभियान के सफल क्रियान्वयन के संबंध में की बैठक

## जिले में 01 से 30 अप्रैल तक संचारी रोग नियंत्रण एवं 10 अप्रैल से 30 अप्रैल तक चलेगा दस्तक अभियान, सामूहिक रूप से अन्तर्विभागीय समन्वय से कार्य करते हुए जनसामान्य को करें जागरूक

**अलीगढ़।** जिलाधिकारी संजीव रंजन की अध्यक्षता में कलैक्ट्रेट सभागार में संचारी रोग नियंत्रण एवं दस्तक अभियान के सफल क्रियान्वयन के संबंध में अन्तर्विभागीय समन्वय बैठक आहुत की गई। डीएम ने बताया कि जिले में 01 अप्रैल से 30 अप्रैल तक संचारी रोग नियंत्रण एवं 10 अप्रैल से 30 अप्रैल तक दस्तक अभियान संचालित किया जाना है। उन्होंने सभी सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देशित किया कि अभियान की सफलता के लिए जनमानस में अधिक से अधिक जागरूकता लाते हुए विभागीय दायित्वों के साथ ही व्यक्तिगत रूचि लेकर धरातल पर कार्य करना सुनिश्चित करें। सामूहिक रूप से प्रयास कर अन्तर्विभागीय समन्वय से कार्य करते हुए जनसामान्य को लाभान्वित किया जाए। अभियान के दौरान आयोजित होने वाली विभिन्न गतिविधियों में कहीं भी संवादहीनता की स्थिति नहीं होनी चाहिए। सीएमओ डा0 नीरज त्यागी ने बताया है कि अभियान के सफल क्रियान्वयन के लिये ब्लॉक स्तरीय प्रशिक्षण के सम्बन्ध में सभी सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों के चिकित्सा अधीक्षकों को आवश्यक दिशा-निर्देश दे दिए गए हैं।

**जूनोटिक कमेटी की बैठक का हुआ सफल आयोजन**

जिलाधिकारी की अध्यक्षता में कलैक्ट्रेट सभागार में जूनोटिक कमेटी की बैठक का भी आयोजन किया गया, जिसमें विभिन्न विभागों के अधिकारियों, स्वास्थ्य विशेषज्ञों एवं पशु चिकित्सा विशेषज्ञों ने भाग लिया। बैठक में मानव और पशु स्वास्थ्य से जुड़ी जूनोटिक बीमारियों की रोकथाम, नियंत्रण एवं जागरूकता बढ़ाने के लिए प्रभावी रणनीतियों पर विचार-विमर्श किया गया। डीएम ने जूनोटिक रोगों के प्रभाव और उनके रोकथाम के लिए बहु-क्षेत्रीय समन्वय की आवश्यकता पर जोर दिया। डीएम ने समुदाय में जागरूकता लाने, टीकाकरण कार्यक्रमों को सुदृढ़ करने, निगरानी तंत्र को मजबूत करने और पशु व मानव स्वास्थ्य विभागों के बीच समन्वय बढ़ाने के निर्देश दिए। बैठक में प्रमुख विषयों रेबीज, ब्रुसेलोसिस, एवियन इन्फ्लूएंजा, एंथ्रेक्स जैसी बीमारियों की स्थिति, रोकथाम और नियंत्रण के उपायों पर चर्चा की गई।

# नहर में फेंकी सरकारी जनकल्याणकारी दवाइंया

**किरावली।** स्वास्थ्य विभाग की बड़ी लापरवाही देखने को मिलीहै कि नहर में सरकारी दवाइयो की ढेर सारी गोलियां के पत्ता, ओआरएस घोल के पाउच,05 एम एल की सिरंज पड़ी हुई का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा जिसकी जानकारी करने पर पता चला कि ब्लॉक फतेहपुर सीकरी के ग्राम टीकरी की माइनर में पुलिया के सहारे कई कार्टून दवाइयां के पडे हुए हैं। जिसमें बच्चों के बुखार की दवा पैरासिटामोल सीरप, पैरासिटामोल गोली, कैल्शियम साइट्रेट गोली जिसकी एम एफ जी अगस्त 2023 एक्सपायरी जुलाई 2025,मेटफेरसिन हाइड्रोक्लोराइड गोली ,पार्मोथ्रिम क्रीम के ट्यूब ,एंटीबायोटिक टेबलेट,डायबिटीज की गोलियां और पर एक्सपायरी अगस्त 2025 अंकित था यही नहीं कुछ दवाएं पर 2026 भी अंकित था तो कुछ दवाईयां एक्सपायरी डेट की थी। जिसकी जानकारी समुदाय स्वास्थ्य केंद्र फतेहपुर सीकरी के अधीक्षक डा राजकमल को दी गई स्वास्थ्य विभाग में हडकंप मचा गया। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र दूरा पर सूचना देकर आनन-फानन में दवाईयां को एक पोलीथीन में भरवाया गया है। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र दूरा के फार्मासिस्ट धर्मेन्द्र सिंह ने बताया कि सिरंजों से जानकारी होती है कि किसी टीकाकरण करने वाली ए एन एम महिलाओं या किसी सीएचओ का हाथ हो सकता है। समुदाय स्वास्थ्य केंद्र फतेहपुर सीकरी अधीक्षक राजकमल ने बताया है कि इन दवाइयों के बारे जानकारी कराई जायेगी कि दवाईयां किसने फेंकी है।



# पीटीए मार्ग के अलीगढ़-पलवल सेक्शन में भू-अर्जन से प्रभावित 21 ग्रामों में 01 अप्रैल से बंटेगा प्रतिकर

## एडीएम प्रशासन ने कार्मिकों की तैनाती कर शिविर लगाते हुए आवश्यक कार्यवाही के दिए निर्देश

**अलीगढ़।** अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) पंकज कुमार ने बताया है कि राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या-509 आगरा-पलवल खण्ड के निर्माण एवं चौड़ीकरण में भू-अर्जन से प्रभावित तहसील खैर, कोल एवं इगलास के भू-स्वामियों को प्रतिकर की धनराशि वितरित की जानी है। उन्होंने बताया कि भू-अर्जन से प्रभावित उक्त ग्रामों के भू-स्वामियों को प्रतिकर की धनराशि वितरित किए जाने के लिए विभिन्न तिथियों में शिविर आयोजित किए जाने के लिए कार्मिकों की तैनाती कर दी गई है। उन्होंने बताया कि टप्पल एवं तोछीगढ़ में 01 से 03 अप्रैल तक, कुराना एवं कनौरा में 04 व 05 अप्रैल को, खण्डेहा व बैरमगढ़ी में 07 व 08 अप्रैल को, खेड़िया बुजुर्ग एवं मनोहरपुर कायस्थ को 09 व 11 अप्रैल को, फाजिलपुर कलां व मईनाथ में 15 व 16 अप्रैल को, हामिदपुर व बढ़ौली फत्तेखां में 17 व 19 अप्रैल को, जलालपुर व घरबरा में 21 व 22 अप्रैल को, सोतीपुरा व असरोई में 23 व 24 अप्रैल को पड़ील व करसुआ में 25 व 26 अप्रैल को पड़ियावली में 28 से 30 अप्रैल तक, समस्तपुर कीरत में 28 व 29 अप्रैल को और अर्राना में 30 अप्रैल को शिविर लगाए जाएंगे। एडीएम प्रशासन ने तैनात किए गए क्षेत्रीय लेखपाल, भूमि अध्याप्ति अमीन एवं भूमि अध्याप्ति सहायक को निर्देशित किया है कि प्रतिकर वितरण की कार्यवाही यथाशीघ्र संपादित करते हुए प्रतिदिन की आख्या उपजिलाधिकारी खैर को उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें।

# विप्र कुल शिरोमणि भगवान परशुराम जी की 47वीं विशाल शोभायात्रा आज

**हाथरस।** विप्र कुल शिरोमणि भगवान परशुराम जी की चैत्र शुक्ल प्रतिपदा नव संवत्सर आज 30 मार्च को शहर में निकलने वाली विशाल व ऐतिहासिक शोभायात्रा की तैयारियां जहां जोर-शोर से की गई हैं। वही इस बार हाथरस की जनता को शोभायात्रा में उत्तर से लेकर दक्षिण तक की विभिन्न संस्कृति की सांस्कृतिक झांकियों का समावेश देखने को मिलेगा। ब्राह्मण महासभा द्वारा शहर की ऐतिहासिक धरोहर व शान घंटाघर को भी इस बार भव्य दिव्य तरीके से रंगीन लाइटों से सजवाया गया है। शोभायात्रा शुभारंभ से पूर्व विप्र बन्धुओं का स्वागत एवं सम्मान समारोह आयोजित किया गया है,प्रेस वार्ता में श्री ब्राह्मण महासभा के अध्यक्ष पंडित संदीप शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया है कि विप्रकुल शिरोमणि भगवान परशुराम जी की आज चैत्र शुक्ल प्रतिपदा नव संवत्सर 30 मार्च को शहर में निकलने वाली विशाल व ऐतिहासिक शोभायात्रा की सभी तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं। श्री ब्राह्मण महासभा द्वारा इस बार भगवान परशुराम जी की 47वीं शोभायात्रा को ऐतिहासिक बनाने के लिए मैने व मेरी पूरी टीम ने दिन-रात मेहनत की है और इस बार शहर की जनता को भगवान परशुराम जी की शोभायात्रा में उत्तर से लेकर दक्षिण भारत के साथ-साथ विभिन्न रंगों व भाषा के अलग-अलग राज्यों की अद्भुत झांकियों के दर्शन देखने को मिलेंगे। जबकि पूरे शहर में दो दर्जन से अधिक ड्रोन पूरे शहर में करीब 10 कुंतल से अधिक फूलों से पुष्प वर्षा करते हुए नजर आएंगे,जो कि सभी के आकर्षण का केंद्र होगें। वही भगवान परशुराम जी का रथ भी भव्य फूलों एवं रंगीन लाइटों से सुसज्जित होगा।श्री ब्राह्मण महासभा अध्यक्ष पंडित संदीप शर्मा ने प्रेस वार्ता में बताया कि भगवान परशुराम जी की विशाल शोभायात्रा दोपहर 3 बजे से आगरा रोड स्थित चित्रकूट बगीची से प्रारंभ होगी। जबकि शोभायात्रा से पूर्व दोपहर 12 बजे से श्री राधा कृष्ण कृपा भवन गेस्ट हाउस आगरा रोड पर विशाल विप्र सम्मान एवं स्वागत समारोह आयोजित किया गया है, जिसमें जनपद भर के हजारों विप्र बंधुओं का स्वागत व सम्मानित किया जाएगा। तदुपरान्त विशाल शोभायात्रा प्रारंभ होगी। प्रेस वार्ता में अध्यक्ष पंडित संदीप शर्मा ने बताया कि विशाल एवं भव्य ऐतिहासिक शोभायात्रा में 100 से अधिक झांकियां जहां शामिल होंगी। जिसमें भरतनाट्यम कत्थक कली, केरल के ढोल, राम जी का डोला, महाकुंभ की झांकी, अघोरियों की अद्भुत झांकी, बाहुबली हनुमान जी एवं गणेश जी, राम दरबार, बिजनौर के फूल डोला, मैनपुरी के लाइट डोला आदि सहित दर्जन झांकियां आकर्षण का केंद्र होगी। वही देश के नामी गिरामी कई बैन्ड़ शामिल होंगे और वह अपने मधुर व सुरीली धुनों से धूम मचाएंगे तथा इन बैंडों में राजस्थान का ताज बैंड, हरियाणा का विक्रम बैंड ,मध्य प्रदेश का सोनी बैंड ,पंजाब का राजू महाराजा बैंड, इटावा का बैंड सहित कई राज्यों के ख्याति प्राप्त बैंड़ भी अपनी धूम मचाते हुए नजर आएंगे ।श्री ब्राह्मण महासभा के मुख्य संयोजक कृष्णकांत रावत, संयोजक बालकिशन शर्मा बालो गुरु ,संयोजक विकास भारद्वाज ,संयोजक सौरभ शर्मा, संयोजक नीरज गौतम, संयोजक डॉ. ललितेश शर्मा,संयोजक योगेश शर्मा,संयोजक विजय पाठक, कार्यालय प्रभारी मुकेश शर्मा नेताजी, सौरव पंडित ने समस्त सम्मानित जनपद भर के विप्र बन्धुओं से अनुरोध किया है कि आज 30 मार्च को दोपहर 12 बजे से आयोजित सम्मान एवं स्वागत समारोह तथा भगवान परशुराम जी की विशाल शोभायात्रा में भारी संख्या में शामिल होकर शोभायात्रा को भव्य व ऐतिहासिक बनाने में अपना अमूल्य सहयोग दें।

# राशन कार्ड से वंचित लोगों की बनेगी फैमिली आईडी, नगरीय व ग्रामीण क्षेत्रों में निःशुल्क होगा वितरण

सांध्य पहल संवाददाता




**प्रतापगढ़।** जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी प्रियंका सोनी ने बताया है कि नियोजन विभाग के अन्तर्गत फैमिली आई0डी0-एक परिवार एक पहचान योजना के अन्तर्गत जनपद के परिवार का एक लाइव डेटा बेस तैयार किया जा रहा है, जिसका उपयोग प्रत्येक परिवार को सरकारी योजनाओं के लाभ की त्वरित उपलब्धता सुनिश्चित करने में किया जयेगा। उन्होने बताया है कि जनपद में इसके अन्तर्गत वर्तमान में लगभग 40 हजार कार्ड बनाया जा चुका है। फैमिली आईडी के कार्डो का निःशुल्क वितरण विधायक सदर राजेन्द्र कुमार मौर्य के द्वारा सेवा, सुरक्षा व सुशासन की नीति के 8 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर शहीद उद्यान (कम्पनी गार्डेन) में आयोजित त्रिदिवसीय मेले में शुभारम्भ किया जा चुका है जिसमें 09 लाभार्थियों को लैमिनेटेड फैमिली आईडी कार्ड का वितरण किया गया था। फैमिली आईडी कार्डो का निःशुल्क वितरण अप्रैल माह से नगरीय क्षेत्र में उपजिलाधिकारी एवं ग्रामीण क्षेत्र मे खण्ड विकास अधिकारी के माध्यम से कराया जायेगा। उन्होने बताया है कि जो परिवार राशन कार्ड के पात्र नहीं है, उन परिवारों के लिये फैमिली आईडी एक परिवार-एक पहचान शुरू हुई है, फैमिली आईडी के लिये आवेदन कर सकते है। इसके अलावा जिन परिवारों के पास राशन कार्ड है, उनके राशन कार्ड की संख्या ही फैमिली आईडी होगी। फैमिली आईडी के माध्यम से केन्द्र एवं राज्य सरकार की सरकारी योजनाओं का लाभ प्राप्त करना आसान हो जायेगा। यह फैमिली आईडी कार्ड 12 अंकों का होगा जिसमें परिवार के सभी सदस्यों का पूरा ब्यवरा दिया जाएगा।

# विश्व क्षय रोग दिवस पर डीएम ने दिए प्रमाण पत्र प्रतीक चिन्ह

**हाथरस।** कलेक्ट्रेट सभागार में विश्व क्षय रोग दिवस-2025 के अवसर पर सम्मान समारोह कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें ग्राम प्रधानों, उत्कृष्ठ कार्य करने वाले कर्मचारियों एवं समाजसेवियों को जिलाधिकारी ने प्रतीक चिन्ह के रूप में गाँधीजी की प्रतिमा तथा प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया।विश्व क्षय रोग दिवस-2025 के उपलक्ष्य में राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम के अंतर्गत प्रधानमंत्री टी0बी0 मुक्त हुई ग्राम पंचायतों के 68 ग्राम प्रधानों, उत्कृष्ठ कार्य करने वाले कर्मचारियों एवं समाजसेवियों को कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी राहुल पांडेय ने प्रतीक चिन्ह के रूप में गाँधीजी की प्रतिमा तथा प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया।कार्यक्रम का शुभारम्भ जिलाधिकारी द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने सभी सम्मानित व्यक्तियों को बधाई दी और उनके द्वारा किए गए समर्पण और कठिन परिश्रम की सराहना की। ग्राम प्रधान, समाजसेवी और कर्मचारी जिन्होंने टी.बी. मुक्त अभियान में महत्वपूर्ण योगदान दिया, उन्हें इस सम्मान से प्रेरित होकर और भी बेहतर कार्य करने के लिए प्रोत्साहित किया गया। जिलाधिकारी ने सभी से स्वस्थ समाज के निर्माण के लिए साथ मिलकर काम करने की अपील की। जिलाधिकारी ने पॉच टीबी रोगियों को पोषण किट देकर गोद लिया गया। समस्त ग्राम प्रधानो को जिलाधिकारी ने जनपद की अन्य ग्राम पंचायतों के लिये प्रेरणा स्त्रोत बताया गया कि जिस तरह आपने अपनी ग्राम पंचायत को टीबी मुक्त कराया है ठीक उसी तरह जनपद के अन्य ग्राम प्रधान भी अपने क्षेत्र को टीबी (क्षय) रोग मुक्त करायें। टीबी रोगियों को गोद लेने के लिये अन्य व्यक्ति भी निक्षय मित्र बनकर टीबी रोगियों को गोद लेकर उनका जीवन सफल बनायें। जिससे टीबी बीमारी का उन्मूलन हो।

# भारत विकास परिषद चुनाव में जय शर्मा बने अध्यक्ष

**हाथरस।** समाज सेवी संस्था का नव वर्ष अध्यक्ष,सचिव आदि पदो के लिए चुनवा किया गया। चुनाव अधिकारी उप जिला समन्वयक मुकेश गोयल के निर्देशन में संपन्न निर्वाचन में जय शर्मा अध्यक्ष, तरुण शर्मा सचिव, रिचा खंडेलवाल कोषाध्यक्ष, ज्योति सेंगर उपाध्यक्ष महिला सहभागिता निर्वाचित हुए। भारत विकास परिषद शाखा की वार्षिक बैठक भारता माता व स्वामी विवेकान्द के छवि चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित एवं पुष्पार्पण कर किया गया । सचिव विनीता दुबे ने सत्र में अब तक किए गए सेवा, संस्कार एवं संपर्क कार्यों की आख्या प्रस्तुत की अध्यक्ष तरुण अग्रवाल ने सत्र में सभी सदस्यों के समाज सेवा के लिए किए गए सहयोग के लिए उनका आभार व्यक्त किया। इस बैठक में मुख्य रूप से ऑनलाइन भारत को जानो के प्रांतीय अध्यक्ष श्री ऋषि कुमार वार्ष्णेय, सत्र 2024- 25 के कोषाध्यक्ष पवन गोयल, पूर्व क्षेत्रीय संपर्क सचिव आर सी नरूला, पूर्व जिला समन्वयक डॉ बीपी सिंह, पूर्व जिला उपसमन्वयक आर एम वशिष्ठ, डॉ रघुकुल तिलक दुबे, प्रवीण खंडेलवाल, संजीव सेंगर, अविनाश सिंह, ड्रा नितिन मिश्र, दीपक भारद्वाज, नवीन शर्मा आदि उपस्थित रहे।

# ब्रज के वीर योद्धाओं को सम्मान दिलाने एवं केन्द्रीय जाट आरक्षण को लेकर जाट महासभा ने बजाया संघर्ष का विगुल

सांध्य पहल संवाददाता

**आगरा।** अखिल भारतीय जाट महासभा ने आज अपने पूर्व घोषित कार्यक्रमानुसार आगरा कमिश्ननरी में जोरदार धरना प्रदर्शन कर पुलिस आयुक्त को ज्ञापन सोंपा। उन्होंने मांगों के न माने जाने पर बड़े आन्दोलन का ऐलान किया है। अखिल भारतीय जाट महासभा के आह्वान पर आज कमिश्नरी में बडी संख्यां में जाट समाज के लोग जुटे और जोरदार नारेबाजी करते हुए ब्रज क्षेत्र के वीर योद्धाओं को सम्मान दिलाने व केन्द्रीय सेवाओं में जाट आरक्षण की जोरदार मांग रखी। उन्होंने आयुक्त को माँग पत्र सौंप कर विन्दूवार वार्ता की। अखिल भारतीय जाट महासभा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष कुंवर शैलराज सिंह एडवोकेट की अध्यक्षता व जिला महामन्त्री वीरेन्द्र सिंह छोंकर के संचालन में सम्पन्न सभा में जिलाध्यक्ष कप्तान सिंह चाहर ने कहा कि औरंगजेब जैसे आताताई को ब्रज क्षेत्र में सबसे पहले विद्रोह का विगुल फूंककर औरंगजेब को चुनौती दी और आगरा कोतवाली पर औरंगजेब ने उन्हें अंग अंग काट कर मौत की सजा दी वही राजाराम जाट और राम की चार में 1688 में सिकंदरा पर आक्रमण कर अकबर की कब्र खोदी और हड्डियां जलाकर जमुना जी में बहादी थी जिला अध्यक्ष ने आगे कहा लगभग 300 बरस से मुगलों के गुलाम आगरा को 12 जून 1761 को आगरा किले पर कब्जा कर महाराजा सूरजमल ने मुगल या शासन का अंत किया और व्रत क्षेत्र की जनता को उनके आतंक से मुक्ति दिलाई इसलिए बज के ऐसे वीर योद्धाओं को सम्मान देने के लिए आज जाट समाज ने धरना प्रदर्शन कर ज्ञापन देकर ब्रज के वीर योद्धाओं को सम्मान देने और केंद्रीय जाट आरक्षण में को बहाल करने की मांग की ज्ञापन में कहा गया की महाराजा सूरजमल की प्रतिमा आगरा किले के समक्ष लगवाई जाए शाहजहां गार्डन का नाम वीर गोकुल सिंह या महाराजा सूरजमल के नाम पर रखा जाए सिकंदरा पर कब्जा करने वाले वीर योद्धा राम की चार व राजाराम जाट की असवारी प्रतिमा सिकंदरा परिसर में लगाई जाए और सिकंदरा मेट्रो स्टेशन का नाम राजाराम जाट और रामकी चाहर के नाम पर रखा जाए, वहीं शासन प्रशासन ब्रज के वीरों के इन सम्मान के लिए प्रत्येक जनपद में द्वारों का निर्माण कराया। ज्ञापन में यह भी कहा गया कि 2017 और 2019 के चुनाव से पहले गृहमंत्री अमित शाह ने जाट समाज को आरक्षण बहाल करने का वादा किया था जो आज तक पूरा नहीं किया है यदि आरक्षण बहाल का वादा पूरा नहीं किया गया तो आंदोलन करेंगे। वहीं युवा जाट महासभा के जिला अध्यक्ष सुरेंद्र चौधरी , महानगर अध्यक्ष लखन चौधरी , जिला संयोजक जीडी चाहर ने संयुक्त रूप से कहा कि



यदि 12 जून को आगरा किले में आगरा विजय दिवस सरकारी स्तर पर नहीं मनाया गया तो युवा जाट महासभा 12 जून को आगरा किले के लिए कूच करेगी। इस धरना प्रदर्शन में आगरा, मथुरा, भरतपुर हाथरस वह टूंडला से भी प्रतिनिधियों ने भाग लिया बाद में सर्वसम्मत हुआ कि यदि उक्त मांगे नहीं मानी गई तो समाज आंदोलन के लिए बाध्य होगा । सभा में पूर्व चेयरमैन किरावली श्री जगदीश सिंह इंदौलिया, वर्तमान चेयरमैन श्रीमती प्रवीण सिंह , भाजपा नेता रामेश्वर चौधरी, पूर्व जिला पंचायत सदस्य बिनय सिंह पहलवान पूर्व ब्लाक प्रमुख मानसिंह, जाट महासभा के वरिष्ठ उपाध्यक्ष जयप्रकाश चाहर, चौधरी नवल सिंह, चौधरी गुलबीर सिंह, सत्यवीर सिंह रावत, भारतीय किसान संघ के प्रदेश उपाध्यक्ष मोहन सिंह चाहर, भारतीय किसान यूनियन के मण्डल अध्यक्ष रनवीर सिंह चाहर, युवा जाट महासभा के प्रदेश उपाध्यक्ष नरेंद्र इन्दोलिया, प्रदेश मंत्री देवेंद्र चौधरी, मंडल अध्यक्ष मेघराज सोलंकी, पूर्व जिला पंचायत सदस्य अरविंद चाहर, पूर्व पार्षद गजेंद्र नरवार, राजकुमार इन्दौलिया, व राहुल चौधरी चाहर खाप के संरक्षक उदयवीर सिंह, संयोजक अनिल चाहर व भरत सिंह चाहर, डॉक्टर नेत्रपाल सिंह, गंगाराम पहलवान, रिटायर्ड सूबेदार जगदीश सिंह, सुजान सिंह प्रधान, गुड्डा प्रधान, राधेश्याम मुखिया, संगठन मंत्री नेपाल सिंह राणा, युवा जाट महासभा के जिला प्रभारी एवं पूर्व ब्लाक प्रमुख अकोला देवेंद्र सिंह चाहर, भाजपा नेता नागेंद्र सिंह, हौलू पहलवान, भूपेंद्र सिंह हिंडोलिया, किसान मजदूर नेता चौधरी दिलीप सिंह, भाजपा नेता भूप सिंह इन्दौलिया, चौधरी सुनील सिंह महिला नेत्री सावित्री चाहर, महिला जाट महासभा की मंडल अध्यक्ष सत्यवती सिंह, मथुरा के जिला अध्यक्ष राजेश चौधरी, भरतपुर से चौधरी नेम सिंह फौजदार, चौधरी नेम सिंह, लोकपाल चाहर, चौधरी कुशल पाल सिंह, हरदम सिंह पहलवान, बच्चू सिंह पहलवान चौधरी मानसिंह, जाटएकता संगठन के प्रदेश उपाध्यक्ष जितेन्द्र सिंह व महामंत्री अमित चौधरी विजय पाल नरवार आदि प्रमुख थे।

# दो टीबी के मरीजों को निःक्षय मित्र बनाकर गोद लिया, पोषण पोटली का वितरण भी किया गया



सांध्य पहल संवाददाता

**आगरा।** राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम जनपद आगरा में टीबी मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत विकास भवन परिसर में मुख्य विकास अधिकारी प्रतिभा सिंह द्वारा टीबी यूनिट आगरा सेंट्रल में उपचारित 02 टीबी के मरीजों को प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत निक्षय मित्र बनकर गोद लिया गया और मरीजों को पोषण पोटली का वितरण किया गया। पोषण पोटली पोटली में मरीजों के लिए निःशुल्क सोयाबीन, दालें, चने, रमांस की दाल, दलिया, सत्तू, मूंगफली, बोर्नबीटा पाउडर, बिस्किट, देशी खांड और महिलाओं के प्रयोग में लाए जाने वाले सैनेट्री पैड आदि सामान उपलब्ध रहता है, जिसके सेवन करने से टीबी मरीजों की रोग प्रतिरोधक क्षमता में वृद्धि होती है, और मरीजों को दवाइयों को नियमित सेवन करने की शक्ति मिलती है। जिला क्षय रोग अधिकारी डाज़ सुखेश गुप्ता ने बताया कि प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत अभियान के अन्तर्गत जपद आगरा में निक्षय मित्र बनकर टीबी के मरीजों इस तरह से पोषण पोटली का वितरण सामाजिक संस्थाओं के अलावा जनपद के समस्त जिला स्तरीय अधिकारी भी गोद ले रहे हैं और जनपद आगरा के अन्य महानुभावों को भी इस कार्य के लिए रोटसहित कर रहे हैं। साथ ही साथ जिला क्षय रोग अधिकारी ने जनपद वासियों से अपील की कि इस कार्य में अन्य लोगों को भी आगे आकर टीबी मुक्त आगरा हेतु प्रेरित होना चाहिए। डा0 अरूण कुमार श्रीवास्तव मुख्य चिकित्सा अधिकारी आगरा आगरा ने बताया कि जनपद आगरा में माननीय मुख्यमंत्री जी द्वारा जनपद भ्रमण के दौरान स्वास्थ्य विभाग की टीबी स्टॉल का भ्रमण किया गया और पोषण पोटली वितरण करने के लिए सराहना की गई है, अगर इस तरह से मरीजों को नियमित रूप से पोषण आहार पोटली मिलेंगी तो वास्तव में देश से टीबी को खत्म करने में मदद मिलेगी, जैसा कि भारत सरकार का लक्ष्य 2025 टीबी मुक्त भारत है। उप जिला क्षय रोग अधिकारी डाज़ प्रभात कुमार राजपूत ने बताया कि टीबी मरीजों की सहायता करने के लिए जनपद की सामाजिक संस्थाओं, के अलावा अन्य सामाजिक संगठन भी आगे आकर टीबी मरीजों को नियमित रूप से पोषण पोटली वितरण के अलावा व्यावसायिक सहायता के रूप में जैसे शिलाई की मशीन, कपड़े के थैले बनाने के लिए समान आदि भी उपलब्ध करा रहे हैं, जिस से स्वास्थ्य के साथ साथ आर्थिक रूप से कमजोर महिलाओं को भी रोजगार से जोड़ा जा सके। इस अवसर पर निम्न लोग उपस्थित रहे।

# आगरा मंडल के फतेहपुर सीकरी और किरावली स्टेशन पर पैनल इंटरलॉकिंग से इलेक्ट्रोनिक इंटरलॉकिंग की कमीशनिंग का कार्य संपन्न हुआ





सांध्य पहल संवाददाता

**आगरा।** मंडल रेल प्रबंधक आगरा श्री तेज प्रकाश अग्रवाल के मार्गदर्शन में आगरा मंडल के फतेहपुर सीकरी और किरावली स्टेशन पर पैनल इंटरलॉकिंग से इलेक्ट्रोनिक इंटरलॉकिंग की कमीशनिंग का कार्य एवम वीडियो डिस्प्ले यूनिट में इन बिल्ट ब्लॉक उपकरण का कार्य संपन्न हुआ है आगरा मंडल ने उक्त कमीशनिंग का कार्य संपन्न कर एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है। यह उपलब्धि मंडल के ब्रांच लाइन की संचालन क्षमता, संरक्षा,सुरक्षा और उन्नत संचार प्रणाली को मजबूत करने की प्रतिबद्धता का प्रमाण है। ईदगाह- बयाना रेलखंड के उक्त दोनों स्टेशनों पर पैनल इंटरलॉकिंग से इलेक्ट्रोनिक इंटरलॉकिंग का कार्य एवम् इन बिल्ट ब्लॉक उपकरण की कमीशनिंग रेलवे अवसंरचना के आधुनिकीकरण की दिशा में एक और महत्वपूर्ण कदम है द्ध जिससे सिग्नल विफलता में कमी आएगी, गाड़ी संचालन में सहूलियत होगी।यह महत्वपूर्ण कार्य परिचालन एवं सिग्नल एवं टेलिकॉम व इंजीनियर विभाग ,गति शक्ति के अधिकारियों, कर्मचारियों व पर्यवेक्षकों के अहम् योगदान से संपन्न हुआ।

# आचार्य सच्चिदानंद पाण्डेय का हिन्दू महासभा से जुड़ना सनातन धर्म के उत्थान में कालजयी घटना : तिवारी

सांध्य पहल संवाददाता

**आगरा/नई दिल्ली।** अखिल भारत हिन्दू महासभा ने सनातन धर्म की रक्षा, सनातन धर्म की मानव कल्याण की विशेषताओं को जन जन तक पहुंचाने और वसुधैव कुटुंबकम् के संदेश से जागरुक समाज को लाभान्वित करने के उद्देश्य से सनातन धर्म प्रचारक सभा नामक एक नए प्रकोष्ठ का गठन किया गया है। उत्तर प्रदेश के जनपद प्रतापगढ़ निवासी आचार्य सच्चिदानंद पाण्डेय को प्रचारक सभा का राष्ट्रीय अध्यक्ष मनोनीत किया गया है। राष्ट्रीय प्रवक्ता बी एन तिवारी ने आज जारी बयान में यह जानकारी दी। बी एन तिवारी के अनुसार हिन्दू महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष रविन्द्र कुमार द्विवेदी ने राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष प्रोफेसर यशपाल सिंह की अनुशंसा पर सनातन धर्म प्रचारक सभा नामक प्रकोष्ठ का गठन करते हुए आचार्य सच्चिदानंद पाण्डेय को राष्ट्रीय अध्यक्ष पद पर मनोनीत किया। बी एन तिवारी ने बताया कि नवगठित प्रकोष्ठ के माध्यम से देश भर से एक लाख सनातन धर्म प्रचारकों को



जोड़ा जाएगा। सनातन धर्म प्रचारकों को सनातन धर्म विरोधी तत्वों के दुष्प्रचार का मुंहतोड़ जवाब देने, जेहादी ताकतों पर लगाम लगाने, सनातन धर्म का वैश्विक प्रचार करने, हिन्दू महासभा की नीतियों और कार्यक्रमों को जन जन तक पहुंचाने और जातिमुक्त समरस समाज की स्थापना का उत्तरदायित्व सौंपा जाएगा। जारी बयान में राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष प्रोफेसर यशपाल सिंह ने कहा कि आचार्य सच्चिदानंद पाण्डेय एक निर्भीक और धर्मनिष्ठ व्यक्तित्व हैं और लंबे समय से हनुमानगढ़ी के महंत राजू दास जी महाराज की संस्था हिन्दू सुरक्षा सेवा ट्रस्ट से जुड़कर सनातन धर्म जन जागरण अभियान चला रहे हैं। उनका हिन्दू महासभा से जुड़ना सनातन धर्म के उत्थान में कालजयी घटना सिद्ध होगी। हिन्दू महासभा में आचार्य सच्चिदानंद पाण्डेय का हार्दिक अभिनंदन है। आचार्य सच्चिदानंद पाण्डेय ने अपने मनोनयन पर हिन्दू महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष रविन्द्र कुमार द्विवेदी, राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष प्रोफेसर यशपाल सिंह, राष्ट्रीय महामंत्री ललित अग्रवाल, राष्ट्रीय संगठन मंत्री पवन शर्मा, राष्ट्रीय प्रवक्ता मदन लाल गुप्ता का आभार प्रकट करते हुए सनातन धर्म की सुरक्षा और प्रचार में अपना सर्वस्व अर्पित करने का संकल्प लिया। उन्होंने कहा कि वो शीघ्र ही सनातन धर्म प्रचारक सभा की 40 सदस्यीय कार्यकारिणी का गठन और प्रदेश अध्यक्षों की नियुक्ति कर पदाधिकारियों की सूची हिन्दू महासभा राष्ट्रीय कार्यसमिति को सौंपेंगे।

# जाटव महापंचायत का प्रशासन को पत्र, शांति व्यवस्था बनाए रखने की अपील की



सांध्य पहल संवाददाता

**आगरा।** शहर में बढ़ते जातीय तनाव और आगरा की शांति व्यवस्था को बनाए रखने के लिए जाटव महापंचायत के अध्यक्ष धर्मपाल सिंह के नेतृत्व में समाज के गणमान्य व्यक्तियों ने 29 मार्च को जिला अधिकारी, आगरा के नाम एक पत्र सौंपा। यह पत्र ,्रष्ठरू (अतिरिक्त जिला मजिस्ट्रेट) द्वारा ग्रहण किया गया, जिसमें जाटव समाज ने शहर की शांति और संविधानिक मूल्यों की रक्षा की मांग की। पत्र में 26 मार्च की घटना में शामिल दोषियों पर सख्त कार्रवाई की मांग की गई, साथ ही सोशल मीडिया पर जातिवादी टिप्पणी करने वालों के विरुद्ध कानूनी कार्रवाई करने की भी अपील की गई। पत्र में प्रशासन से यह भी आग्रह किया गया कि आगरा में डॉ. अंबेडकर जयंती के ऐतिहासिक और शांतिपूर्ण आयोजन को सुनिश्चित किया जाए तथा शहर में किसी भी प्रकार के जातीय तनाव या अराजकता को रोकने के लिए विशेष सतर्कता बरती जाए। इन परिस्थितियों में जाटव महापंचायत के अध्यक्ष धर्मपाल सिंह का नेतृत्व समाज की एकता, शांति और संविधानिक मूल्यों की रक्षा के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने प्रशासन को आगाह किया कि यदि समय रहते कठोर कदम नहीं उठाए गए, तो जातीय उन्माद बढ़ सकता है, जिससे बाबा साहेब की जयंती के ऐतिहासिक आयोजन पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ेगा। धर्मपाल सिंह एवं जाटव महापंचायत के अन्य पदाधिकारियों ने संविधानिक मर्यादा और अहिंसा का पालन करते हुए शांति एवं सामाजिक सौहार्द बनाए रखने की अपील की है। यह उनका सामाजिक न्याय और दलित समाज के सम्मान की रक्षा के लिए किया गया एक अनुकरणीय प्रयास है। संविधान की रक्षा, शांति की स्थापना और सामाजिक समरसता के इस संकल्प को कमजोर नहीं होने दिया जाएगा। डॉ. अंबेडकर के विचारों और उनके संघर्ष की विरासत को कोई भी अराजक तत्व धूमिल नहीं कर सकता। प्रशासन को चाहिए कि जातीय में उन्माद फैलाने वालों पर कड़ी कार्रवाई करते हुए डॉ. अंबेडकर जयंती के शांतिपूर्ण आयोजन को सुनिश्चित करे।

# घर की फर्श पर मिला महिला का शवः नौसेना से रिटायर्ड पति पर हत्या का आरोप

## भाई बोला- जीजा दीदी को प्रताड़ित करते थे

सांध्य पहल संवाददाता

**आगरा।** मलपुरा स्थित घड़ी हरलाल गांव में एक विवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। मृतका की पहचान हेमलता के रूप में हुई है। वह नौसेना से सेवानिवृत्त संजय नौहवार की पत्नी थी। घटना विनायक गार्डन कालोनी में किराए के मकान में हुई। शनिवार सुबह हेमलता का शव फर्श पर पड़ा मिला। उसके गले में दुपट्टे का फंदा लगा हुआ था। घटना के समय पति संजय सहित अन्य ससुरालीजन मौके से फरार थे। मृतका के भाई दीपक ने बताया कि उनकी बहन की शादी 2014 में हुई थी। संजय लगातार उनकी बहन को प्रताड़ित करता था। मौत की सूचना मिलते ही परिजन मौके पर पहुंचे और हत्या का आरोप लगाते हुए विरोध प्रदर्शन शुरू कर दिया। एसीपी सैंया



देवेश कुमार के नेतृत्व में मलपुरा पुलिस मौके पर पहुंची। महिलाओं ने कालोनी के मार्ग पर बैठकर शव को उठाने से रोक दिया। पुलिस ने कार्रवाई का आश्वासन देकर स्थिति को संभाला। एसीपी ने बताया कि परिजनों की तहरीर और पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। मृतका के पीछे तीन बच्चे हैं। उसके पिता महेंद्र ने एक ही दिन में दो बेटियों की शादी की थी। हेमलता की बहन श्रीदेवी उर्फ भूरी की शादी धर्मेंद्र से हुई थी।

# फतेहाबाद आल मुस्लिम ग्रुप कमेटी के अध्यक्ष बनाए गए राजू मंसूरी

सांध्य पहल संवाददाता

**आगरा।** फतेहाबाद ऑल मुस्लिम ग्रुप कमेटी तीसरी चादर मेला उर्स कल्लन शाह रहमतुल्ला आले उर्स गढ़ वाले बाबा शमशाबाद रोड फतेहाबाद में उर्स लगाया जा रहा है। 75 वें उर्स जिसमें ऑल मुस्लिम ग्रुप कमेटी का अध्यक्ष राजू मंसूरी को बनाया गया। साथ में रहे उपाध्यक्ष सलमान चौधरी कोष अध्यक्ष नवी शेर मंसूरी सचिब रफीक मंसूरी रहे और साथ में सभी मुस्लिम ग्रुप के सदस्य मौजूद रहे जिसमें साबिर खान अमन भाई राशिद भाई साकिब कपिल भोजपुरी वाले अजीम भाई फिरोज भाई खुदा बख्श साहिल जाकिर भाई बारिश परवेज इकबाल भाई नाजिम भाई अब्दुल मुस्तफा भाई ओल मुस्लिम ग्रुप कमेटी के पदाधिकारी मौजूद रहे।



# विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल ने अखिलेश यादव का पुतला फूंका

सांध्य पहल संवाददाता




**आगरा।** राणा सांगा पर की गई अभद्र टिप्पणी को लेकर खेरागढ़ में विश्व हिंदू परिषद बजरंगदल के कार्यकर्ताओं ने समाज वादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव का पुतला फूंका। विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल ने अखिलेश यादव के बयान को लेकर आक्रोश व्यक्त किया है। सपा नेताओं के बेहूदा बयानों से आक्रोशित कार्यकर्ताओं ने कहा कि अखिलेश यादव ने गौ माता और गौ शालाओं पर विवादित बयान दिया कि उनको गौ शालाओं ओर गौमाताओं मै बदबू आती है। इसका विरोध करते हुए पुतला दहन किया गया, गौ माता को हिंदू समाज अपनी मां मानता है और अखिलेश यादव को उनसे बदबू आती है। इस बयान का विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल कड़े शब्दों में निंदा करता है और एक तरफ उनके राज्यसभा सांसद के राणा सांगा पर विवादित बयान का भी विरोध किया। उपस्थित प्रांत धर्म प्रसार प्रमुख रामप्रकाश फौजी, विभाग गौरक्षा प्रमुख रामकुमार तोमर, जिला उपाध्यक्ष अचल रावत, जिला संयोजक यदुवीर चाहर, सहजिला संयोजक के के मित्तल, पवन प्रजापति , रिंकू शर्मा, अशोक त्यागी, अमरनाथ जी , रीतेश जी, मुकेश सिकरवार, सोनू शर्मा, रामप्रकाश कुशवाह, नीरज शर्मा, आशीष सिंघल व अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# महिला पहलवान से दंगल में बदसलूकी: रैफरी ने कुश्ती से रोका, विरोध पर की मारपीट; पुलिस और पीएसी मौके पर पहुंची

सांध्य पहल संवाददाता

**आगरा।** फतेहपुर सीकरी के गांव ओलेंडा में शुक्रवार शाम एक दंगल के दौरान शर्मनाक घटना सामने आई। यूपी केसरी और राष्ट्रीय प्रतियोगिता की कांस्य पदक विजेता महिला पहलवान के साथ रेफरी ने बदसलूकी की। घटना शाम 6 बजे की है। महुअर किरावली की रहने वाली सोनिया दंगल में कुश्ती लड़ने के लिए उतरीं। रेफरी ने उन्हें कुश्ती लड़ने से मना किया। जब सोनिया ने इसका विरोध किया तो रेफरी ने उनके साथ गाली-गलौज की और मारपीट की।इस घटना के बाद दंगल में भगदड़ मच गई। सूचना मिलते ही थाना प्रभारी फतेहपुर सीकरी धर्मेंद्र दहिया पुलिस बल और पीएसी के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस को देखते ही आरोपी फरार हो गए। पीड़ित महिला पहलवान ने थाने में शिकायत दर्ज कराई है। थाना प्रभारी धर्मेंद्र दहिया ने आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई का आश्वासन दिया है। पुलिस आरोपियों की तलाश में जुटी है।



# आगामी त्यौहारों को लेकर थाना अछनेरा पर हुई पीस कमेठी की बैठक

सांध्य पहल संवाददाता

**आगरा/अछनेरा।** आगामी त्यौहारों पर शांति व्यवस्था बनाए रखने को लेकर शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। थाना अछनेरा पर शुक्रवार को थाना प्रभारी अछनेरा विनोद कुमार मिश्र के नेतृत्व में शांति समिति की बैठक आयोजित हुई। जिसमें आगामी त्यौहारों नवरात्रि व ईद उल अजहा व धार्मिक मेले व अम्बेडकर जयंती समेत अन्य त्योहारों के चलते शुक्रवार को थाना अछनेरा पर अलविदा की नमाज सम्पन्न होने के पश्चात थाना परिसर में हिन्दू व मुस्लिम दोनों धर्मों के लोगों के साथ थाना प्रभारी अछनेरा विनोद कुमार मिश्र ने पीस कमेठी की बैठक रखी। बैठक में मुख्य रूप से मुस्लिम समाज ने ईद वाले दिन सुबह 11 बजे तक विधुत आपूर्ती सुचारु रखने की अपील की और नगर में सफाई व्यवस्था की मांग की वहीं थाना अध्यक्ष विनोद कुमार मिश्र ने कहा कि ईद पर सभी लोग भाईचारे का परिचय दें एवं किसी भी रोड या रास्ते पर नमाज न पढ़ें वहीं अछनेरा के लोगों ने कहा कि नवरात्रि के चलते मंदिरों के आसपास साफ सफाई की व्यवस्था कराई जाए। बैठक में मुख्य रूप से अधिशासी अधिकारी अछनेरा अरुण कुमार यादव जेई कुलदीप कुमार,चेयरमैन प्रतिनिधि महेंद्र सिंह भगत , सभासद शिवा माहौर सभासद, पवन छौंकर सभासद रामेश्वर वर्मा मनोज पाठक, गीतम प्रधान, जीतेन्द्र फौजदार तुरकिया, समेत अन्य गांवों के सैकडों लोग मौजूद रहे।



## संपादकीय

# अंतरिक्ष यात्रियों की सुरक्षित वापसी

लंबे इंतजार के बाद आखिर, अंतरिक्ष यात्री सुनीता विलियम्स और बुच विलमोर दो अन्य अंतरिक्ष यात्रियों के साथ स्पेसएक्स के ड्रैगन कैप्सूल के जरिए पृथ्वी पर वापिस आ गए। दोनों एस्ट्रोनॉट जून में केवल आठ दिनों के लिए अंतराष्ट्रीय स्पेस स्टेशन पर गए थे मगर धरती पर वापस लाने वाले वाले यान के खराब होने के कारण नौ महीनों बाद वापसी संभव हुई। स्पेसएक्स एलन मस्क की कंपनी है, जिसका ड्रैगन कैप्सूल फ्लोरिडा के तटीय समुद्र में उन्हें लेकर सत्रह घंटों में सुरक्षित गिराया गया। नासा की लाइव तस्वीरों द्वारा दुनिया भर में बेसब्री से इंतजार कर रहे लोगों ने अंतरिक्ष यात्रियों को देखा। अंतरिक्ष में तकरीबन 286 दिन बिताने वाले इन यात्रियों ने प्रति दिन सोलह बार सूर्योदय और सूर्यास्त देखा। जांच के बाद विशेषज्ञों का कहना है कि उनका स्वास्थ्य बिल्कुल ठीक है। हालांकि वे कुछ समय के लिए रिकवरीशिप में रहेंगे। उसके बाद परिवार से मिलने की इजाजत दी जाएगी। फिर वे अपने अनुभव विशेषज्ञों से बांटेंगे और लंबी छुट्टी पर चले जाएंगे। अंतरिक्ष में रहने का वक्त अधिकतम छह माह माना गया है, मगर सुनीता और बुच को नौ माह रहना पड़ा जिसका शरीर पर गहरा असर होता है। गुरुत्वाकर्षण शून्य होने के कारण खून का प्रवाह प्रभावित होता है और हड्डियां/मांसपेशियां कमजोर होती जाती हैं। हालांकि यह धरती के वातावरण में आते ही प्राकृतिक रूप से सामान्य हो जाएगा। इसका मानसिक सेहत पर भी गहरा असर हो सकता है क्योंकि बार-बार यात्रियों के पृथ्वी पर लौटने की उम्मीदें नाममात्र रहने से इन्हें बुरी तरह अवश्य प्रभावित किया होगा। नासा ने बताया कि इस दरम्यान विलियम्स ने 150 वैज्ञानिक प्रयोग किए और नौ सौ घंटे रिसर्च में बिताए जो अंतरिक्ष वैज्ञानिकों के लिए मददगार साबित हो सकते हैं। अंतरिक्ष में मैराथन दौड़ने वाली पहली अंतरिक्ष यात्री रहीं विलियम्स अपनी तीन अंतरिक्ष यात्राओं के दौरान बासठ घंटों से ज्यादा का स्पेस वॉक कर चुकी हैं। उनके पिता भारतीय हैं, इसलिए सुनीता के सुरक्षित लौटने को लेकर भारतवासी चिंतित थे। उन्होंने विभिन्न धार्मिक आयोजन किए। अंतरिक्ष में समोसे और गीता-उपनिषद ले जाने की बात कर विलियम्स ने भारतीयों में और भी अपनायित पैदा कर दी थी। इसका बड़ा श्रेय तो मस्क को ही जाता है। हालांकि उन्होंने इसे अमेरिकी चुनावों में राजनीतिक जंग के तौर पर इस्तेमाल किया था। बहरहाल, अंतरिक्ष यात्रियों की सुरक्षित वापसी ने दुनिया भर में मुस्कुराहट फैलाने का काम किया है।

# सम्राट विक्रमादित्य और उनकी अविस्मरणीय यशगाथा

(अंजनी सक्सेना -विभूति फीचर्स)



सम्राट विक्रमादित्य का वर्णन एक अलौकिक व्यक्ति की भाँति अनेक ग्रंथों और लोककथाओं में मिलता है। वे पिछली दो शताब्दियों से जनसामान्य के हृदयों के नायक रहे हैं। उन्होंने विदेशी आक्रांता शकों का सम्पूर्ण उन्मूलन करके भारत भूमि पर धर्म और न्याय की पुनर्स्थापना की।वे इतने लोकप्रिय सम्राट हुए कि अपने जीवनकाल में ही किंवदंती बन गए थे।उनके बारे में कहा जाता है-

**यत्कृतम् यन्न केनापि, यद्दतं यन्न केनचित।**
**यत्साधितमसाध्यं च विक्रमार्केण भूभुजा ॥**

अर्थात विक्रमादित्य ने वह किया जो आज तक किसी ने नहीं किया, वह दान दिया जो आज तक किसी ने नहीं दिया, वह असाध्य साधना की जो आज तक किसी ने नहीं की ।

ऐसे प्रतापी,बलशाली और विद्वान महाराजा विक्रमादित्य का प्रारम्भिक उल्लेख स्कंद पुराण और भविष्य पुराण सहित अन्य पुराणों में भी मिलता है। उसके अतिरिक्त विक्रम चरित्र, कालक-कथा, बृहत्कथा, गाथा-सप्तशती, कथासरित्सागर, बेताल पचीसी, सिंहासन बत्तीसी, प्रबंध चिंतामणि सहित अनेक संस्कृत ग्रंथों में उनके यश का वर्णन विस्तार से किया गया है। जैन साहित्य के पचपन ग्रंथों में विक्रमादित्य का उल्लेख मिलता है। संस्कृत और जैन साहित्य के अतिरिक्त चीनी और अरबी-फारसी साहित्य में भी विक्रमादित्य की कथा उपलब्ध है, जो कि उनकी ऐतिहासिकता को प्रमाणित करती है। विक्रमादित्य यानी वीरता का वह नाम जिन्हें कभी भी कोई भूल नहीं सकेगा। सवा दो हजार वर्षों के बाद आज भी उनके नाम से इतिहास मापा जाता है। ईसा से 101 वर्ष पूर्व जन्मे महान राजा विक्रमादित्य के नाम से अत्यंत प्राचीन हिन्दू पंचांग विक्रम संवत या विक्रमी संवत का आरम्भ हुआ। जिससे आज भी सभी भारतीय घरों में तीज त्यौहारों की गणना की जाती है। इतिहासकार डॉ.भगवतीलाल राजपुरोहित का मानना है कि अठारह पुराणों में से तीन पुराण स्कंदपुराण, भविष्यपुराण और भविष्योत्तर पुराण में बताया गया है कि कलि संवत 3000 में विक्रमादित्य हुए थे। इस तरह सम्राट विक्रमादित्य का जन्म 101 ईसापूर्व में माना जाता है। वे जब सम्राट बने तो उनकी आयु 20 वर्ष थी। यह घटना 81 ईसा पूर्व की है। उनकी कुल आयु 137 वर्ष 7 माह और 15 दिन की थी। उज्जैन में उन्होंने 100 साल तक शासन किया।

**विक्रमादित्य की वीरता**

विक्रम संवत की गणना के अनुसार लगभग 2288 वर्ष पूर्व जन्मे विक्रमादित्य का वास्तविक नाम विक्रमसेन था। उनके पिता उज्जैन के राजा गन्धर्व सेन और माता सौम्यदर्शना थीं। बचपन से ही निर्भीक और पराक्रमी विक्रम के आगे चलकर भारत के चक्रवर्ती सम्राट बनने की कहानी तो जैसे स्वयं महादेव ने ही लिख रखी थी। जब बर्बर शकों ने भारत पर आक्रमण किया तो विक्रमादित्य के पिता राजा गर्दभिल्ल यानी राजा गंधर्वसेन के साथ उनका भयंकर युद्ध हुआ। इस युद्ध में राजा गर्दभिल्ल की पराजय हुई और शकों ने भारत में अपनी जीत की निशानी के तौर पर शक संवत की शुरुआत कर दी। धीरे-धीरे शकों ने भारत के कई भागों को अपने कब्ज़े में ले लिया। जब शकों ने सम्पूर्ण भारत में हाहाकार मचा रखा था तो दूसरी ओर विक्रमसेन अपनी विराट महाकाल सेना तैयार कर रहे थे और फिर विक्रमादित्य ने न केवल शकों को भारत से भागने पर मजबूर कर दिया बल्कि भारत के अपने विशाल साम्राज्य को अरब से लेकर तुर्की तक भी फैला दिया।

**विक्रम संवत की स्थापना**

57 ईसा पूर्व में शकों का काल बनकर युद्ध जीतने के बाद विक्रमादित्य ने शकों पर विजय के उपलक्ष्य में विक्रम संवत की स्थापना की। भारत के इस गौरवमयी विक्रम युग में विक्रमादित्य ने अपने साम्राज्य का विस्तार करना आरम्भ किया। विक्रम युग की महिमा इस तथ्य से ज्ञात होती है कि आज भी भारत के साथ ही नेपाल का भी सर्वमान्य संवत 'विक्रम संवत' ही है।

## शब्द सामर्थ्य -002


(भागवत साहू)

**बाएं से दाएं**

1. जीत, फतेह 3. राशन सामान बेचने वाली एक जाति, वैश्य 6. मुर्गी की जाति की एक पक्षी, आधा... आधा बटेर 7. कमल, पंकज, भारत के एक दिवंगत प्रधानमंत्री का नाम 8. नहाने का स्थान, स्नानागार 10. ख्वाब, स्वप्न 12. बुलावा, निमंत्रण 14. तबाही, बर्बादी 17. कत्ल, वध 18. क्षतिपूर्ति, मुआवजा 19. करार, चैन, आराम 21. दृष्टि, निगाह 23. नाश करने योग्य 24. लाडला, प्यारा 25. सीताजी, जनकनंदनी।

**ऊपर से नीचे**

1. शादी, ब्याह 2. अनाथ, निराश्रित 3. साल, वर्ष 4. दोस्ताना, यारी 5. सुर, देव, भगवान 9. मनुष्य, इंसान, आदमी 11. पाटा जाना, चुकता करना, बात तय करना 12. कार्यक्षेत्र, गोल घेरा, वृत्त 13. अधीनता, मातहती, अधिकार 15. नगर 16. गैरजरूरी 20. दृष्टांत, सुपुर्दगी, उदाहरण 22. धरती, भूतल, धरातल।



**शब्द सामर्थ्य क्रमांक 001 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| अं | त | ■ | म | री | ज | ■ | ■ | ■ |
| ग | ह | न | ता | ■ | ब | र | ब | स |
| ■ | की | ■ | धि | क्का | र | ■ | र | मा |
| ■ | का | ■ | का | ■ | द | वा | खा | ना |
| प | त | वा | र | ■ | स्त | र | ■ | ■ |
| ह | ■ | ■ | ■ | ■ | ■ | दा | मि | नी |
| ना | ■ | ए | ह | ति | या | त | ■ | लां |
| वा | च | क | ■ | हा | ■ | ■ | खू | ब |
| ■ | ■ | ता | ब | ड़ | तो | ड़ | ■ | र |

# देश में जलवायु परिवर्तन-नई नीति की दरकार

राकेश दुबे

और भारतीय रिजर्व बैंक के मार्च बुलेटिन में प्रकाशित एक अध्ययन में भी एक गंभीर चिंता जताई गई है, जो देश में वर्षा के वितरण में तेजी से आ रहे बदलाव और खाद्यान्न फसलों पर इसके असर से जुड़ी है। अध्ययन कहता है कि भारतीय कृषि अब भी काफी हद तक मॉनसून पर निर्भर है। आधुनिक सिंचाई सुविधाओं के विस्तार और जलवायु परिवर्तन से बेअसर रहने वाले नई किस्मों के बीज तैयार होने से राहत तो मिली है मगर मॉनसूनी बारिश अब भी निर्णायक होती है। दक्षिण-पश्चिम मॉनसून के दौरान होने वाली वर्षा खरीफ सत्र में कृषि उत्पादन के लिए बेहद जरूरी है। वर्षा का तरीका बदलने या सूखे जैसी स्थिति से फसल उगाने का चक्र बिगड़ जाता है और कीटों एवं पौधों से जुड़ी बीमारियों की समस्या भी बढ़ जाती है। पर्याप्त और समान वर्षा होने से कृषि उत्पादकता बढ़ जाती है। मॉनसून में अच्छी बारिश रबी सत्र के अनुकूल होती है। मिट्टी में पर्याप्त नमी रहने और जलाशयों में पानी का स्तर अधिक रहने से गेहूं, सरसों और दलहन जैसी फसलों की बोआई के लिए आदर्श स्थिति तैयार होती है। खरीफ सत्र में मोटे अनाज, तिलहन, दलहन और चावल की उपज में सालाना वृद्धि के आंकड़े देखें तो जिस साल दक्षिण पश्चिम मॉनसून सभी फसलों के लिए बेहतर रहा उस साल उत्पादन भी ज्यादा रहा। लेकिन अतिवृष्टि ने मक्के और तिलहन की उपज बिगाड़ी। अध्ययन में कहा गया है कि उत्पादन इस बात पर भी निर्भर करता है कि मॉनसूनी बारिश कब आती है। उदाहरण के लिए जून और जुलाई में कम बारिश मक्का, दलहन और सोयाबीन के लिए खास तौर पर नुकसानदेह होती है क्योंकि मिट्टी में नमी कम होने के कारण बोआई अटक जाती है और पौधों की शुरुआती बढ़वार पर भी असर पड़ता है। इसी तरह कटाई के समय अत्यधिक वर्षा से तिलहन उत्पादन घट जाता है।

पिछले साल मॉनसून में शानदार वर्षा और सटीक ठंड रहने से चालू वित्त वर्ष में फसलों का उत्पादन बेहतर रहने की उम्मीद है। अनुमान है कि पिछले साल के मुकाबले खरीफ का उत्पादन 7.9 प्रतिशत और रबी का 6 प्रतिशत बढ़ सकता है। भारतीय मौसम विभाग ने 2025 के लिए मॉनसून के अनुमान जारी नहीं किए हैं मगर विश्व मौसम विज्ञान संगठन का अनुमान है कि भारत में इस साल वर्षा सामान्य या इससे अधिक हो सकती है। ध्यान रहे कि जलवायु परिवर्तन के कारण बारिश के पैटर्न में आने वाले बदलाव कृषि उत्पादन पर ज्यादा असर डाल सकते हैं। मौसम की अतिरंजना अब अनोखी बात नहीं रह गई है। भारत में पिछले साल 365 में से 322 दिन मौसम की अति दिखी थी। इससे देश में 4.07 लाख हेक्टेयर क्षेत्र में लगी फसलें प्रभावित हुईं। 2023 में 318 दिन मौसम ऐसा रहा था। जब तक इन प्रतिकूल परिस्थितियों से निपटने के लिए बहु-आयामी नीति नहीं अपनाई जाती है तब तक ऐसी घटनाएं बढ़ती ही रहेंगी। पिछले साल कम और असमान वर्षा के कारण गर्म हवा और बाढ़ की 250 घटनाएं सामने आईं।

## सू- दोकू क्र.002

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 2 | | 6 | | 8 | | 3 | |
| 9 | | 8 | | 3 | | 4 | | |
| | | | | | | | 5 | |
| 5 | | 2 | | | 7 | | 6 | |
| | 8 | | 4 | | | 1 | | 3 |
| | | | | 9 | | | | |
| 8 | | | 9 | | | | 1 | |
| | 5 | | | 1 | | 6 | | 2 |
| | | 1 | 7 | | | | 4 | |

**नियम**

1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गों का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक र सकते है।
3. बाएं से दाएं और उपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

**सू-दोकू क्र.001 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 6 | 3 | 8 | 1 | 4 | 9 | 7 | 5 |
| 9 | 5 | 4 | 2 | 6 | 7 | 3 | 1 | 8 |
| 8 | 7 | 1 | 9 | 3 | 5 | | 6 | 2 |
| 6 | 2 | 7 | 5 | 4 | 8 | 4 | 3 | 9 |
| 3 | 9 | 8 | 6 | 7 | 1 | 2 | 5 | 4 |
| 4 | 1 | 5 | 3 | 2 | 9 | 6 | 8 | 7 |
| 5 | 3 | 2 | 4 | 8 | 6 | 7 | 9 | 1 |
| 1 | 8 | 6 | 7 | 9 | 2 | 5 | 4 | 3 |
| 7 | 4 | 9 | 1 | 5 | 3 | 8 | 2 | 6 |

## राशिफल

**मेष**

मेष राशिः आज तरक्की के नये रास्ते खुले नजर आयेंगे। शाम तक अच्छी खबर मिलने की संभावना बन रही है। आप माता-पिता के साथ धार्मिक स्थल पर दर्शन के लिए जायेंगे। पारिवारिक जीवन खुशहाल बना रहेगा। आप आसपास के लोगों से सहानुभूति बनाये रखेंगे। सॉफ्टवेयर इंजीनियर्स के लिए दिन खास रहने वाला है। आपके साथ सब कुछ अच्छा होगा। आज आपका स्वास्थ्य पहले से बेहतर रहेगा। लवमेट के लिए आज का दिन अच्छा रहने वाला है। कुल मिलाकर आज का दिन अच्छा रहने वाला है।

**वृषभ**

वृष राशिः आज करियर के मामले में आपको बड़ी सफलता मिलेगी। कार्यक्षेत्र में धन लाभ के अवसर मिलेंगे। बिजनेस मैन को काम में बेहतर अपॉर्चुनिटिज़ मिलेगी। आज आप कुछ ऐसे लोगों के साथ जुड़ेंगे, जो आपकी हर तरह से मदद के लिये तैयार रहेंगे। आपको अपने सगे-संबंधियों से भी पूरा लाभ मिलेगा। परिवार में खुशी का माहौल रहेगा। साथ ही ऑफिस में स्थिति आपके फेवर में रहेगी। दोस्तों के साथ कुछ हंसी-खुशी के पल बितायेंगे। आज आपका दाम्पत्य जीवन अच्छा रहने वाला है।

**मिथुन**

मिथुन राशिः आज का दिन आपके अनुकूल रहने वाला है। दाम्पत्य रिश्ते की दूरियां खत्म होगी, रिश्ते में मधुरता आयेगी। बिजनेस में किसी काम को लेकर उलझ सकते हैं, लेकिन किसी अनुभवी की सलाह से जल्द ही सब ठीक हो जायेगा। बच्चे आपसे अपनी बात शेयर कर सकते हैं। आज उधार लेन-देन से आपको बचना चाहिए। किसी काम से आपको अधिक भागदौड़ करनी पड़ सकती है। साथ ही कामकाज की व्यस्तता में आपको खाना-पीना बिल्कुल नहीं भूलना चाहिए। आपको थोड़ा एक्सरसाइज पर भी ध्यान देने की जरूरत है।

**कर्क**

कर्क राशिः आज का दिन आपके लिए अच्छा रहने वाला है। आज आपको अपनी प्रतिष्ठा में वृद्धि लाने के लिए कई अवसर प्राप्त होंगे। आप अपने जीवन को और बेहतर बनाने के लिए अग्रसर रहेंगे। घर में नए मेहमान के आने की संभावना है। एक साथ बैठकर किसी खास मामले पर बातचीत हो सकती है। आज आप किसी तरह की राजनीति में उलझ सकते हैं। ऑफिस में काम की अधिकता थोड़ी ज्यादा होगी। खिलाडियों के लिए आज का दिन अच्छा रहने वाला है।

**सिंह**

कन्या राशिः आज आपका दिन कुछ खास लेकर आने वाला है। घर का वातावरण खुशनुमा बना रहेगा। किसी जरुरी काम में थोड़ी सी मेहनत करने से ही सफलता मिल जायेगी। लवमेट के लिए दिन फेवरेबल रहने वाला है, रिश्ते में नयापन आयेगा। वेब डिजाईनर्स के लिए दिन उत्तम रहने वाला है। बच्चे पढ़ाई के मामले में अपने दोस्तों से प्रेरणा लेंगे। आज आपको बड़ी खुशखबरी मिलने वाली है, ये खुशखबरी आपके प्रमोशन से जुड़ी होगी। वैवाहिक जीवन में खुशियाँ बढ़ेंगी। आपके सुख-साधनों में बढ़ोतरी होगी।

**कन्या**

सिंह राशिः आज आपको लाभ के कई अवसर प्राप्त होंगे। जो लोग जॉब की तलाश कर रहे हैं, उन्हें जॉब पाने का सुनहरा अवसर मिलेगा। केमिस्ट्री स्टूडेंट्स के लिए दिन मिला-जुला रहने वाला है। मेहनत के बल पर आपको सफलता मिलेगी। आज कुछ अनुभवी लोगों से बेहतर सलाह मिलेगी। घर पर मेहमानों का आगमन आपको प्रसन्नता देगा। आज आपको खास बात पता चल सकती है, जिससे आप खुद को सरप्राइस महसूस करेंगे। राजनीति से जुड़े लोगों के लिए दिन अच्छा रहने वाला है।

**तुला**

तुला राशिः आज का दिन आपके लिए ठीक-ठाक रहने वाला है। आज मन स्थिर न होने की वजह से आप थोड़े उलझे हुए नज़र आयेंगे, लेकिन शाम तक आप बेहतर महसूस करेंगे। ऑफिस में सहयोगियों के साथ किसी प्रोजेक्ट को लेकर प्लान बनायेंगे। किसी काम को पूरा करने के लिए आज आपको अधिक मेहनत करनी पड़ेगी। आप किसी सामाजिक आयोजन में जा सकते हैं। आज सोशल मीडिया पर आपकी किसी पोस्ट को लोग ज्यादा पसंद करेंगे। छात्रों को थोड़ी और मेहनत करने की जरुरत है।

**वृश्चिक**

वृश्चिक राशिः आज का दिन आपके लिए उत्तम रहने वाला है। आज अच्छे प्रदर्शन का प्रभाव आपके करियर पर स्पष्ट रूप से दिखाई देगा। आप अपने सीनियर्स के प्रति अच्छा व्यवहार बनाये रखेंगे। बायोलॉजी स्टूडेंट्स के लिए दिन बेहतरीन रहने वाला है। टीचर्स का आपको पूरा सपोर्ट मिलेगा। माता-पिता के साथ कहीं घूमने जायेंगे। आज बड़ा ऑफर मिलने से अच्छा धन लाभ होने की उम्मीद है। आप अपनी बात को साफ ढंग से रखने में सफल होंगे।

**धनु**

धनु राशिः आज पैसों से जुड़ा मामला आसानी से सुलझ जायेगा। आज दिनभर उत्साह और कॉन्फिडेंस रहेगा। आपको कुछ नई चीज़ों से जुड़ाव महसूस होगी। आपके स्वभाव में धीरज बना रहेगा। आप अपनी सभी समस्याओं का हल आराम से ढूंढ निकालेंगे। आज आप जो काम शुरू करेंगे उसमें आपको सफलता जरूर मिलेगी। आप कुछ समय मनोरंजन में भी बितायेंगे। आपकी मुलाकात किसी ऐसे व्यक्ति से होगी, जिसका आपके जीवन पर गहरा प्रभाव पड़ेगा। आज आपका आर्थिक पक्ष मजबूत रहेगा।

**मकर**

मकर राशिः आज आपकी सेहत पहले की अपेक्षा अच्छी रहेगी। आज का दिन खुद में बदलाव लाने के लिये अच्छा है। करियर में आपकी सफलता सुनिश्चित होगी। आज आपको घर के वरिष्ठ लोगों का सहयोग प्राप्त होगा। व्यवसाय के सिलसिले में विदेश यात्रा करनी पड़ सकती है। परिवार में आपके गुणों की प्रशंसा होगी, जिससे आपका मन खुश रहेगा। आज आप अपने मन की बात दोस्तों से शेयर कर सकते हैं। आपको आगे बढ़ने के लिए नई योजनाएं बनानी पड़ सकती है।

**कुंभ**


कुंभ राशिःआज आपको उम्मीद से ज्यादा धन प्राप्त होगा। नौकरीपेशा लोगों को काम में सफलता हासिल होगी। आपके रुके हुए काम आज जरूर पूरे होंगे। ऑफ़िस में किसी बड़े अधिकारी का सहयोग मिलेगा। व्यापारियों को आय के नए स्रोत मिलेंगे। साथ ही आज आप सेहतमंद बने रहेंगे। आप जीवनसाथी के सहयोग से किसी नये काम की शुरुआत के बारे में सोच सकते हैं। आज आपकी सकारात्मक सोच जिंदगी में बड़ा बदलाव ला सकती है। कुल मिलाकर आज का दिन बढ़िया रहेगा।

**मीन**

मीन राशिःआज करियर के मामले में चीज़ें बेहतर होने के आसार हैं। आप अपना काम अच्छे से पूरा करने की कोशिश करेंगे। आज आप जीवनसाथी के साथ घूमने जायेंगे, उनके लिए खरीदारी भी करेंगे। लम्बे समय से चल रही किसी स्वास्थ्य संबंधी समस्या से आज आपको छुटकारा मिलेगा। परिवार में आपको सबका सहयोग मिलता रहेगा। आज आप किसी भी काम को जल्दबाजी में करने से बचे । किसी दोस्त की मदद से आज आपको अच्छी नौकरी मिलेगी। लवमेट आज मूवी देखने जायेंगे, साथ में डिनर का प्लान बनेगा।

# चैत्र शुक्ल प्रतिपदा पर नववर्ष के नव संकल्प

(शिवप्रकाश-विनायक फीचर्स)



भारतीय कालगणना के अनुसार चैत्र शुक्ल प्रतिपदा को विक्रमी संवत 2082 प्रारंभ हो रहा है ।आंग्ल तिथि के अनुसार 30 मार्च रविवार का यह दिन है । भारतीय स्वाभिमान के प्रतीक अनेक ऐतिहासिक प्रसंग चैत्र शुक्ल प्रतिपदा के साथ जुड़ें है । पृथ्वी की उत्पत्ति के कारण पृथ्वी संवत, सृष्टि प्रारंभ दिवस के कारण सृष्टि संवत, श्रीराम जी का राज्याभिषेक, कलयुग संवत,युधिष्टिर संवत, विक्रम संवत (2082), शालिवाहनशकसंवत (1947),युगाब्द(5127),मालव संवत, गुडी पड़वा, आर्य समाज स्थापना, उगादि, गुरु अंगद देव का जन्म दिवस एवं झूलेलाल जी का अवतरण दिवस आदि सभी प्रेरणा दिवस इस शुभ दिन के साथ जुड़े है। शक्ति की उपासना के प्रतीक नवदुर्गा का प्रारंभ एवं राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के संस्थापक डॉ0केशवराव बलिराम हेडगेवार का जन्म भी वर्षप्रतिपदा ही है।

भारतीय स्वाभिमान के प्रतीक जीवन की समस्त विधाओं में भारत की अग्रगणीयता, आर्थिक समृद्धि,प्रकृति में वसंत अर्थात सम्यक परिवर्तन की दिशा का संदेश संपूर्ण मानवता को चैत्र शुक्ल प्रतिपदा देती आई है । भारतीय समाज में व्यैक्तिक एवं सामूहिक जीवन में उत्थान के लिए नव वर्ष पर नव संकल्प लेने की परंपरा है।इस विक्रम संवत के आगमन पर हम हर्ष एवं उल्लास के साथ नव वर्ष का स्वागत करें एवं भावी समाज को संरक्षित करने की दिशा में नवसंकल्प लें।

शारीरिक ‒ ÷शरीरमाध्यम्खलु धर्म साधनम÷(अर्थात धर्म के साधन का मार्ग स्वस्थ शरीर ही है) भारत में असावधानी के कारण हमारा खानपान स्थूल(मोटापा) शरीर का निर्माण कर रहा है । जिसके कारण अनेक रोग हमारे शरीर को अपना घर बना रहे हैं ।दुनिया के देशों की तुलना में हमारे देश में गंभीर रोगों का औसत अधिक है । प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने देश को संबोधित करते हुए ÷फिट इंडिया÷ का संदेश दिया था । नव वर्ष पर यदि हम अपनी प्रतिदिन की दिनचर्या में संतुलित आहार, व्यायाम एवं योग को स्थान देंगे तब हमारा स्वास्थ्यअच्छा होगा। हमारा स्वास्थ्य ही राष्ट्र के स्वास्थ्य से जुड़ा है । इसको हम प्रतिदिन का संकल्प बनाएं।

**पारिवारिक**

भारतीय समाज के चिरंजीवी होने के अनेक कारणों में से महत्वपूर्ण है हमारी पारिवारिक




व्यवस्था। संपूर्ण विश्व इस पारिवारिक व्यवस्था का अध्ययन एवं अनुपालन करने का प्रयास कर रहा है । परिवार के सभी सदस्यों में सामूहिकता, सुरक्षा, परस्पर प्रेम और आत्मीयता का अंकुरण होता है । परिवार टूटने के कारण ही दुनिया के देश अपने बजट का बड़ा भाग सामाजिक सुरक्षा पर खर्च कर रहे हैं ।भारत में दुनिया की तुलना में यह न्यून है। हम अपने परिवार के वृद्धों को सम्मान एवं आत्मीयता दें । इसका परिणाम होगा कि नवीन पीढ़ी में भी यह संस्कार आएगा । परिवार के सदस्य सामूहिक भोजन, सामूहिक भजन एवं वर्ष में एक-दो बार विशेष प्रसंगों पर वृहद् परिवार मिलन कर पारिवारिक व्यवस्था को सुदृढ़ करने का संकल्प लें ।

**भाषा सीखे**

विशाल भूभाग वाले अपने देश में अनेक भाषाओं एवं बोलियों का उपयोग होता है 7 सभी भाषाओं में एक अन्तर्निहित एकात्मता है 7 हम अपनी मातृभाषा के साथ-साथ एक और दूसरे प्रदेश की भाषा सीखने का प्रयास करें । जिसके कारण हम उस भाषा के साहित्य में छिपे तत्वज्ञान,महापुरुषों एवं परंपराओं को समझ सकेंगे, एवं राष्ट्र की एकात्मता वृद्धि में सहयोगी बन सकेंगे ।

**नागरिक अनुशासन**

देश के संविधान के प्रति आदर एवं श्रद्धा भाव, देश को सुचारू संचालित करने के लिए बनी व्यवस्थाओं का अनुपालन, देश की सम्पत्तियों का संरक्षण, नियमों का पालन,शुचिता पूर्ण कर्तव्य निष्ठ व्यवहार करने से देश में अनुशासन का भाव निर्माण होगा । यह अनुशासन ही किसी भी देश की महानता की गारंटी है । अभावग्रस्त समाज के लोगों को शिक्षा,भोजन,कार्य कुशलता निर्माण कर सेवा के माध्यम से समृद्ध करें। अपने चारों तरफ होने वाली घटनाओं के प्रति सजग रहते हुए समाज में सुरक्षितता का वातावरण बनाएं। नए-नए प्रयोगों के द्वारा रोज़गार प्रदान करते हुए भारत को आर्थिक समृद्ध कर, विकसित भारत के संकल्प की पूर्ति में सहायक होना हमारा संकल्प बने ।

संयमित एवं सादगी पूर्ण जीवन शैली

पंडित दीन दयाल उपाध्याय द्वारा स्थापित सिद्धांत ÷खर्च में संयम एवं उत्पादन में वृद्धि हम सभी के लिए मार्गदर्शक है ।÷आय से अधिक खर्च किसी भी समाज में भ्रष्टाचार को बढ़ावा देता है । समाज में एक दूसरे को देखकर अधिक खर्च की प्रवृत्ति भी बढ़ रही है 7 शादी-विवाह एवं शुभ प्रसंगों के समय बर्बाद होता भोजन यह राष्ट्र की संपत्ति का ही नुकसान है । यह दृष्टि लेकर व्यक्तिगत जीवन में सादगी एवं संयम पूर्ण व्यवहार से समाज को सम्यक दिशा दें 7 प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने भी अन्न की बर्बादी के संबंध में सम्पूर्ण देश को सचेत किया था।

**महिला सशक्तिकरण**

हमारे प्राचीन धर्म ग्रंथो में माँ (स्त्री) का बड़ा श्रेष्ठ स्थान (यत्र नार्यस्तु पूज्यन्ते रमन्ते तत्र देवताः ) था । कालांतर में समाज में अनेक कुप्रथाए आई । आज भी समाज में हृदय को विदीर्ण करने वाली अनेक घटनाएं होती रहती है । महिला हिंसा एवं दुर्व्यवहार को समाप्त करें। समाज में महिलाओं को समान स्थान,समान अवसर, निर्णयों में समान सहभागिता का वातावरण बनाने में हम सभी सहभागी बने।

**पर्यावरण संरक्षण**

महात्मा गाँधी जी का प्रसिद्ध वाक्य ""The Earth has enough resources for our need but not for our greed."भोगवादी जीवन शैली एवं प्रकृति के संसाधनों पर कब्जे की मनोवृति के कारण हमने पर्यावरण के साथ छेड़छाड़ की है । जिसका परिणाम है प्रदूषण एवं तापमान में वृद्धि। अनेक विद्वानों एवं पर्यावरण केंद्रित संस्थाओं के आकड़े हमें चिंतित करने वाले है। मनुष्य का जीवन भविष्य में सुरक्षित रहेगा अथवा नहीं यह सभी की चिंता का विषय है। हम इस नव वर्ष पर अपना जीवन पर्यावरण को संरक्षित करनेवाला बनाएं, एवं जल, भोजन, वायु, वनस्पति सभी शुद्ध रहे इसका संकल्प लें।

# दुनिया के सबसे बड़े और सबसे जीवंत लोकतंत्र को बनाए रखने और इसे मजबूत करने में पुलिस का बहुमूल्य योगदान : राज्यपाल श्री पटेल

## राज्यपाल ने प्रतियोगिता में शामिल खिलाड़ियों को सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के लिए दी बधाई और शुभकामनाएं



**भोपाल,ब्यूरो।** राज्यपाल श्री मंगुभाई पटेल ने कहा कि अखिल भारतीय पुलिस निशानेबाजी चैंपियनशिप का यह समारोह पुलिस बल की बहादुरी और कौशल का जश्न हैं। इसमें शामिल होना ही अत्यंत गर्व की बात है। राष्ट्र के गौरव पुलिस बल की 18वीं ऑल इंडिया स्पोर्टस निशानेबाजी प्रतियोगिता के समापन समारोह में शामिल होकर मुझे भी गर्व का अनुभव हुआ है राज्यपाल श्री पटेल मुख्य अतिथि के रूप में 24 मार्च से आयोजित 18वीं अखिल भारतीय पुलिस निशानेबाजी खेल प्रतियोगिता -2024 के समापन समारोह को संबोधित कर रहे थे। प्रतियोगिता का आयोजन सीएसडब्ल्यूटी के रेवती रेंज में किया गया। प्रतियोगिता में ओवरआल चैंपियनशिप (महिला) बीएसएफ टीम एवं ओवरआल चैंपियनशिप (पुरुष)- सीआईएसएफ की टीम विजयी रही। राज्यपाल श्री मंगुभाई पटेल ने कहा कि वह प्रतिभागी जो पदक प्राप्त करने से वंचित रह गए है, वे प्रतियोगिता के अनुभवों से सबक लेकर नए उत्साह के साथ नई शुरुआत करें, याद रहे कि जिद के आगे जीत होती है। कोशिश करने वाले की कभी हार नहीं होती है। खेल प्रतियोगिताएं केवल एक आयोजन मात्र नहीं होता है। यह ऐसा मंच है, जहां हमारी प्रतिभाएं अपने अभ्यास, कौशल और उत्साह का प्रदर्शन करते हैं। यह ऐसा अवसर होता है, जहां हम अपनी पारस्परिक एकता, सौहार्द और जीवन के उच्च आदर्शों का अनुभव प्राप्त करते हैं। प्रतियोगिता की वास्तविक सौगात यही है जिसका जीवन में अभ्यास आपको और अधिक कुशल और बेहतर इंसान बनाएगा। उन्होने दुनिया के सबसे बड़े और सबसे जीवंत लोकतंत्र को बनाए रखने और इसे मजबूत करने में हमारी पुलिस का बहुमूल्य योगदान का उल्लेख करते हुए कहा कि हमारे देश के पुलिस बलों के योगदान को सारा देश मानता और स्वीकारता है। हमारे देश की विशाल विविधता हमारी गौरवशाली विरासत है, हमारा अभिमान है। इसे सुरक्षित और संरक्षित रखना पुलिस बलों के लिए चुनौतीपूर्ण दायित्व है। समय की जरूरत है कि पुलिस चुस्त-दुरुस्त और आधुनिक बदलावों के साथ कदमताल करते हुए स्मार्ट अर्थात सेंसिटिव, मॉडर्न, अलर्ट, रेस्पॉन्सिव और टेक-रिच हो, जो सामाजिक समावेशन के एजेंट-ऑफ-चेंज के रूप में आगे आकर उस अंतिम व्यक्ति, जो वंचित और सबसे पिछड़ा है, को भी विकास की मुख्य धारा में जोड़ने में सहयोगी हो। लोगों की सेवा तथा मानव अधिकारों की रक्षा के पुलिस के दायित्वों का पालन उच्च आदर्शों के साथ करें। उन्होंने आशा व्यक्त की है कि प्रतियोगिता का अनुभव प्रतिभागियों को देशभक्ति और जन सेवा के संकल्प के लिए और अधिक समर्थ और संवेदनशील बनाएगा उनके राष्ट्र और जन सेवा के संकल्प को और भी अधिक मजबूत बना कर उन्हे कौशल उन्नयन और दक्षता प्राप्त करने के लिए निरंतर प्रेरित करेगा। उन्होंने देश के पुलिस संगठनों और राज्य पुलिस बल की टीमों के सभी महिला-पुरूष खिलाड़ियों को प्रतियोगिता में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन देने के लिए बधाई दी और आशा व्यक्त करते हुए कहा कि देश के सबसे स्वच्छ शहर में आयोजित प्रतियोगिता में शामिल होने का उनका अनुभव सुखद और सुविधा पूर्ण रहा होगा। उन्होंने प्रतियोगिता के विजेताओं को बधाई और शुभकामनाएं देते हुए चैंपियनशिप आयोजन में सहयोगी पुलिस अधिकारियों को धन्यवाद और साधुवाद दिया और कहा कि आपकी मेहनत और समर्पण ने ही इस चैंपियनशिप को सफल बनाया है।

आईजी बीएसएफ श्री सिंह ने स्वागत भाषण में राज्यपाल को अपना बहुमूल्य समय देने के लिए धन्यवाद दिया तथा आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उनकी उपस्थिति ने प्रतिभागियों का मनोबल बढ़ाया है तथा पूरे खेल आयोजन और इस संस्थान का महत्व बढ़ाया है। कार्यक्रम के आरंभ में आईजी सीएसडब्ल्यूटी एवं एसटीसी बीएसएफ इंदौर श्री आलोक कुमार सिंह के साथ डीआईजी (टीएंडएस) श्री राजन सूद, डीआईजी (सीआई) श्री वी. टी. कयारकर, कमांडेंट (ट्रेनिंग) सीएसडब्ल्यूटी श्री तीर्थ आचार्य तथा बीएसएफ अधिकारियों ने रेंज में मुख्य अतिथि की अगवानी की तथा उनका स्वागत किया। कार्यक्रम स्थल पर बीएसएफ समुदाय की एक छोटी बालिका ने फूलों का गुलदस्ता भेंट कर उनका स्वागत किया। समापन समारोह में बीएसएफ और पुलिस ब्रास बैंड द्वारा बजाए गए लयबद्ध मार्चिंग धुनों पर केंद्रीय पुलिस संगठनों और विभिन्न राज्य पुलिस टीमों के प्रभावशाली मार्च पास्ट और बीएसएफ बोल्ड्स टीम द्वारा एक आकर्षक शस्त्र मार्च और एनटीसीडी (राष्ट्रीय कुत्तों के प्रशिक्षण केंद्र), टेकनपुर के कुत्तों द्वारा सुरक्षा कर्तव्यों का पालन करते हुए विशेष रूप से भारतीय नस्ल के श्वानों की शक्ति का शानदार प्रदर्शन किया गया। इसके बाद इंदौर के डॉ. जुल्का के ग्रुप हेल्थ सोल्जर ग्रुप के विद्यार्थियों ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया। समापन समारोह के बाद राज्यपाल श्री पटेल ने शस्त्र गैलरी का अवलोकन किया, जहाँ पुराने और आधुनिक हथियारों का प्रदर्शन किया गया था। इसके बाद एयर गैलरी शूटिंग रेंज का भी अवलोकन किया।

# महाविद्यालय में अध्ययनरत विद्यार्थियों को दिलाए बेहतर चिकित्सकीय शिक्षा : उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल

## बस स्टैंड से मेडिकल कॉलेज तक के मार्ग का तेजी से कराएं चौड़ीकरण

**रीवा,कासं.।** उप मुख्यमंत्री एवं शहडोल जिले के प्रभारी मंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल की अध्यक्षता में बिरसा मुंडा शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय शहडोल की सामान्य सभा की बैठक हुई। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने निर्देश दिए हैं कि बिरसा मुंडा शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय शहडोल में अध्यनरत विद्यार्थियों को बेहतर से बेहतर चिकित्सकीय शिक्षा दिलाना सुनिश्चित करें, जिससे विद्यार्थी बेहतर चिकित्सकीय शिक्षा प्राप्त कर अच्छे चिकित्सक बन सके। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने शहडोल, अनूपपुर एवं उमरिया जिले के मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारियों से निरोगी काया अभियान की जानकारी ली।



उन्होंने निर्देश दिए कि गर्भवती महिलाओं का शत प्रतिशत पंजीयन कराया जाए और समय-समय पर महिलाओं के स्वास्थ्य की जांच की जाए। उन्होंने कहा कि सीएमएचओ एवं बीएमओ इस कार्य को प्राथमिकता से लें तथा गर्भवती महिलाओं की समय-समय पर जांच करने हेतु मैदानी अधिकारी एवं कर्मचारियों को निर्देशित करें तथा वरिष्ठ अधिकारी मॉनिटरिंग भी करें। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने निर्देश दिए कि संभागीय मुख्यालय शहडोल के बस स्टैंड से बिरसा मुंडा शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय तक के मार्ग का चौड़ीकरण का कार्य तेजी पूर्ण कराए जिससे आने जाने वाले वाहन सुगमता के साथ और मरीज समय पर मेडिकल कॉलेज तक पहुंचकर अपना इलाज करा सकें।

उप मुख्यमंत्री ने मरीजों को मेडिकल कॉलेज में दी जा रही सुविधाओं के बारे में भी जानकारी ली तथा सुचारू सेवा प्रदाय के निर्देश दिए। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने महाविद्यालय में आयुष्मान भारत योजना, जननी सुरक्षा योजना, परिवार कल्याण कार्यक्रम एवं प्रसूति सहायता योजना की जानकारी ली तथा निर्देश दिए कि केंद्र एवं राज्य सरकार द्वारा संचालित प्रत्येक योजना का लाभ मरीजों को दिलाना सुनिश्चित करें। इसके साथ ही उप मुख्यमंत्री ने चिकित्सा महाविद्यालय में इकोकार्डियोग्राफी, जनरल सर्जरी, टेली मेडिसिन, रेडियो डायग्नोसिस, ब्लड बैंक सहित अन्य डिपार्टमेंट की भी जानकारी ली। विधायक श्रीमती मनीषा सिंह, श्री जयसिंह मरावी,श्री शरद कोल, कमिश्नर शहडोल संभाग श्रीमती सुरभि गुप्ता, कलेक्टर डॉ. केदार सिंह, पुलिस अधीक्षक श्री राम जी श्रीवास्तव सहित स्थानीय जनप्रतिनिधि, विभागीय अधिकारी, बिरसा मुंडा शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय के चिकित्सक उपस्थित थे।

# जिले में स्कूल चलें हम अभियान एक से 4 अप्रैल तक

## कलेक्टर ने स्कूल शिक्षा विभाग के अधिकारियों को जारी किये दिशा-निर्देश

**रीवा,कासं.।** प्रदेश के साथ-साथ में जिले में भी नवीन शिक्षण सत्र वर्ष 2025-26 की शुरूआत एक अप्रैल से स्कूल चलें हम अभियान के रूप में की जायेगी। अभियान के दौरान एक से चार अप्रैल तक प्रतिदिन शालाओं में कार्यक्रम आयोजित होंगे। इस संबंध में कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने स्कूल शिक्षा विभाग के अधिकारियों को दिशा-निर्देश जारी किये हैं। अभियान के दौरान सरकारी स्कूलों में विद्यार्थियों के नामांकन पर विशेष ध्यान दिया जायेगा। जिला-शाला स्तरीय प्रवेशोत्सव कार्यक्रम चयनित शाला में होगा। कार्यक्रम में सांसद, विधायक एवं अन्य जन-प्रतिनिधि शामिल होंगे। उपस्थित छात्र-छात्राओं को निश्शुल्क पाठ्य-पुस्तकें वितरित की जायेंगी। स्कूल शिक्षा विभाग ने ऐसी व्यवस्था की है कि नये शैक्षणिक सत्र की शुरूआत में विद्यार्थियों को पाठ्य-पुस्तकें मिल जायें।

इस संबंध में जिला शिक्षा अधिकारी और मैदानी अमले को विभाग द्वारा निर्देश जारी कर दिये गये हैं। ग्राम और बसाहट के शाला से बाहर रहे चिन्हित बच्चों का शाला में नामांकन कराया जायेगा। बच्चों के अभिभावकों का शाला स्तर पर स्वागत किया जायेगा। कक्षा-1 से 8 तक सभी शालाओं में एक अप्रैल को बालसभा का आयोजन किया जायेगा। इस दिन शालाओं में विशेष भोजन की व्यवस्था भी की गयी है।

**भविष्य से भेंट कार्यक्रम**

स्कूल चलें हम अभियान के दूसरे दिन शालाओं में ÷भविष्य से भेंट'' कार्यक्रम होगा। इस कार्यक्रम में समाज के विभिन्न क्षेत्रों के प्रसिद्ध, प्रबुद्ध और सम्मानित व्यक्तियों को एक प्रेरक की भूमिका में विद्यार्थियों से भेंट के लिये आमंत्रित किया जायेगा।

इसी दिन स्थानीय स्तर पर विशिष्ट उपलब्धियाँ हासिल करने वाले खिलाड़ी, साहित्यकार, कलाकार, मीडिया, संचार मित्रों, पुलिस अधिकारी, राज्य शासन के अधिकारी को विशेष रूप से आमंत्रित किया जायेगा। आमंत्रित अतिथि उपस्थित बच्चों को पढ़ाई के महत्व और प्रेरणादायी कहानियाँ सुनायेंगे। इस दौरान सामाजिक संस्था एवं आमंत्रित व्यक्ति स्वैच्छा से विद्यार्थियों को शाला उपयोगी वस्तुएँ भेंट कर सकेंगे। जिले के प्रथम एवं द्वितीय श्रेणी के अधिकारियों को किसी एक शाला में जाकर एक कालखण्ड में बच्चों के साथ संवाद करने के लिये संवाद करने के भी निर्देश दिये गये हैं।

**सांस्कृतिक एवं खेल-कूद गतिविधियाँ**

स्कूल चलें हम अभियान के अंतर्गत 3 अप्रैल को शाला स्तर पर पालकों के साथ सांस्कृतिक एवं खेल-कूद की गतिविधियाँ आयोजित की जायेंगी। इसका उद्देश्य पालकों का विद्यालय से जुड़ाव करना है। इसी दिन शाला में उपस्थित पालकों को शैक्षणिक स्टॉफ द्वारा राज्य सरकार की स्कूल शिक्षा से जुड़ी सरकारी योजनाओं की जानकारी दी जायेगी। पिछले शैक्षणिक सत्र में जिन विद्यार्थियों की 85 प्रतिशत से अधिक उपस्थिति रही है, उनके पालकों को सभा में सम्मानित किया जायेगा।

**हार के आगे जीत**

स्कूल चलें हम अभियान के अंतर्गत 4 अप्रैल को ऐसे छात्रों को चिन्हित किया जायेगा, जो किन्हीं वजहों से कक्षोन्नति प्राप्त करने में असफल हो गये हैं। पालकों को इन बच्चों की आगे की पढ़ाई के लिये समझाइश दी जायेगी। उन्हें बताया जायेगा कि असफल होने के बाद भी लगातार प्रयास से अच्छा भविष्य तैयार किया जा सकता है। इसी दिन शाला प्रबंधन और विकास समिति की बैठक भी होगी।

**खेल/व्यापार**

## संक्षिप्त समाचार

### केंद्र सरकार ने 3,712 करोड़ रुपये के पटना-सासाराम 4-लेन हाइवे प्रोजेक्ट को दी मंजूरी

**नई दिल्ली ,एजेंसी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में आर्थिक मामलों की मंत्रिमंडल समिति (सीसीईए) ने शुक्रवार को बिहार में पटना से शुरू होकर सासाराम तक जाने वाले 120 किलोमीटर तक के 4-लेन प्रवेश-नियंत्रित ग्रीनफील्ड और ब्राउनफील्ड पटना-आरा-सासाराम कॉरिडोर के निर्माण को मंजूरी दी। सीसीईए ने बैठक के बाद जारी किए बयान में कहा कि प्रोजेक्ट हाइब्रिड एनुटी मोड (एचएएम) में डेवलप किया जाएगा। इसकी लागत 3,712.40 करोड़ रुपये होगी। एचएएम एक पब्लिक-प्राइवेट पार्टनरशिप (पीपीपी) मॉडल है जिसे सड़क इन्फ्रास्ट्रक्चर प्रोजेक्ट्स में निजी क्षेत्र की भागीदारी को पुनर्जीवित करने के लिए डिजाइन किया गया है। सरकार प्रोजेक्ट के निर्माण के दौरान निजी डेवलपर को वार्षिक भुगतान के रूप में लागत का 40 प्रतिशत प्रदान करती है। निजी डेवलपर प्रोजेक्ट लागत का शेष 60 प्रतिशत लोन या इक्विटी के माध्यम से जुटाता है। सरकार द्वारा जारी बयान में कहा गया कि वर्तमान में, सासाराम, आरा और पटना के बीच संपर्क मौजूदा स्टेट हाईवे (एसएच-2, एसएच-12, एसएच-81 और एसएच-102) पर निर्भर करता है, जिसमें आरा शहर सहित भारी यातायात के कारण 3 से 4 घंटे लगते हैं। मौजूदा ब्राउनफील्ड हाईवे के 10.6 किमी के अपडेट के साथ एक ग्रीनफील्ड कॉरिडोर विकसित किया जाएगा, जिससे बढ़ती भीड़ को कम किया जा सके, जिससे आरा, गड़हनी, पीरो, बिक्रमगंज, मोकर और सासाराम जैसे स्थानों में घनी आबादी वाले क्षेत्रों की जरूरतें पूरी हो सकेंगी। यह प्रोजेक्ट एनएच-19, एनएच-319, एनएच-922, एनएच-131जी और एनएच-120 सहित प्रमुख परिवहन गलियारों को एकीकृत करता है, जिससे औरंगाबाद, कैमूर और पटना को निर्बाध संपर्क प्रदान होता है। इसके अतिरिक्त, यह प्रोजेक्ट 02 हवाई अड्डों (पटना में जय प्रकाश नारायण अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा और आगामी बिहटा हवाई अड्डा), 04 प्रमुख रेलवे स्टेशनों (सासाराम, आरा, दानापुर, पटना) और 01 अंतर्देशीय जल टर्मिनल (पटना) को कनेक्टिविटी प्रदान करेगा और पटना रिंग रोड तक सीधी पहुंच बढ़ाएगी, जिससे माल और यात्री आवागमन में तेजी आएगी।

### भारत का विदेशी मुद्रा भंडार 4.5 अरब डॉलर बढ़कर 658.8 अरब डॉलर हुआ

**मुंबई ,एजेंसी।** भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा शुक्रवार को जारी आंकड़ों के अनुसार, 28 मार्च, 2025 को समाप्त हुए सप्ताह में भारत का विदेशी मुद्रा भंडार 4.5 अरब डॉलर बढ़कर 4 महीने के उच्चतम स्तर 658.8 अरब डॉलर पर पहुंच गया। आरबीआई के मुताबिक, फॉरेन करेंसी एसेट्स (एफसीए) 1.6 अरब डॉलर गिरकर 558.86 अरब डॉलर हो गया। एफसीए में विदेशी मुद्रा भंडार में रखे गए यूरो, पाउंड और येन जैसी गैर-अमेरिकी इकाइयों की मूल्यवृद्धि या मूल्यह्रास का प्रभाव शामिल होता है। इस कारण से विदेशी मुद्राओं में होने वाला उतार-चढ़ाव का असर एफसीए पर देखा जाता है। समीक्षा अवधि के दौरान, गोल्ड रिजर्व 2.8 अरब डॉलर बढ़कर 77.2 अरब डॉलर हो गया है। इससे पहले 14 मार्च को समाप्त हुए हफ्ते में, देश का विदेशी मुद्रा भंडार 0.305 अरब डॉलर बढ़कर 654.27 अरब डॉलर हो गया था। यह लगातार तीसरा हफ्ता है, जब देश के विदेशी मुद्रा भंडार में बढ़त देखने को मिली है। सितंबर 2024 में विदेशी मुद्रा भंडार बढ़कर 704.885 अरब डॉलर के सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंच गया था। देश के विदेशी मुद्रा भंडार में बढ़त से रुपये को मजबूती मिलती है जो अर्थव्यवस्था के लिए भी अच्छा है। विदेशी मुद्रा भंडार में हाल ही में हुई बढ़ोतरी से रुपया भी मजबूत हुआ है। विदेशी मुद्रा भंडार में वृद्धि अर्थव्यवस्था के मजबूत बुनियादी ढांचे को दर्शाती है और इससे आरबीआई को रुपये में अस्थिरता आने पर उसे स्थिर करने के लिए पर्याप्त जगह मिलती है। मजबूत विदेशी मुद्रा भंडार, भारतीय रिजर्व बैंक को रुपये को गिरने से रोकने के लिए अधिक डॉलर जारी करके हाजिर और अग्रिम मुद्रा बाजारों में हस्तक्षेप करने में सक्षम बनाता है।

# चेपॉक में आरसीबी ने रचा इतिहास, सीएसके को 50 रनों से हराया

**चेन्नई,एजेंसी।** आईपीएल 2025 में रॉयल चैलेंजर्स बैंगलुरु (आरसीबी) ने इतिहास रच दिया. पहली बार चेपॉक स्टेडियम में चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) को हराकर 50 रनों से बड़ी जीत दर्ज की. इस जीत के साथ ही प्वॉइंट्स टेबल में भी बड़ा बदलाव देखने को मिला. चेन्नई सुपर किंग्स सातवें स्थान पर खिसक गई, जबकि आरसीबी टॉप पर पहुंच गई है. आइए जानते हैं इस मैच का पूरा हाल और पॉइंट्स टेबल में क्या बदलाव हुआ.



चेन्नई के एम. ए. चिदंबरम स्टेडियम (चेपॉक) में खेले गए इस मुकाबले में पहले बल्लेबाजी करते हुए रॉयल चैलेंजर्स बैंगलुरु ने 20 ओवर में 7 विकेट खोकर 197 रन बनाए. टीम के कप्तान रजत पाटीदार ने 32 गेंदों में शानदार 51 रन बनाए. वहीं, फिल साल्ट ने भी तेजी से 32 रन ठोंके. चेन्नई सुपर किंग्स के गेंदबाज नूर अहमद ने सबसे ज्यादा 3 विकेट झटके. 197 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी चेन्नई सुपर किंग्स की शुरुआत अच्छी नहीं रही. टीम 20 ओवर में 8 विकेट खोकर सिर्फ 146 रन ही बना पाई. इस तरह आरसीबी ने 50 रनों से बड़ी जीत दर्ज की और इतिहास रच दिया. क्योंकि 2008 के बाद आरसीबी ने कभी भी चेपॉक में सीएसके को नहीं हराया था. इस जीत के बाद प्वॉइंट्स टेबल में बड़ा बदलाव देखने को मिला. रॉयल चैलेंजर्स बैंगलुरु लगातार दूसरी जीत के साथ टॉप पर पहुंच गई है।

टीम ने अब तक 2 मैच खेले हैं और दोनों में जीत हासिल की है, जिससे उनके 4 प्वॉइंट्स हो गए हैं. वहीं, ऋषभ पंत की कप्तानी वाली लखनऊ सुपर जायंट्स अब दूसरे स्थान पर है. इसके बाद पंजाब किंग्स, दिल्ली कैपिटल्स, सनराइजर्स हैदराबाद और कोलकाता नाइट राइडर्स का नंबर आता है. इन सभी टीमों के 2-2 प्वॉइंट्स हैं. चेन्नई सुपर किंग्स सातवें स्थान पर पहुंच गई है. हार्दिक पांड्या की मुंबई इंडियंस, गुजरात टाइटंस और राजस्थान रॉयल्स अब भी अपनी पहली जीत की तलाश में हैं.चेपॉक में सीएसके को हराना आरसीबी के लिए आसान नहीं था 2008 से इस मैदान में जीत का इंतजार था आरसीबी को. लेकिन आरसीबी ने ये कर दिखाया. इस जीत से टीम का आत्मविश्वास बढ़ेगा और आगे के मैचों में उनके प्रदर्शन में और सुधार देखने को मिल सकता है. अगर आरसीबी इसी अंदाज में खेलती रही, तो इस बार ट्रॉफी जीतने की दावेदार बन सकती है।

## बाबर आजम की पारी गई बेकार, न्यूज़ीलैंड ने पहले वनडे में 73 रन से हराया

**नईदिल्ली, एजेंसी।** पाकिस्तान और न्यूजीलैंड के बीच नेपियर में खेले गए पहले वनडे मैच में पाकिस्तान को हार का सामना करना पड़ा. न्यूजीलैंड की टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 50 ओवर में 9 विकेट के नुकसान पर 344 रन बनाए. जवाब में पाकिस्तान की टीम 44.1 ओवर में सिर्फ 271 रन बनाकर ऑलआउट हो गई. इस जीत के साथ न्यूजीलैंड ने तीन मैचों की सीरीज में 1-0 की बढ़त बना ली. पाकिस्तानी कप्तान मोहम्मद रिजवान ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया. न्यूजीलैंड की शुरुआत खराब रही और टीम ने 50 रन के अंदर ही 3 विकेट गंवा दिए. इसके बाद मार्क चैपमैन और डैरिल मिचेल ने पारी संभाली. दोनों ने मिलकर चौथे विकेट के लिए 199 रन की बड़ी साझेदारी की. मार्क चैपमैन ने 111 गेंदों में 13 चौकों और 6 छक्कों की मदद से 132 रन बनाए. वहीं, मिचेल ने 76 रन की शानदार पारी खेली. न्यूजीलैंड के लिए डेब्यू कर रहे मुहम्मद अब्बास ने भी सिर्फ 26 गेंदों में 52 रन बनाए, जिससे टीम 344 रन के मजबूत स्कोर तक पहुंच गई. पाकिस्तान के लिए इरफान खान ने 3 विकेट झटके. बड़े लक्ष्य का पीछा करने उतरी पाकिस्तान की टीम को अच्छी शुरुआत मिली. अब्दुल्लाह शफीक और उस्मान खान ने पहले विकेट के लिए 83 रन जोड़े. शफीक ने 36 और उस्मान खान ने 39 रन बनाए. इसके बाद बाबर आजम ने 83 गेंदों में 78 रन की शानदार पारी खेली. मोहम्मद रिजवान ने 30 रन बनाए, जबकि सलमान अली आगा ने 48 गेंदों में 58 रन की पारी खेली. लेकिन बाकी बल्लेबाज टिक नहीं पाए और लगातार विकेट गिरते चले गए. न्यूजीलैंड के गेंदबाज नाथन स्मिथ ने 4 विकेट लेकर पाकिस्तान की पारी को समेट दिया. न्यूजीलैंड की टीम इस सीरीज में अपने कई बड़े खिलाड़ियों के बिना खेल रही है, क्योंकि न्यूजीलैंड के बड़े खिलाड़ी इस समय आईपीएल में बिजी हैं. इसके बावजूद टीम ने शानदार प्रदर्शन किया और पाकिस्तान को 73 रनों से हराकर सीरीज में बढ़त बना ली. अब पाकिस्तान को अगला मैच जीतना जरूरी होगा, वरना सीरीज हाथ से निकल जाएगी

# वॉटसन ने कहा, धोनी को अश्विन से पहले करनी चाहिए थी बल्लेबाजी

## -सीएसके के संयोजन पर उठाए सवाल

**नई दिल्ली, एजेंसी।** आईपीएल 2025 में चेन्नई सुपर किंग्स को रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के खिलाफ मिली 50 रनों की हार के बाद, ऑस्ट्रेलिया के पूर्व सलामी बल्लेबाज शेन वॉटसन ने बड़ा बयान दिया है। उनका मानना है कि एमएस धोनी को इस मैच में रविचंद्रन अश्विन से पहले बल्लेबाजी करनी चाहिए थी। वाटसन के अनुसार, धोनी की 16 गेंदों पर 30 रनों की नाबाद पारी के बावजूद, सीएसके को हार का सामना करना पड़ा। हालांकि, धोनी का बल्लेबाजी क्रम में निचले क्रम पर आना, उनके लिए और टीम के लिए मुश्किलें बढ़ा गया। वॉटसन ने कहा, यही वह चीज है जिसे देखने के लिए सीएसके के प्रशंसक आते हैं। धोनी की 16 गेंदों पर 30 रन की पारी। मुझे उन्हें बल्लेबाजी क्रम में ऊपर आते देखना बहुत अच्छा लगता। मेरी राय में, उन्हें अश्विन से पहले बल्लेबाजी करनी चाहिए थी। खेल की स्थिति को देखते हुए, धोनी 15 गेंदों तक इसी तरह खेल सकते थे। पिछले कुछ वर्षों में, उन्होंने लगातार दिखाया है कि वे अभी भी शानदार बल्लेबाजी कर रहे हैं। मेरा मानना है कि उन्हें बल्लेबाजी क्रम में ऊपर आना चाहिए, ताकि हम उनके कौशल की पूरी सीमा देख सकें। वॉटसन ने धोनी की विकेटकीपिंग की भी सराहना की और कहा, विकेटकीपिंग के नजरिए से, वे अभी भी पहले की तरह ही तेज हैं - एक पल में गिल्लियां बिखेर देते हैं। इससे मुझे पता चलता है कि उनका खेल शानदार है, और वे जितना संभव हो सके उतने अच्छे से तैयार हैं। अगर सीएसके ने उन्हें पहले भेजा होता, तो उनके पास जीत हासिल करने का बेहतर मौका होता। बेशक, दर्शकों को आज



रात जो उन्होंने किया, वह बिल्कुल पसंद आया, लेकिन अगर वे पहले आते, तो सीएसके के पास जीत का एक मजबूत मौका होता। वॉटसन ने सीएसके के अन्य फैसलों पर भी सवाल उठाए। उन्होंने राहुल त्रिपाठी को ओपनिंग के लिए भेजे जाने को निराशाजनक बताया।

वॉटसन ने कहा, कुछ फैसलों को देखना निराशाजनक था, जैसे कि राहुल त्रिपाठी को ओपनिंग के लिए भेजना। रुतुराज गायकवाड़ एक बेहतरीन ओपनर हैं, फिर भी उन्हें बाद में आना पड़ा। यहां तक कि रुतुराज ने जो शॉट खेला - जिसमें उन्होंने हेज़लवुड के खिलाफ़ खुद को जगह दी - वह भी असामान्य था। आम तौर पर, वह स्थिर रहते हैं और प्रतिक्रिया करते हैं, लेकिन इससे पता चलता है कि वह दबाव में थे। दीपक हुड्डा, इस समय, बस इसके लिए तैयार नहीं हैं; उन्होंने हर गेंद को ऐसे खेला जैसे कि वह बचने की कोशिश कर रहे हों। सैम करन को नंबर 5 पर बल्लेबाजी कराना भी संदिग्ध था - मैं उन्हें नंबर 7 बल्लेबाज़ के रूप में देखता हूं। वॉटसन का मानना है कि सीएसके ने अभी तक अपने संयोजन में सही समायोजन नहीं किए हैं। उन्होंने कहा, अभी, सीएसके ने अपने संयोजन सही नहीं बनाए हैं, और उन्हें कुछ समायोजन करने की आवश्यकता है। यदि वे इसी बल्लेबाजी लाइन-अप के साथ बने रहते हैं, तो उनके सामने आने का जोखिम है। इस मैच में आरसीबी ने चेन्नई में सीएसके को 50 रनों से हराया, जो 2008 के आईपीएल के पहले संस्करण के बाद से चेपक में आरसीबी की पहली जीत थी।

कप्तान रजत पाटीदार की शानदार 50 रन की पारी के अलावा, फिल साल्ट (32), विराट कोहली (31) और देवदत्त पडिक्कल (27) ने भी योगदान दिया, जिसके चलते आरसीबी 196/7 रन बनाने में सफल रही।

## प्रधानमंत्री टी.बी. मुक्त भारत अभियान...

# टीबी मुक्त ग्राम पंचायतों के ग्राम प्रधान हुए सम्मानित

### संचारी रोगों से बचाव हेतु अप्रैल माह में चलेगा अभियान, माइक्रोप्लान के अनुसार गतिविधियां संचालित करने के निर्देश




**ललितपुर।** प्रधानमंत्री टी.बी. मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत टी.बी. हारेगा देश जीतेगा की थीम पर आयोजत विश्व क्षय रोग दिवस में टी.बी. मुक्त ग्राम पंचायतों के ग्राम प्रधानों को कलैक्ट्रेट सभागार में प्रशस्ति पत्र व स्मृति प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर क्षय रोग उन्मूलन में अहम भूमिका निभाने वाले स्वयंसेवी संगठनों/एक्स-रे लैब संचालकों व अन्य अधिकारी/कर्मचारियों को भी सम्मानित किया गया। इसके साथ ही अप्रैल माह में प्रस्तावित विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान की समीक्षा की गई। अध्यक्षता करते हुए अपर जिलाधिकारी वि./रा.अंकुर श्रीवास्तव ने अभियान की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्रधानमंत्री के विजन टीबी मुक्त भारत को साकार करने के लिएघर-घर जाकर टीबी मरीजों की स्क्रीनिंग कर उन्हें उपचार दिया जाए और निर्धारित समय पर फोलोअप लिया जाए। मौके पर उन्होंने संचारी रोगों की रोकथाम हेतु अप्रैल माह में प्रस्तावित विशेष अभियान की भी समीक्षा की और क्षेत्रीय कर्मचारियों को प्रशिक्षित कर डोर टू डोर मरीजों के चिन्हांकर करने व जन-जागरुकता कार्यक्रम चलाने के निर्देश दिये। उन्होंने सभी सम्बन्धित विभागों के अधिकारियों को निर्देशित किया कि इस बात का ध्यान रखा जाये कि माइक्रोप्लानिंग फॉर्मेट में तिथिवार एवं क्षेत्रवार जिस प्रकार गतिविधियां अंकित की गयी हैं वह उसी प्रकार तिथिवार एवं क्षेत्रवार सम्पादित की जायें। जिससे सभी गतिविधियों की मॉनीटरिंग/पर्यवेक्षण सम्भव हो सके। कार्यक्रम में टी.बी. कन्सल्टेंट डा.जेएस बक्शी ने बताया कि जनपद में विगत 100 दिवसों में क्षय रोग उन्मूलन हेतु विशेष अभियान चलाकर टीबी के मरीजों का चिन्हीकरण किया जा रहा है, विगत वर्ष की तुलना में इस वर्ष 29 प्रतिशत अधिक मरीजों का चिन्हीकृत किया गया है। वल्नरेवल पॉपूलेशन में 120 प्रतिशत स्क्रीनिंग की गई हैं। गोद लिये गए मरीजों को पोषण किटों का वितरण किया गया। इसके साथ ही टीबी मरीजों का प्रतिमाह एक हजार रुपये की धनराशि डीबीटी के माध्यम से दी जाती है, अब तक 80 प्रतिशत डीबीटी पेमेंट हो चुका है।

बताया कि जनपद में कुल 415 ग्राम पंचयातों में से 25 ग्राम पंचायतें टीबी मुक्त घोषित हो चुकी हैं, जिन्हें कास्य कलर की श्रेणी में रखा गया है, साथ ही इन 25 ग्राम पंचायतों में से 2 ग्राम पंचायतें सिलवर कलर की श्रेणी में आ चुकी हैं। इन 25 ग्राम पंचायतों में देवरी, महरौनीखुर्द, विद्याखेत, अगौरा, अगौड़ी, सिमिरिया, उदगुवां, असउपुरा, सारसेढ, विजयपुरा, रारा, बगौरा, टेटा, खजुरिया, पिपरिया, मकरीपुर, बछरई, छपरौनी, ऊमरी, फुलवारा, भैलोनीलोध, ककड़ारी, धमना, सिमिरिया, चंदावली शामिल हैं। इसके उपरान्त इन टीबी मुक्त 25 ग्राम पंचायतों के ग्राम प्रधानों व क्षय रोग उन्मूलन में अहम भूमिका निभाने वाले स्वयंसेवी संगठनों /एक्स-रे लैब संचालकों व अन्य अधिकारी/कर्मचारियों को स्मृति चिन्ह व प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया।

इस अवसर पर संचारी रोगों के प्रति जनजागरुकता हेतु उत्कृष्ट मीडिया कवरेट हेतु जिला सूचना अधिकारी दयाशंकर व कार्यालय से सुमित कुमार को प्रशस्ति पत्र से सम्मानित किया गया। इसी दौरान आगामी माह अप्रैल 2025 में संचारी रोग नियंत्रण अभियान एवं दस्तक अभियान के सफल संचालन हेतु द्वितीय अन्तर्विभागीय बैठक में मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ इम्तियाज अहमद ने अभियान की संक्षिप्त रुप रेखा प्रस्तुत करते हुए बताया कि जनपद में 01 से 30 अप्रैल 2025 संचारी रोग नियंत्रण अभियान एवं 10 से 30 अप्रैल 2025 तक दस्तक अभियान चलाया जायेगा। इस दौरान संचारी रोग नियंत्रण एवं दस्तक अभियान में अन्तर्विभागीय समन्वय स्थापित करते हुए शासन के निर्देशानुसार अभियान में विभिन्न गतिविधियां करायीं जायेगी। इन गतिविधियों के माध्यम से जनपद वासियों को वेक्टर जनित रोगों से बचाव व उपचार के बारे में जागरूक किया जायेगा। साथ ही सम्बन्धित विभिन्न विभागों से नियमित सम्पर्क एवं समन्वय स्थापित कर अभियान को सफल बनाया जायेगा। उन्होनें सभी अधिकारियों/कर्मचारियों से पूर्ण मनोयोग से कार्य करने के लिए कहा। इसके साथ ही आशा कार्यकत्रियों की दस्तक अभियान में सहभागिता सुनिश्चितीकरण तथा उनके द्वारा किए गये कार्यों का न्यूनतम् 10 प्रतिशत सत्यापन जनपद स्तर पर डी.सी.पी.एम. तथा ब्लॉक स्तर पर बी.सी.पी.एम. का उत्तरदायित्व होगा तथा सभी जनपद स्तरीय एवं ब्लॉक स्तरीय अधिकारी/कर्मचारी सी.एस. प्रो ऐप पर डिजीटली मॉनीटरिंग डेटा अपलोड करना सुनिश्चित करेगें। डिस्ट्रिक पब्लिक हेल्थ स्पेशलिस्ट डा.सौरभ सक्सेना ने संचारी रोग नियंत्रण अभियान / दस्तक अभियान में सभी विभागों के कार्य एवं दायित्वों के बारे में विस्तृत रुप से जानकारी दी एवं संचारी रोगों के नियंत्रण में जन सहभागिता जरूरी है। जिला मलेरिया अधिकारी अनिल किस्टोफर मैसी द्वारा वेक्टर जनित रागों की स्थिति से अवगत कराया गया साथ ही उनसे बचाव के सम्बन्ध में विस्तृत जानकारी प्रदान की गयी। उन्होंने बताया कि सभी विभागों से सम्पर्क कर संचारी रोग नियंत्रण अभियान का माइकोप्लॉन प्राप्त कर लिया गया है। लोकवाणी के प्रतिनिधि प्रकज तिवारी के माध्यम से निरन्तर एफ.एम. रेडियों पर संचारी रोग नियंत्रण अभियान एवं दस्तक अभियान के प्रचार प्रसार हेतु जनमानस में मच्छर जनित बीमारियों से बचाव हेतु संदेश प्रसारित किया जा रहा है। बैठक में सीडीओ कमलाकांत पाण्डेय, सीएमओ डा.इम्तियाज अहमद, अपर सी.एम.ओ., बीएसए, कृषि विभाग, पशुपालन विभाग, पंचायती राज एवं ग्राम्य विकास विभाग, नगर पालिका परिषद्, बाल विकास एवं पुष्टाहार विभाग, दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग, माध्यमिक शिक्षा विभाग, प्रतिनिधि डब्लू.एच.ओ./प्रतिनिधि-यूनीसेफ, सूचना विभाग, शिवराम सिंह निरंजन, जिला कार्यक्रम समन्वयक, जनपद के समस्त चिकित्सा अधीक्षक, सहायक मलेरिया अधिकारी, वरिष्ठ मलेरिया निरीक्षक, मलेरिया निरीक्षक उपस्थित रहे।

# बाल श्रम कानून की आड़ में व्यापारियों ने लगाया उत्पीडऩ का आरोप

### प्रदेश के मुख्यमंत्री को ज्ञापन भेजकर उठायी समुचित कार्यवाही की मांग



**ललितपुर।** प्रदेश के श्रम विभाग के अधिकारियों द्वारा बालक श्रम (प्रतिषेध और विनियमन) अधिनियम, 1986 में दिये गये प्रावधानों के विपरीत बाल श्रमिकों एवं व्यापारियों का प्रतिदिन किये जा रहे उत्पीडऩ को रोके जाने, बाल श्रमिकों को एक्ट की धारा 14 बी (2) का पालन करते हुये 15000/- रूपये बाल श्रमिकों के खाते में जमा कराये जाने की मांग उठायी गयी है। इस सम्बन्ध में व्यापारियों ने मुख्यमंत्री को संबोधित एक ज्ञापन जिला प्रशासन को सौंपा है। ज्ञापन में बताया कि प्रदेश म श्रम विभाग के अधिकारियों द्वारा बाल श्रमिकों को गलत परिभाषित करते हुये 18 साल से कम उम्र के बाल श्रमिकों एवं व्यापारियों के विरूद्ध कार्यवाही की जा रही है, जबकि उपरोक्त एक्ट में बाल श्रमिकों को 14 साल से लेकर 18 साल से कम के बाल श्रमिकों को शर्तों के साथ छूट दी गयी हैं और उनसे अधिकतम 6 घण्टे का कार्य संस्थाओं/प्रतिष्ठानों के द्वारा लिया जा सकता है एवं रजिस्टर को व्यवस्थित करना होगा और 3 घण्टे के उपरांत एक घण्टे की छुट्टी देनी होगी।

किन्तु इसके विपरीत 18 साल से कम उम्र के सभी बाल श्रमिकों को पकडकर प्रताडित किया जा रहा है जो कि विधि विरूद्ध है। बताया कि उक्त अधिनियम की धारा 14 बी (2) में यह स्पष्ट किया गया है कि पकड़े गये प्रत्येक बाल श्रमिकों को व्यापारी/ संस्था से पैनाल्टी के रूप म वसूल की गई पैनाल्टी की राशि 20 हजार रुपये में से 15 हजार रुपये बाल श्रमिकों के खाता खुलवाकर उसके खाते में जमा किये जायें, किन्तु सरकार द्वारा बनाये गये कानूनों/प्रावधानों को दर किनार करते हुये किसी भी बाल श्रमिक के खाते में 15 हजार रुपया जमा नहीं कराये जा रहे हैं।

एक्ट के सेक्शन 3 में कोई भी परिवार का सदस्य जो नाबालिग है, वह विद्यालय के समय के उपरांत अथवा छुट्टी के दिवस पर परिवार के व्यवसाय जो स्वास्थ्य के लिये हानिकारक न हो, उसमें समय व सहयोग दे सकता है और यह कोई अपराध नहीं माना जायेगा। किन्तु अभी ऐसा अधिकारियों के द्वारा नहीं किया जा रहा है। व्यापारियों ने मुख्यमंत्री से नियमों का पालन कराते हुये अधिकारियों को निर्देशित किये जाने की मांग उठायी है। ज्ञापन देते समय प्रदेश चेयरमैन महेंद्र जैन मयूर, जिलाध्यक्ष प्रदीप त्रिपाठी, महामंत्री अनिल जैन, नगर अध्यक्ष महेश जैन, नगर महामंत्री पंकज बिरधा, प्रदेश मंत्री नवीन सिंघई, प्रदेश संगठन मंत्री अशोक अनौरा, जिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष डा.प्रीतम सराफ, लखन अग्रवाल, जिला संयुक्त महामंत्री अभय जैन एड., मुकेश जैन, युवा जिला अध्यक्ष संजीव बजाज, युवा नगर अध्यक्ष मनोज सोनी मज्जू, राजीव सुडेले, झांसी मंडल उपाध्यक्ष अवध बिहारी उपाध्याय, जय नारायण शर्मा, नितेश रानू, राजवीर सिंह, स्वदेश गोयल, दीपक सिंघई, मनोज जैन, उदयभान सिंह यादव, विनोद जैन विनी, सुनील, वीरेंद्र जैन, सत्येंद्र जैन एड., मनीष जैन, आलोक टडैया, बासु जैन, प्रियंक जैन, रोहित शिवाजी, राजीव कुमार, सुमत जैन, विजय, पवन जैन, पदमचंद, रोहित सराफ, राजीव जैन, आयुष सराफ, बृजेश रावत, दीपक सिघई एड., स्वदेश गोयल, धर्मेंद्र जैन आदि प्रमुख रूप से उपस्थित थे।

# कन्या भ्रूण हत्या रोकने की दिलायी गयी शपथ

### पीसीपीएनडीटी कार्यशाला का हुआ आयोजन



**ललितपुर।** सीएमओ कार्यालय के सभागार में बेटी पढ़ाओ-बेटी बचाओ कार्यक्रम के अंतर्गत पीसीपीएनडीटी कार्यशाला का आयोजन किया गया। सीएमओ डा.इम्तियाज अहमद ने बताया कि कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य लिंग पहचान को रोकना है। बेटियों को समाज में बेटों जैसा ही सम्मान दिया जाना चाहिये। अगर सभी लोग जागरूक हो गये तो कन्या भ्रूण हत्या एक दिन जरूर खत्म हो जायेगी और लिंगानुपात समान हो जायेगा। मौके पर कन्या भ्रूण हत्या रोके जाने के सम्बन्ध में शपथ दिलायी गई। पीसीपीएनडीटी नोडल अधिकारी डा.प्रदीप सिंह द्वारा पीसीपीएनडीटी एक्ट की समस्त धाराओं से सभी को अवगत कराया गया।

उनके द्वारा मुखबिर योजना के बारे में बताया गया।

पब्लिक हेल्थ स्पेशलिस्ट डा.सौरभ सक्सेना ने भारत उत्तर प्रदेश एवं ललितपुर के लिंगानुपात के बारे में सभी लोगों को विस्तृत जानकारी दी गयी। डा.सौरभ सक्सेना ने बताया कि जिले का जनगणना सर्वे के अनुसार वर्ष 2011 लिंगानुपात 905 है तथा एनएफएचएस-4 के द्वारा वर्ष 2015-16 में किये गये सर्वे के अनुसार लिंगानुपात 928 है एवं एनएफएचएस-5 के द्वारा वर्ष 2019 से 2021 में किये गये सर्वे के अनुसार लिंगानुपात 997 है। सरकार द्वारा कन्या भ्रूण हत्या रोकथाम हेतु पीसीपीएनडीटी अधिनियम को लागू किया गया है। उन्होंने कहा कि विस्तृत प्रचार-प्रसार के माध्यम से लोगों को पीसीपीएनडीटी एक्ट के बारे में अवगत कराया जा रहा है। इस दौरान क्षय रोग अधिकारी डा.रामनरेश सोनी, एनएचएम नोडल अधिकारी डा.अमित तिवारी, विभिन्न ब्लॉकों से आये चिकित्सा अधीक्षक, जिला मलेरिया अधिकारी अनिल क्रिस्टोफर मैसी, जिला प्रशासनिक अधिकारी हेमन्त कुमार, अपर शोध अधिकारी अजय सागर एवं सुनील कुमार, जन्म-मृत्यु डीपीए आलोक सचान आदि मौजूद रहे।

# बच्चे ही देश का भविष्य है : एएसपी अनिल कुमार

### श्रीलक्ष्मी बाल विद्या मंदिर में वार्षिक परीक्षाफल वितरण

**ललितपुर।** स्थानीय मोहल्ला सरदारपुरा स्थित श्रीलक्ष्मी बाल विद्या मंदिर में वार्षिक परीक्षाफल वितरण एवं मेधावी छात्र सम्मान समारोह का आयोजन अपर पुलिस अधीक्षक अनिल कुमार के मुख्य आतिथ्य एवं जिला प्रोबेशन अधिकारी नंदलाल के विशिष्ट आतिथ्य में संपन्न हुआ। इस दौरान एएसपी अनिल कुमार ने कहा कि बच्चे ही देश का भविष्य है बच्चों में शिक्षा के सथ-साथ संस्कार एवं चारित्रिक विकास भी होना जरूरी है। उन्होंने कहा कि पढ़ा लिखा बच्चा ही समाज और देश को आगे ले जाने में महत्वपूर्ण योगदान निभा सकता है। बच्चों को खेलकूद पर भी ध्यान देना होगा, जिससे उनका शरीर स्वस्थ रहेगा। जब शरीर स्वस्थ रहेगा तो मन प्रसन्न रहेगा। इस अवसर पर जिला प्रोबेशन अधिकारी नंदलाल ने विभागीय योजनाओं की जानकारी देते हुए कहा कि विभाग द्वारा कई तरह की योजनाएं चलाई जा रही हैं, जिन्हें ऑनलाइन आवेदन किया जा सकता है जो भी पात्र छात्र-छात्राएं हों वह आवेदन कर योजनाओं का लाभ उठा सकते हैं।

उन्होंने सभी बच्चों को बहुत-बहुत शुभकामनाएं दी और कहा कि जो बच्चे प्रथम श्रेणी द्वितीय श्रेणी तृतीय श्रेणी में परीक्षा में उत्तीर्ण हुए हैं वह आगे और मेहनत करें जिससे उन्हें और अच्छे परिणाम मिल सके। इस अवसर पर परीक्षा में प्रथम, द्वितीय, तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले



एवं कक्षाओं में अधिकतम उपस्थित वाले बच्चों को अतिथियों ने पुरस्कृत किया। गया इस अवसर पर पार्षद गिरीश पाठक, व्यापारी नेता सुरेश बडेरा, श्रीदिगंबर जैन पंचायत समिति के कोषाध्यक्ष सीए सौरभ जैन, मंडलाध्यक्ष लायंस क्लब संमति सर्राफ, समाजसेवी उदय चंद्र सराफ, राष्ट्रीय लोकदल जिलाध्यक्ष राजेश जैन आर.के., बुंदेलखंड उपध्यक्ष राष्ट्रीय लोकदल रेखा जैन, समाजसेवी दीपक यादव उपस्थित रहे। संचालन विद्यालय के डायरेक्टर अजय बरया द्वारा किया गया।



# ईओ ने ईदगाह व मस्जिदों का किया निरीक्षण

**ललितपुर।** अधिशासी अधिकारी दिनेश कुमार विश्वकर्मा, कर निर्धारण अधिकारी राजेन्द्र प्रसाद, सफाई एवं खाद्य निरीक्षक जितेन्द्र स्वरूप तिवारी, कर अधीक्षक / प्रभारी सफाई एवं खाद्य निरीक्षक राजेश कुमार जैन द्वारा नगर में स्थित समस्त ईदगाहों/ मस्जिदों आदि का निरीक्षण किया गया। इस दौरान ईओ ने संबंधित स्वास्थ्य नायकों को निर्देशित किया कि ईद-उल-फितर पर्व मनाया जाना है। उक्त तिथि को मस्जिदों, ईदगाहों आदि पर विशेष सफाई अभियान चलाते हुए साफ-सफाई व्यवस्था सुनिश्चित कराई जाए। ईदगाहों, मस्जिदों आदि के आसपास खुले नालें, नालियो को पूर्ण रूप से बंद कराया जाये। अधिशासी अधिकारी ने दोनों सफाई एवं खाद्य निरीक्षकों को निर्देश दिये कि उक्त तिथि तक सूअर पालको को निर्देशित करें कि वह अपने सूअरों को बाड़े में ही रखे, यदि किसी भी सूअर पालक द्वारा सूअरों को खुले में छोड़ दिया जाता है कि संबंधित के विरूद्ध जुर्माना वसूल करते हुए एफआईआर दर्ज करने की नियमानुसार कार्यवाही करें। निरीक्षण के दौरान अधिशासी अधिकारी दिनेश कुमार विश्वकर्मा, कर निर्धारण अधिकारी राजेन्द्र प्रसाद, सफाई एवं खाद्य निरीक्षक जितेन्द्र स्वरूप तिवारी, कर अधीक्षक / प्रभारी सफाई एवं खाद्य निरीक्षक राजेश जैन, नजूल लिपिक सुधीर कुमार, लिपिक अमित कुमार, हेड सुपर वाइजर संजय कुमार, सुपरवाइजर अमित कुमार सहित स्वास्थ्य नायक एवं नगर पालिका के अधिकारी / कर्मचारी मौजूद रहे।

## संक्षिप्त समाचार

### तारमिस्त्री परीक्षा के लिए आवेदन आमंत्रित

**कोरबा।** संभागीय अनुज्ञापन समिति (विद्युत) बिलासपुर द्वारा प्रतिवर्षानुसार तारमिस्त्री परीक्षा आगामी जुलाई 2025 में लिया जाएगा। इस हेतु आवेदन 30 अप्रैल 2025 जमा करने की अंतिम तिथि है। उक्त परीक्षा हेतु बिलासपुर, मुंगेली, गौरेला-पेण्ड्रा मरवाही, कोरबा, जांजगीर-चांपा एवं सक्ती जिले के आवेदनकर्ता कार्यालय, कार्यपालन अभियंता (विद्युत सुरक्षा) एवं संभागीय विद्युत निरीक्षक, छत्तीसगढ़ शासन बिलासपुर संभाग बिलासपुर, प्रथम तल यू.डी.एम. हॉस्पिटल बिल्डिंग, होमगार्ड कैंपस के पास, कुदुदण्ड, बिलासपुर (छत्तीसगढ़) में कार्यालयीन समय में उपस्थित होकर तत्संबंध में जानकारी एवं निःशुल्क आवेदन फार्म प्राप्त कर सकते है।

### निगरानीशुदा बदमाश की हत्या, संदिग्ध हिरासत में

**भिलाई।** जेवरा सिरसा चौकी क्षेत्र में शुक्रवार की रात 40 वर्षीय शख्स की हत्या कर दी गई। मृतक का नाम अवतार मरकाम बताया जा रहा है और शहर का निगरानी शुदा बदमाश था। दोस्तों ने फोन किया तो व चिखली स्थित इंदर ढाबा पहुंचा जहां पर कुछ नकाबपोश बदमाशों ने उस पर चाकू से हमला कर दिया। सिर, कान व गले में चाकू लगने से उसकी मौत हो गई। घटना के बाद जेवरा पुलिस ने कुछ संदिग्धों को हिरासत में लिया है हालांकि अधिकतर फरार हैं। फिलहाल घटना की जांच जारी है। मिली जानकारी के अनुसार घटना शुक्रवार देर रात 10.15 बजे के आसपास की है। दुर्ग सिकोला भाठा निवासी अवतार मरकाम (40) को उसके दोस्त आकाश सोना ने फोन कर इंदर ढाबा चिखली बुलाया। इसके बाद अवतार मरकाम इंदर ढाबा पहुंचा और दोस्तों के साथ पार्टी करने लगा। इस दौरान पीछे से चार से पांच लोग आए जो अपने चेहरों को ढके हुए थे। आने के बाद इन लोगों ने अवतार मरकाम पर चाकू से वार कर दिया। चाकू इसके गले, सिर व कान के पास लगी और वह लहूलुहान होकर वहां गिर गया। हमला करने के बाद सभी वहां से भाग गए। इसके बाद मौके पर मौजूद अवतार मरकाम के दोस्तों ने उसे श्रीशंकराचार्य मेडिकल कॉलेज हॉस्पिटल पहुंचाया जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। इधर घटना के बाद मृतक अवतार मरकाम की मां का कहना है कि होली के समय मोहल्ले के कुछ युवकों से विवाद हुआ था और उस दौरान उसे जान से मारने की धमकी भी मिली थी। इस संबंध में एक आवेदन मोहन नगर थाने में दिए जाने की बात भी मृतक के परिजनों ने बताई है।

# मुख्यमंत्री साय ने जरूरतमंदों महिलाओं को बांटी सौगात-ए-मोदी

**रायपुर,कासं.।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने रमजान के पाक महीने में ईद से पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की पहल सौगात-ए-मोदी के तहत मुस्लिम समाज की जरूरतमंद महिलाओं को सौगातें भेंट की. मुख्यमंत्री निवास में आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री साय ने गरीब महिलाओं को गिफ्ट पैकेट वितरित किए, जिसमें लेडीज सूट का कपड़ा, सेवइयां, खजूर और मिठाइयां शामिल थी. मुख्यमंत्री साय ने सभी को ईद की बधाई देते हुए कहा कि ईद का पर्व प्रेम, सद्भाव और एकजुटता का प्रतीक है. डॉ. सलीम राज ने बताया कि इसके पहले रायपुर में अल्पसंख्यक मोर्चे और छत्तीसगढ़ वक्फ बोर्ड के तत्वावधान में आयोजित कार्यक्रम में 500 महिलाओं को गिफ्ट पैकेट वितरित किए गए. इस अवसर पर अल्पसंख्यक मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जमाल सिद्दीकी, वक्फबोर्ड के अध्यक्ष डॉ. सलीम राज, प्रदेश अध्यक्ष शकील अहमद, एम. इकबाल, संजय श्रीवास्तव, शाहिद खान, रजिया खान, आबिदा खान सहित बड़ी संख्या में समाज के विभिन्न तबकों के लोग उपस्थित थे।

# चैत्र प्रतिपदा-चैट्रीचंड्र पर्व पर बंद रहेगी मांस-मटन की दुकानें

**रायपुर,कासं.।** सम्पूर्ण नगर पालिक निगम रायपुर के परिक्षेत्र में कल रविवार को नवरात्रि के प्रथम दिन याने चैत्र प्रतिपदा व चैट्रीचन्द्र पर्व दिनांक 30 मार्च 2025 को मांस - मटन का विक्रय पूर्ण रूप से प्रतिबंधित रहेगा। इस सम्बन्ध में छत्तीसगढ़ शासन के नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग के आदेश के परिपालन में रायपुर नगर पालिक निगम के स्वास्थ्य विभाग की ओर से चैट्रीचन्द्र पर्व दिनांक 30 मार्च 2025 को रायपुर नगर पालिक निगम के सम्पूर्ण परिक्षेत्र में स्थित पशुवध गृह एवं समस्त मांस - मटन विक्रय की दुकानों को बंद रखे जाने का आदेश जारी किया है।

चैट्रीचन्द्र पर्व दिनांक 30 मार्च 2025 को किसी भी दुकान में मांस - मटन विक्रय करते पाये जाने पर मांस - मटन जप्त करने की कार्यवाही की जायेगी और सम्बंधित व्यक्ति के विरूद्ध यथोचित कार्यवाही भी की जायेगी। चैट्रीचन्द्र पर्व दिनांक 30 मार्च 2025 को नगर पालिक निगम रायपुर के जोन स्वास्थ्य अधिकारीगण, जोन स्वच्छता निरीक्षकगण मांस- मटन के विक्रय पर प्रतिबन्ध के आदेश का व्यवहारिक पालन सुनिश्चित करवाएंगे और इस हेतु अपने - अपने सम्बंधित जोन क्षेत्रों के मांस - मटन की दुकानों का सतत निरन्तर पर्यवेक्षण करेंगे।

# कोयला घोटाले का दायरा बढ़ा, ईडी ने 9 नए आरोपियों के खिलाफपूरक चालान पेश किया

**रायपुर, कासं.।** छत्तीसगढ़ में पूर्ववर्ती भूपेश बघेल सरकार के कार्यकाल में हुआ चर्चित कोयला घोटाला अब और बड़े दायरे में फैलता जा रहा है। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने शुक्रवार को विशेष अदालत में इस घोटाले से जुड़े नौ और आरोपियों के खिलाफ पूरक चालान पेश किया है।

ईडी की चार्जशीट में कांग्रेस के पूर्व कोषाध्यक्ष रामगोपाल अग्रवाल, रायपुर जेल में बंद निलंबित आईएएस अधिकारी रानू साहू के पति आईएएस जयप्रकाश मौर्य, कोयला फर्म के मालिक जोगिंदर सिंह, शेख मोइनुद्दीन, हेमंत जायसवाल, वीरेंद्र जायसवाल, एडवोकेट पीयूष भाटिया, पारिख कुर्रे और राहुल को आरोपी बनाया गया है।

इससे पहले, अवैध कोल लेवी मामले में ईडी ने पूर्व कलेक्टर रानू साहू, निलंबित आईएएस समीर बिश्नोई, पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की उप सचिव सौम्या चौरसिया, कोयला कारोबारी सूर्यकांत तिवारी, सुनील अग्रवाल, हेमंत जायसवाल और उनके भाई वीरेंद्र जायसवाल समेत करीब 20 लोगों को पहले ही गिरफ्तार कर लिया था। पिछले कुछ महीनों में, छत्तीसगढ़ में 500 करोड़ रुपये के कथित कोयला घोटाले का मामला सामने आया था, जिसमें कोयला परिवहन के दौरान व्यापारियों से अवैध वसूली का आरोप है। जांच में यह खुलासा हुआ कि कोल परिवहन के लिए ऑनलाइन मिलने वाले परमिट को ऑफलाइन किया गया था, जिससे वसूली में आसानी हुई थी। इस वसूली को अंजाम देने के लिए एक सिंडिकेट बनाया गया था। इस घोटाले का मास्टरमाइंड कोयला व्यापारी सूर्यकांत तिवारी को माना जा रहा है।

# आठ अप्रैल से 15 दिन चलेगा पोषण पखवाड़ा

**धमतरी, कासं.।** धमतरी जिले में 8 अप्रैल से लगातार 15 दिनों तक पोषण पखवाड़ां का आयोजन किया जाएगा। 28 अप्रैल तक चलने वाले इस पखवाड़े के दौरान जिले में कुपोषण के विरूद्ध प्रभावी रणनीति तय करने के साथ हितग्राहियों के पंजीयन, कुपोषण के स्तर की जांच आदि गतिविधियां भी होंगी। पखवाड़े के दौरान जीवन के पहले एक हजार दिनों के लिए पोषण सुरक्षा की जानकारी भी पालकों को दी जाएगी। गर्भवती महिलाओं का वजन और ऊंचाई मापकर उन्हें गर्भावस्था के दौरान रखी जाने वाली सावधानियों और पोषण आहार आदि के बारे में विस्तृत जानकारी दी जाएगी। जन्म ले चुके बच्चों का वजन मापकर उनमें पोषण स्तर की जांच की जाएगी और कम वजन होने की स्थिति में रखी जाने वाली सावधानियों और दिए जाने वाले सभी पोषण आहारों के बारे में बताया जाएगा। इस पोषण पखवाड़े के दौरान दो वर्ष तक के बच्चां के घर-घर जाकर महिला एवं बाल विकास विभाग का अमला गृह भेंट करेगा और पोषण संबंधी जानकारियां देगा।

# ग्वालियर के सुनियोजित विकास के लिये विस्तृत प्लान बनाया जायेगा : मुख्यमंत्री डॉ. यादव

**मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने ग्वालियर में आयोजित हुए होली मिलन समारोह को किया वर्चुअल संबोधित**
**विधानसभा अध्यक्ष श्री तोमर व मंत्री श्री कुशवाह सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण हुए शामिल**
**सांसद श्री भारत सिंह कुशवाह द्वारा किया गया होली मिलन समारोह का आयोजन**





**ग्वालियर।** मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने शनिवार को ग्वालियर में आयोजित हुए होली मिलन समारोह को नईदिल्ली से वर्चुअल संबोधित किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि ग्वालियर के सुनियोजित विकास के लिये विस्तृत प्लान तैयार किया जायेगा, जिसमें उद्योगों के साथ-साथ ग्वालियर शहर के विस्तार के लिये भी जगह होगी। साथ ही कहा कि ग्वालियर के विकास में नए-नए आयाम जुड़ रहे हैं। हाल ही में मालनपुर में एक औद्योगिक इकाई के भूमिपूजन के दौरान ग्वालियर के रेडीमेड गारमेंट पार्क की 7 औद्योगिक इकाईयों व मुरैना जिले के पिपरसेवा की 11 औद्योगिक इकाईयों का भी शिलान्यास किया गया गया है। इसी कड़ी में ग्वालियर में टेलीकम्युनिकेशन पार्क स्थापित होने जा रहा है। ग्वालियर में अगस्त माह के दौरान आयोजित हुई रीजनल इण्डस्ट्री कॉन्क्लेव और हाल ही में भोपाल में आयोजित हुई ग्लोबल इन्वेस्टर समिट के माध्यम से भी ग्वालियर क्षेत्र के लिये औद्योगिक निवेश के करार हुए हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि ग्वालियर में साडा क्षेत्र से होकर बनने जा रहे वेस्टर्न बायपास से यहाँ के औद्योगिक विकास को गति मिलेगी। साथ ही ग्वालियर शहर वृहद महानगर का रूप लेगा। उन्होंने कहा कि ग्वालियर क्षेत्र के औद्योगिक विकास के लिये सरकार प्रतिबद्ध है।

# न्यायिक कर्मचारीगणों ने समझा अर्थप्रबंधन

**उच्च न्यायालय खण्डपीठ ग्वालियर में "वित्तीय कल्याण और भावनात्मक कल्याण' विषय पर ऑनलाइन जागरूकता कार्यक्रम आयोजित**

**ग्वालियर।** अर्थतंत्र एक दुरूह विषय के साथ-साथ एक बेहतरीन प्रौद्योगिकी भी है, जिसे आज के दौर में पूर्ण रूप से समझने व प्रबंधन करने की नितांत आवश्यकता है। अर्थतंत्र एक सर्वकुंजी के रूप में कार्य करती है, जो विकास के नये अवसर पैदा करने के साथ ही उन्नति का मार्ग प्रशस्त करती है। एक अल्प वेतन भोगी कर्मचारी के लिये एक सीमित आय में जीवन की मूल जरूरतों की पूर्ति करने के साथ-साथ परिवार के बेहतर भविष्य के लिये धन संचय करना एक बडी चुनौती है, इसमें केवल अर्थप्रबंधन ही हमें सहयोग कर सकता है। मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय खण्डपीठ-ग्वालियर के प्रशासनिक न्यायाधिपति माननीय न्यायमूर्ति श्री आनंद पाठक के इसी अनुपम विचार के आधार पर प्रसारित निर्देशों के अनुरूप उच्च न्यायालय विधिक सेवा समिति-ग्वालियर के तत्वाधान में शनिवार को ''वित्तीय कल्याण और भावनात्मक कल्याण विषय पर उच्च न्यायालय परिसर में पदस्थ अधिकारी/कर्मचारीगण हेतु ऑनलाईन जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में वित्तीय प्रबंधन के विषय विशेषज्ञ के रूप में दिल्ली में प्रोफेसर के रूप में कार्यरत एवं वेल बीइंग शिक्षा फाउण्डेशन की प्रबंध निदेशक डा. नीलम टंडन द्वारा उपस्थित अधिकारी व कर्मचारीगण को विभिन्न वित्तीय पहलुओं की जानकारी देते हुये वित्तीय आवश्यकता को समझाया। डा. नीलम टंडन द्वारा उक्त कार्यक्रम में धन प्रबंधन, वित्तीय लक्ष्यों का चुनाव व उनकी पूर्ति, आपातकालीन समय के लिये निष्चित निधि आदि महत्वपूर्ण विषयों को विस्तार से समझाते हुये धन बचत को प्राथमिकता देने पर जोर दिया, ताकि व्यक्ति अपने जीवन के अहम् लक्ष्यों की पूर्ति की ओर अग्रसर होकर स्वयं और अपने परिवार को सुदृढ करे। माननीय न्यायमूर्ति श्री आनंद पाठक के विचारानुसार उच्च न्यायालय परिसर एक विष्वविद्यालय की तरह भी कार्य करता है, जहां हम प्रतिदिन अपने ज्ञान के सीमाओं को विस्तृत करते हैं। इसी विचार के अनुक्रम में पूर्व में भी दिनांक 21 अक्टूबर, 2024 को ''वित्तीय साक्षरता व विधिक जागरूकता÷ विषय पर माननीय उच्च न्यायालय खण्डपीठ-ग्वालियर में पदस्थ न्यायिक व पुलिस सुरक्षा अधिकारी/कर्मचारीगण के लिये जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया था, जिसमें भी वित्तीय प्रबंधन की विषय विषेषज्ञ डा. नीलम टंडन द्वारा अर्थप्रबंधन के विभिन्न पहलुओं का अच्छी तरह समझाया था। कार्यक्रम के अंत में डा. नीलम टंडन द्वारा उपस्थित अधिकारी व कर्मचारीगण की वित्तीय जिज्ञासाओं का भी यथोचित परामर्ष प्रदान कर निदान किया गया।

# मेरे श्याम खाटू श्याम महानाट्य का मंचन आज

**ग्वालियर।** इस्कॉन, न्यानेश्वरी फिल्म एवं नाट्य संस्थान द्वारा मेरे श्याम खाटू श्याम महानाट्य का भव्य मंचन 30 मार्च को जीवाजी विश्वविद्यालय ग्वालियर के अटल सभागार में किया जाएगा, धर्म के लिए अपना शीश दान देने वाले धर्म योगी एवं भारत के धार्मिक गौरव बाबा खाटू श्याम को समर्पित यह भव्य प्रस्तुति शाम 4:00 बजे से प्रारंभ होगी, यह जानकारी श्री देवेंद्र प्रताप सिंह तोमर ने एक प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से दी है, उन्होंने बताया है कि बाबा खाटू श्याम को समर्पित यह अवतार गाथा महानाट्य इस रूप में भारत में पहली बार प्रस्तुत होने जा रहा है, नाटक का लेखन एवं निर्देशन ग्वालियर के नाट्य निर्देशक प्रशांत चौहान करेंगे, श्री तोमर ने अधिक से अधिक ग्वालियर वासियों एवं सनातन प्रेमियों से इस अवसर पर महानत्य प्रस्तुति देखने के लिए उपस्थित रहने का आग्रह किया है।

# जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत पृथ्वी ताल का जीर्णोद्धार कार्यक्रम आज

**ग्वालियर।** जल गंगा संवर्धन अभियान का आयोजन 30 मार्च से 30 जून, 2025 तक किया जा रहा है। इसी के तहत ग्वालियर में जल गंगा संवर्धन अभियान के शुभारंभ अवसर पर जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन वार्ड 61 एवं 62 खुरैरी में पृथ्वीताल के गहरीकरण के कार्य से किया जा रहा है। इस अवसर पर बडी संख्या में वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन 30 मार्च 2025 को प्रातः 8:00 बजे पृथ्वी ताल पर किया जाएगा। जिसमें जनप्रतिनिधिगण एवं अधिकारी उपस्थित रहेगें।

# रोटरी कैम्प में 12378 लोगों के हुये पंजीयन

**मुरैना,कांस।** 2025/रोटरी मेडीकल मिशन राहत-2 के तहत 29 मार्च को पुलिस परेड ग्राउंड मुरैना में 12 हजार 378 लोगों ने पंजीयन कराये। पंजीयन के दौरान प्रांतो से आये डॉक्टरों ने मरीजों के परीक्षण किये एवं समुचित इलाज दिया। रोटरी के पदाधिकारी डॉ. संजीव बांदिल ने बताया कि 388 जनरल ओपीडी, 6579 मेडीसन, 932 ऑर्थोपैडिक्स, 09 पीडियाट्रिक, 457 ईएनटी, 226 गायनकलॉजी, 119 सरजरी, 11607 ऑपथामॉलोजी, 589 डेंटल, 106 यूरोलॉजी, 26 सायकिएट्री, 15 ऑनकोलॉजी, 570 डरमैटलॉजी, 368, 01 फिजियोंथेरेपी, 538 पुलमोनरी एवं 202 एनसीडी क्लीनिक लोगों ने पंजीयन कराये। इसी प्रकार कार्डियोग्राफी के 1, नेफ्रोलॉजी के 01, ऐंडोक्रोनोलॉजी के 01, आर्टिफीशियल ऑरगन ट्रांसप्लांट के 02, एक्यूप्रेशर के 07 ऑपरेशन किये गये।

# सुख-समृद्धि और शांति की प्राप्ति के लिए भगवान श्री शनिदेव के दर्शन किये और प्रार्थना की

**शनिचरी अमावस्या पर शनिधाम पहुंचे अभी तक लगभग लाख श्रद्धालु, विधानसभा अध्यक्ष एवं प्रभारी मंत्री ने शनि मंदिर पहुंचकर की पूजा-अर्चना, कलेक्टर श्री अंकित अस्थाना तथा सेवानिवृत्त आईएएस एम के अग्रवाल ने किया शनि मंदिर पर अभिषेक, चप्पे-चप्पे पर रहे सुरक्षा के कड़े प्रबंध, श्रद्धालुओं को दर्शन करने में मिली उचित व्यवस्थायें**



**मुरैना,कांस।** शनिचरी अमावस्या पर 29 मार्च 2025 (शनिवार) को मुरैना जिले के ऐंती ग्राम में स्थित प्राचीन शनिधाम मंदिर पर विशाल मेला का आयोजन सम्पन्न हुआ। मेले में लगभग पांच लाख श्रद्धालुओं ने पहुंचकर सुख-समृद्धि और शांति की प्राप्ति के लिए भगवान श्री शनिदेव के दर्शन किये और प्रार्थना की। शनिदेव के दर्शन करने में विधानसभा अध्यक्ष श्री नरेंद्र सिंह तोमर, राजस्व मंत्री श्री करण सिंह वर्मा के अलावा विभिन्न न्यायाधीश तथा गणमान्य नागरिक और राजस्थान, पंजाब, हरियाणा, दिल्ली, छत्तीसगढ़, भोपाल कोटा से भी श्रद्धालु शनि की शरण में पहुंचे। जिला प्रशासन द्वारा की गई माकूल व्यवस्थाओं के चलते श्रद्धालुओं को दर्शन करने में किसी भी प्रकार की कोई परेशानी नहीं हुई। कलेक्टर श्री अंकित अस्थाना के निर्देशन में पुलिस व राजस्व विभाग तथा विभिन्न विभागों के जिला अधिकारी लगातार मॉनीटरिंग करते रहे। पुलिस अधीक्षक श्री समीर सौरव द्वारा पुलिस बल की पर्याप्त व्यवस्थायें की गई थी, जिसमें चप्पे-चप्पे पर सुरक्षा के कड़े प्रबंध किये गये। जिसमें दो पालियों में 500 पुलिस कर्मचारी एवं अन्य राजस्व विभाग 700 कर्मचारियों को तैनात किया गया। विभिन्न विभागों के जिला अधिकारियों ने अलग-अलग क्षेत्रों में कार्यपालिक दण्डाधिकारी के रूप में जिम्मेदारियों का निर्वहन किया। मेले को 4 सेक्टरों में विभाजित किया गया था, जिसमें सेक्टर मजिस्ट्रेट तैनात रहे। समाजसेवी श्री शशी गोयल सहित जिला अधिकारी मेला अवधि के दौरान स्थल पर उपस्थित रहकर व्यवस्थाओं पर नजर बनाये रखे दिखे। मेला में स्काउट गाइड के बच्चों ने बुजुर्ग दर्शानार्थियों का सहयोग करके दर्शन कराके साथ ही भीड़-भाड़ से निकालकर सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया। कलेक्टर श्री अंकित अस्थाना और सेवानिवृत्त आईएएस श्री एम के अग्रवाल ने रात्रि में शनि मंदिर पहुंचकर अभिषेक किया और मंदिर के पट श्रद्धालुओं के दर्शन के लिये खोल दिये गये।

**मेले में स्नानागार की उचित व्यवस्था**

मेले में प्रशासन द्वारा महिला एवं पुरूष स्नानागार की उचित व्यवस्था की गई थी, जिससे महिला एवं पुरूषों के द्वारा अलग-अलग स्थानों पर स्नान किया जा रहा था। नाई जोन प्रशासन ने नाई जोन की उचित व्यवस्था की थी, जिसमें करीब 300 नाईयों को नाईजॉन में बिठाया गया।

**फायर बिग्रेड की उचित व्यवस्था**

प्रशासन द्वारा इस मेले में अलग-अलग स्थानों पर फायर विग्रेड की व्यवस्था की गई। इससे अग्नि दुर्घटनाओं को आसानी से रोका जा सके।

**मेला में भण्डारों की उचित व्यवस्था**

शनि मेंला में भण्डारें लगाये गये, जहां मेले में श्रद्धालुओं ने दर्शन कर भण्डारों में प्रसादी ग्रहण की। सिरसा का भण्डारा लगातार 25वीं वार लगाया गया।

**महिला-पुरूषों को अलग-अलग दर्शन कराने की उचित व्यवस्था**

जिला प्रशासन द्वारा शनि मेला में महिला-पुरूषों को दर्शन करने की उचित व्यवस्था की गई थी। शनि मेला में हरियाणा के वीरभद्र ने बताया कि प्रशासन ने चार चौबंद व्यवस्थायें की है, मैं अन्य मंदिरों पर भी जा चुका हूं, वहां से भी बेहतर व्यवस्थायें मुरैना शनि मंदिर पर पाई गई है।

मुझे किसी भी प्रकार की श्री शनि भगवान के दर्शन करने में कठिनाई नहीं हुई, ऐसा प्रशासन बधाई का पात्र है। वहीं राजस्थान कोटा के रामकरन ने भी शनि मंदिर पर आकर माथा टेका और प्रशासन द्वारा की गई बेहतर व्यवस्थाओं की प्रशंसा की।मेले में पेयजल से लेकर अस्थाई हॉस्पीटल, एम्बूलेंस, डॉक्टर्स, सुरक्षा गार्ड, मार्गदर्शक एवं प्रशासनिक अधिकारी पूरी व्यवस्थाओं पर नजर बनाये रखे हुये थे।

# 29 मार्च को मेगा विधिक सहायता शिविर का आयोजन



**मुरैना,कांस।** राष्टीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली एवं मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के निर्देशानुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकरण मुरैना द्वारा शनिवार को मेगा विधिक सहायता शिविर का आयोजन एस0ए0एफ0 ग्राउण्ड मुरैना में किया गया है। उक्त मेगा विधिक साक्षरता शिविर में माननीय न्यायमूर्ति श्री जितेन्द्र माहेश्वरी, जज सर्वोच्च न्यायालय नई दिल्ली एवं माननीय न्यायामूर्ति श्री चंद्रशेखर, जज राजस्थान उच्च न्यायालय, माननीय न्यायमूर्ति श्री जी.एस. अहलूवालिया, जज मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय एवं पोर्टफोलियो जज मुरैना, माननीय न्यायमूर्ति श्री संजय द्विवेदी, जज मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय, श्रीमती संगीता मदान, प्रधान जिला न्यायाधीश मुरैना के साथ ही अन्य न्यायाधीशों द्वारा विजिट कर जानकारी ली गई। मेगा विधिक साक्षरता शिविर में जिला मुख्यालय मुरैना एवं ग्रामीण क्षेत्र से अधिक से अधिक संख्या में हितग्राही उपस्थित हुए। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के लक्ष्य ÷न्याय आपके द्वार÷ के अन्तर्गत मेगा विधिक साक्षरता शिविर में निःशुल्क कानूनी सहायता प्रदान की गई एवं राष्ट्रीय व राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा संचालित योजनाए संबंधी जानकारी जैसे लोक अदालत, मध्यस्थता, निःशुल्क विधिक सहायता एवं सलाह, अपराध पीड़ित प्रतिकर योजना, वरिष्ठ नागरिको के अधिकार के संबंध में योजना, बच्चो के मैत्रीपूर्ण व्यवहार के संबंध में योजना, मानसिक रूप से अस्वस्थ्य व्यक्तियो के लिए विधिक सहायता योजना के संबंध में उपस्थित व्यक्तियों को जानकारी जिला विधिक सहायता अधिकारी एवं लीगल एड डिफेंस काउंसिल मुरैना, पैरालीगल वालेंटियर एवं पैनल लॉयर द्वारा प्रदान की गई। उपरोक्त शिविर में बडी संख्या में लोग उपस्थित रहे और योजनाओं का लाभ उठाया।

# मेगा विधिक सहायता शिविर का प्रचार को हरी झंडी दिखाई गई



**मुरैना,कांस।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण मुरैना द्वारा जिला न्यायाधीश / अध्यक्ष श्रीमती संगीता मदान प्रधान के मार्गदर्शन में 30 मार्च को मेगा विधिक सहायता शिविर का आयोजन मुरैना एस0ए0एफ0ग्राउण्ड मुरैना में किया जा रहा है। मेगा विधिक साक्षरता शिविर में जिला मुख्यालय मुरैना, तहसील, ताल्लुका, ग्रामीण क्षेत्र से वृद्धजन एवं सभी उम्र के पुरूष व महिलाओं सहित अधिक से अधिक संख्या में लोगों के आने का अनुमान है। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के लक्ष्य ÷न्याय घर-घर पहुँचाना एवं न्याय सबके लिये÷ के अन्तर्गत मेगा विधिक साक्षरता शिविर में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कानूनी सहायता संबंधी जानकारी जैसे लोक अदालत, अपराध पीड़ित प्रतिकर योजना, मध्यस्थता, निःशुल्क विधिक सहायता एवं सलाह एवं नालसा एवं सालसा की समस्त योजनाओं की जानकारी इत्यादि की जानकारी दी जावेगी। शिविर के सफल आयोजन हेतु 28 मार्च को माननीय श्रीमती संगीता मदान, प्रधान जिला न्यायाधीश / अध्यक्ष महोदय जिला विधिक सेवा प्राधिकरण मुरैना द्वारा प्रचार वाहन को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया। उक्त कार्यक्रम में जिला मुख्यालय मुरैना के श्री अजय सिंह, विशेष न्यायाधीश, श्री हितेन्द्र द्विवेदी, प्रधान न्यायाधीश कुटुम्ब न्यायालय, श्री विनय कुमार भारद्वाज, जिला न्यायाधीश, मो. अरशद, जिला न्यायाधीश, श्री चंद्रशेखर जायसवाल, जिला न्यायाधीश, श्री अतुलराज भलावी, जिला न्यायाधीश, श्रीमती चारूलता दांगी, जिला न्यायाधीश, श्री दिनेश सिंह राणा, जिला न्यायाधीश, श्री माधवप्रसाद नामदेव, जिला न्यायाधीश, श्री कमलेश साहू, जिला न्यायाधीश, श्री अंजय सिंह, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट मुरैना सहित मुख्यालय के समस्त न्यायाधीशगण व श्री वृजेन्द्र सिंह भदौरिया, जिला विधिक सहायता अधिकारी, मुरैना उपस्थित रहे। आमजन से अपील है कि उपरोक्त मेगा शिविर में उपस्थित होकर अधिक से अधिक योजनाओं का लाभ उठावे।

# 'विक्रमोत्सव-2025' के अन्तर्गत कोटि सूर्य उपासना कार्यक्रम और सम्राट विक्रमादित्य के जीवन पर केंद्रित नाट्य का मंचन

## 30 मार्च-2025 को मुरैना में पर प्रातः 09:00 से आयोजित किया जाएगा

**मुरैना,कांस।** म.प्र.शासन, संस्कृति विभाग और जिला प्रशासन के समन्वय से ÷विक्रमोत्सव-2025÷ के अन्तर्गत कोटि सूर्य उपासना कार्यक्रम और सम्राट विक्रमादित्य के जीवन पर केंद्रित नाट्य का मंचन 30 मार्च-2025 को मुरैना जिला मुख्यालय पर जीवाजी गंज टाउन हॉल मुरैना पर कृषि मंत्री श्री एंदल सिंह कंसाना के मुख्य अतिथ्य में प्रातः 09:00 से आयोजित किया जा रहा है।







**वीरांगना लक्ष्मीबाई झांसी-बान्द्रा टर्मि. ग्रीष्मकालीन विशेष रेलगाड़ी का संचालन**

भारतीय रेल द्वारा अपने सम्मानित रेल यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए ग्रीष्मकालीन विशेष रेलगाड़ी के संचालन का निर्णय लिया गया है, जिसका विवरण निम्नवत हैः-

गाड़ी संख्याः 02199/02200 वीरांगना लक्ष्मीबाई झाँसी - बान्द्रा टर्मि.(सप्ताहिक) सुपरफास्ट विशेष रेलगाड़ी

| गाड़ी सं. 02199 वीरांगना लक्ष्मीबाई झाँसी - बान्द्रा टर्मि. | | | गाड़ी सं.02200 बान्द्रा टर्मि.- वीरांगना लक्ष्मीबाई झाँसी | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | स्टेशन | आगमन | प्रस्थान |
| ------- | 16:50 | वीरांगना लक्ष्मीबाई झाँसी | 05:00 | ------- |
| 17:09 | 17:11 | दतिया | 03:51 | 03:53 |
| 17:32 | 17:34 | डबरा | 03:15 | 03:17 |
| 18:30 | 18:50 | ग्वालियर | 02:20 | 02:40 |
| 20:23 | 20:25 | शिवपुरी | 23:13 | 23:15 |
| 22:10 | 22:20 | गुना | 21:55 | 22:05 |
| 22:32 | 22:34 | रुठियाई | 20:58 | 21:00 |
| 23:10 | 23:12 | चॉचौड़ा -बीनागंज | 19:58 | 20:00 |
| 23:43 | 23:45 | ब्यावरा - राजगढ़ | 19:30 | 19:32 |
| 03:05 | 03:07 | मक्सी | 18:00 | 18:02 |
| 03:50 | 04:00 | उज्जैन | 16:55 | 17:10 |
| 05:08 | 05:10 | नागदा | 15:43 | 15:45 |
| 06:05 | 06:15 | रतलाम | 14:30 | 14:40 |
| 07:39 | 07:41 | दाहोद | 12:43 | 12:45 |
| 08:55 | 08:57 | गोधरा | 11:53 | 11:55 |
| 10:10 | 10:20 | वडोदरा | 10:21 | 10:31 |
| 11:26 | 11:28 | भरूच | 09:19 | 09:21 |
| 12:28 | 12:33 | उधना | 08:15 | 08:20 |
| 13:38 | 13:40 | वापी | 07:12 | 07:14 |
| 15:14 | 15:17 | बोरीवली | 05:30 | 05:33 |
| 16:10 | ------- | बान्द्रा (टर्मि.) | ------- | 05:10 |

**वीरांगना लक्ष्मीबाई झाँसी सेः** गाड़ी सं. 02199, प्रत्येक (गुरूवार) दिनांक- 03.04.2025 से 26.06.2025, **बान्द्रा (टर्मि.) सेः** गाड़ी सं. 02200, प्रत्येक (शनिवार) दिनांक- 05.04.2025 से 28.06.2025. **गाड़ी संरचनाः** वातानुकूलित तृतीय श्रेणीः 06, स्लीपर श्रेणीः 05, सामान्य श्रेणीः 04, वातानुकूलित द्वितीय श्रेणीः 01, इकोनोमिक कोचः 04

नोट– ट्रेन की समय–सारणी से सम्बन्धित जानकारी हेतु हेल्पलाइन नं0 139 या Rail madad Mobile App या वेबसाइट railmadad.indianrailways.gov.in का प्रयोग करें।

उत्तर मध्य रेलवे

@CPRONCR North central railways www.ncr.indianrailways.gov.in 578/25(DG)



**वीरांगना लक्ष्मीबाई झाँसी-पुणे ग्रीष्मकालीन विशेष रेलगाड़ी का संचालन**

भारतीय रेल प्रशासन द्वारा अपने सम्मानित रेलयात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए निम्नलिखित ग्रीष्मकालीन विशेष रेलगाड़ी के संचालन का निर्णय लिया गया है, जिसका विवरण निम्नवत् है:-

**गाड़ी संख्या 01922/01921 वीरांगना लक्ष्मीबाई झाँसी-पुणे सुपरफास्ट विशेष रेलगाड़ी**

| गाड़ी सं. 01922 वीरांगना लक्ष्मीबाई झाँसी-पुणे | | | गाड़ी सं. 01921 पुणे-वीरांगना लक्ष्मीबाई झाँसी | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | स्टेशन | आगमन | प्रस्थान |
| बुध. | 12:50 | वी. लक्ष्मीबाई झाँसी | 10:00 | शुक्र. |
| 13:53 | 13:55 | ललितपुर | 08:30 | 08:32 |
| 15:18 | 15:20 | बीना | 07:33 | 07:35 |
| 16:20 | 16:22 | विदिशा | 05:30 | 05:32 |
| 17:15 | 17:25 | रानी कमलापति | 04:40 | 04:50 |
| 18:43 | 18:45 | नर्मदापुरम | 03:18 | 03:20 |
| 19:15 | 19:20 | इटारसी | 02:55 | 03:00 |
| 22:21 | 22:23 | खंडवा | 00:42 | 00:45 |
| 00:10 | 00:15 | भुसावल | 22:40 | 22:45 |
| 03:55 | 04:00 | मनमाड. | 20:15 | 20:20 |
| 04:58 | 05:00 | कोपरगांव | 18:58 | 19:00 |
| 06:52 | 06:55 | अहमदनगर | 17:17 | 17:20 |
| 10:03 | 10:05 | दौंड कार्डलाइन | 16:13 | 16:15 |
| 11:35 | गुरु. | पुणे | गुरु. | 15:15 |

**वीरांगना लक्ष्मीबाई झाँसी सेः** गाड़ी संख्या 01922, प्रत्येक बुधवार, दिनांक 09.04.2025 से 25.06.2025, **पुणे सेः** गाड़ी संख्या 01921, प्रत्येक गुरुवार, दिनांक 10.04.2025 से 26.06.2025 **गाड़ी संरचनाः** वातानुकूलित द्वितीय श्रेणी-01, वातानुकूलित तृतीय श्रेणी-04, स्लीपर श्रेणी-06 एवं सामान्य श्रेणी-04

नोटः ट्रेन की समय-सारणी से सम्बन्धित जानकारी हेतु हेल्पलाइन 139 या Rail madad Mobile App या वेबसाइट railmadad.indianrailways.gov.in का प्रयोग करें।

उत्तर मध्य रेलवे

@CPRONCR North central railways www.ncr.indianrailways.gov.in 576/25(ADM)


# ज्यादा से ज्यादा लोगों को शिविर में प्राप्त हो निःशुल्क स्वास्थ्य लाभ-विधानसभा अध्यक्ष

**स्वास्थ्य शिविर में जनमानस के हित के लिये सेवाभाव से कार्य-प्रभारी मंत्री, विधानसभा अध्यक्ष श्री नरेन्द्र सिंह तोमर एवं राजस्व व जिले के प्रभारी मंत्री ने किया राहत 2 स्वास्थ्य शिविर का अवलोकन**



**मुरैना,कांस।** विधानसभा अध्यक्ष श्री तोमर ने पुलिस परेड ग्राउण्ड पर पहुंचकर स्वास्थ्य कैम्प की व्यवस्थाओं का अवलोकन करते हुये कहा कि शिविर में गंभीर बीमारियों का इलाज देश व विदेश से आये बड़े चिकित्सकों द्वारा किया जा रहा है। ज्यादा से ज्यादा लोग इस शिविर में आयें एवं निःशुल्क स्वास्थ्य सुविधाओं का लाभ उठायें। उन्होंने रोटरी के पदाधिकारियों से स्वास्थ्य शिविर के संचालन के संबंध में चर्चा करते हुये अब तक कितने पंजीयन हुये हैं एवं कितनी गंभीर बीमारियों वाले मरीजों को बाहर के रैफर किया गया है उनकी जानकारी ली। उन्होंने बाहर रोटरी में आये चिकित्सकों से भेंट की। उन्होंने कहा कि मैं यह उम्मीद करता हूं कि पहले के स्वास्थ्य शिविरों की तरह यह शिविर भी सफलतापूर्वक पूर्ण होगा एवं ज्यादा से ज्यादा जरूरतमंद लोगों को इस निःशुल्क शिविर का लाभ प्राप्त होगा। प्रदेश के राजस्व मंत्री एवं मुरैना जिले के प्रभारी मंत्री श्री करण सिंह वर्मा ने स्वास्थ्य केन्द्र का अवलोकन किया एवं कार्डियोग्राफी विभाग के ओपीडी में जाकर वहां की व्यवस्थाओं का जायजा लिया एवं चिकित्सकों व मरीजों से भेंट की। उन्होंने कहा कि इस तरह का स्वास्थ्य शिविर जिसमें जनमानस के हित के लिये सेवाभाव से कार्य किया जा रहा है। उन्होंने रोटरी के पदाधिकारियों एवं जिला प्रशासन को इस स्वास्थ्य शिविर के सफलतापूर्वक एवं वृहद संचालन के लिये शुभकमानायें दीं। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य सेवायें देकर हम गरीबों एवं जरूरतमंदों की सेवा कर सकते हैं। विधानसभा अध्यक्ष एवं प्रभारी मंत्री ने शिविर में लगाये सभी विभागों के ओपीडी जिनमें जनरल, मेडीसन, ऑर्थोपैडिक्स, पीडियाट्रिक, ईएनटी, गायनकलॉजी, सर्जीकल, ऑपथामॉलोजी, डेंटल, यूरोलॉजी, सायकिएट्री, ऑनकोलॉजी, डरमैटलॉजी, पलमुनोरी, हिमाटोलॉजी, पेन मेडीसन, कार्डियोग्राफी, एनसीडी क्लीनिक आदि का बारी-बारी से अवलोकन किया। इस अवसर पर सांसद श्री विवेक तन्खा, भाजपा अध्यक्ष श्री कमलेश कुशवाह, समाजसेवी श्री योगेशपाल गुप्ता, कलेक्टर श्री अंकित अस्थाना, सीईओ जिला पंचायत श्री कमलेश भार्गव सहित रोटरी के पदाधिकारी श्री भूपेन्द्र जैन सहित अन्य पदाधिकारी, अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे।





# "विक्रम सम्वत् 2082" भारतीय नववर्ष, सृष्टि आरंभ दिवस एवं गुड़ी पड़वा के पावन पर्व की प्रदेशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं

- डॉ. मोहन यादव, मुख्यमंत्री



नरेन्द्र मोदी, प्रधानमंत्री



मंगुभाई पटेल, राज्यपाल



डॉ. मोहन यादव, मुख्यमंत्री

# विक्रमोत्सव 2025

## 26 फरवरी से 30 जून

| मुख्य अतिथि | अध्यक्षता | गरिमामयी उपस्थिति |
|---|---|---|
| **मंगुभाई पटेल** | **डॉ. मोहन यादव** | **डॉ. अर्जुनराम मेघवाल** |
| राज्यपाल | मुख्यमंत्री | राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार)<br>विधि एवं न्याय, भारत सरकार |


प्रदेश स्तर पर ब्रह्मध्वज स्थापना एवं सम्राट विक्रमादित्य पर केन्द्रित नाट्य प्रस्तुति

वीर भारत संग्रहालय का भूमिपूजन
सायं 5:00 बजे, कोठी महल

रुद्र सागर, लाइट एंड साउंड शो का उद्‌घाटन
सायं 6:30 बजे, श्री महाकाल-महालोक परिसर

**सम्राट विक्रमादित्य हेरिटेज होटल का लोकार्पण**
सायं 6:00 बजे, महाराजवाड़ा परिसर

**30 मार्च, 2025, उज्जैन**



जन सहभागिता से जलस्रोतों को सहेजने के लिए

**जल गंगा संवर्धन अभियान शुभारंभ**

30 मार्च से 30 जून, 2025
सायं 7:00 बजे, क्षिप्रा तट

'जल दूत' के रूप में सहभागिता के लिए mybharat.gov.in पर पंजीयन करायें

D-11218/24

सीधा प्रसारण @Cmmadhyapradesh @jansampark.madhyapradesh | @Cmmadhyapradesh @jansamparkMP | JansamparkMP